ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11 • विक्रम संवत 2079 • गुरुवार, 16 फरवरी 2023 • वर्ष-24 • अंक-17 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



'उड़ जा काले कावां' का नया वर्जन फिल्म...
पेज 12 पर




# वायब्रेंट विलेज पर खर्च होंगे 4800 करोड़

### केंद्रीय कैबिनेट का फैसला, दो लाख सहकारी समितियां होंगी गठित

**एजेंसी। नई दिल्ली**
मोदी कैबिनेट ने बुधवार को कई अहम फैसले लिए। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि देश की सीमाओं को मजबूत करने के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को मोदी सरकार ने मंजूरी दी है। इसके तहत देश की उत्तरी सीमाओं पर बसे गांवों में



इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जाएगा। इसके लिए 4800 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि लद्दाख, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के कुल 19 जिलों के 2966 गावों में सड़क और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा। यह बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम से अलग होगा। उन्होंने यह भी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### आईटीबीपी की बनेगी सात नई बटालियन, क्षेत्रीय हेडक्वार्टर भी बनेगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत-चीन सीमा की सुरक्षा करनेवाली भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की सात नई बटालियन और एक क्षेत्रीय हेडक्वार्टर के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बुधवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि आईटीबीपी की प्रमुख भूमिका भारत-चीन सीमा की निगरानी करना है। इसके लिए वर्तमान में8शेष पृष्ठ 11 पर आईटीबीपी के 176 बीओपी स्थापित किए गए हैं। सीमा पर निगरानी अधिक प्रभावी ढंग से करने की आवश्यकता को देखते हुए कैबिनेट समिति ने जनवरी 2020 में आईटीबीपी के 47 नए बॉर्डर आउट पोस्ट और 12 स्टेजिंग कैंप की स्थापना को मंजूरी दी थी। इन नई सीमा चौकियों और स्टेजिंग कैंप के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

### नए डीजीपी अजय कुमार सिंह ने संभाला कार्यभार

# क्राइम कंट्रोल टॉप प्रायरिटी



### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की शिष्टाचार भेंट

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

**नवीन मेल संवादाता। रांची**
प्रदेश के नए पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने बुधवार को पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि हर तरह के अपराध पर लगाम लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। राज्य में अमन-चैन कायम करने का काम करेंगे। आम नागरिकों को पुलिस की सभी सुविधाएं आसानी से मिले। इस पर अधिक जोर रहेगा। पुलिस विभाग में जो भी समस्याएं आएंगी, उसे दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। विधि व्यवस्था दुरुस्त करने और कानून का राज स्थापित करने पर काम करेंगे।

**नक्सल फ्रंट पर मिली सफलता को आगे बढ़ाएंगे :** पदभार ग्रहण करने के बाद डीजीपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा : राज में कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। नक्सल फ्रंट पर जो बेहतरीन काम पूर्व में हुए हैं उन्हें और भी बेहतर तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा ताकि झारखंड को पूरी तरह से नक्सल मुक्त किया जा सके। झारखंड में साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरा है, ऐसे में इस पर नकेल कसना बेहद जरूरी है। डीजीपी के अनुसार, इस पर पूर्व में भी काम चल रहा है जिसमें लगातार सफलताएं हासिल हुई हैं आगे भी इस काम को जारी रखा जाएगा।

### नक्सल फ्रंट पर हुए हैं बेहतरीन काम

**डीजीपी** अजय कुमार सिंह के अनुसार, नक्सल फ्रंट पर झारखंड में बेहतरीन काम हुआ है। उनकी जिम्मेदारी है कि उस बेहतरीन काम को और भी बेहतर तरीके से आगे अंजाम दिया जाए। इसके लिए वेल प्लान ऑपरेशन के साथ-साथ इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर बड़े अभियानों को संचालित किया जाएगा। डीजीपी के अनुसार, झारखंड में नक्सलियों की धमक पर काफी हद तक काबू पाया जा चुका है, कोशिश यह की जाएगी कि उन्हें पूरी तरह से समाप्त किया जाए या अगर समाप्त नहीं भी कर सके तो उनके ताकत को बिल्कुल शून्य कर दिया जाए।

### पुलिस के आला अधिकारियों के साथ की बैठक

**झारखंड** पुलिस के नए डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पदभार संभालने के बाद देर शाम राज्य पुलिस के सभी विभागों के प्रमुख के साथ बैठक की। डीजीपी ने सीआईडी के द्वारा जांच किए जा रहे प्रमुख केस की जानकारी मांगी। उन्होंने सीआईडी के आईजी असीम विक्रांत मिंज से जाना की सीआईडी में दर्ज कांडों की अद्यतन स्थिति क्या है। प्रमुख केस में उन्होंने तेजी से कार्रवाई का निर्देश भी दिया। वहीं, स्पेशल ब्रांच के अधिकारियों से भी सूचना संकलन, नक्सलियों के गतिविधियों की जानकारी डीजीपी अजय कुमार सिंह ने ली। प्रशिक्षण निदेशालय के अधिकारियों के साथ पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी उन्होंने ली।

## NEWS इन ब्रीफ

### पूजा सिंघल की याचिका ईडी कोर्ट से खारिज

**रांची।** मनी लांड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने रांची के ईडी कोर्ट में याचिका दाखिल कर मामले से जुड़े दस्तावेज मुहैया कराने की मांग की थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी है। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता स्नेह सिंह और अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने पक्ष रखा। अपनी बहस में पूजा सिंघल के अधिवक्ता ने कहा कि चार्ज फ्रेम की प्रक्रिया से पहले उन्हें उनके केस से जुड़े सभी दस्तावेज दिए जाये। इस पर ईडी के विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने कोर्ट को बताया कि फिलहाल इस मामले की जांच जारी है और जितने कागजात आरोपितों को दिये जाने थे, वह दिए जा चुके हैं।

### सीबीएसई 10वीं-12वीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

**रांची।** बुधवार से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं शुरू हो गई। परीक्षा को लेकर रांची में भी कई केंद्र बनाये गए हैं, जहां बच्चों ने परीक्षा दी। बच्चों का कहना है कि उन्होंने मन लगाकर तैयारी की है और वे तनाव मुक्त होकर परीक्षा दे रहे हैं। सीबीएसई की ओर से 15 फरवरी से 5 अप्रैल तक 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं आयोजित की गई है। परीक्षा में लगभग 38 लाख 83 हजार बच्चे शामिल हो रहे हैं। परीक्षार्थियों के लिए 7250 केंद्र बनाए गए हैं।

### अडाणी-हिंडनबर्ग मुद्दे पर कल सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट हिंडनबर्ग रिपोर्ट के मद्देनजर अडाणी समूह की कंपनियों के खिलाफ जांच की मांग करने वाली एक कांग्रेस नेता की याचिका पर विचार करने के लिए बुधवार को सहमत हो गया। कोर्ट ने साथ ही जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और एसबीआई द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों के एफपीओ में भारी मात्रा में सार्वजनिक धन का निवेश करने की भूमिका की जांच करने पर भी सहमति जताई। पीठ ने इस मामले की सुनवाई के लिए फिर 17 फरवरी यानि शुक्रवार की तारीख तय कर दी।

### बंद टॉयलेट में मिला नरकंकाल, सनसनी

**सरायकेला।** चार महीने से बंद टॉयलेट में एक नर कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। कंकाल के पास से टोपी और मिले कपड़ों से कयास लगाया जा रहा है कि यह कंकाल किसी पुरुष का है। घटना के बारे में जो बातें सामने आई उसके अनुसार सरायकेला के कांड्रा थाना के गिद्दी बेड़ा टोल के पास ट्रक पार्किंग स्थल पर ड्राइवरों के लिए टॉयलेट बनाया गया है। यह टॉयलेट बीते चार महीने से बंद पड़ा है। वहां रहनेवाले लोगों ने आज इस बात की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

# पलामू में पत्थरबाजी



**पलामू में महाशिवरात्रि पर बने तोरण द्वार विवाद में भिड़े दो गुट** | **दोनों पक्षों के दर्जनों लोगों के साथ कई पुलिसकर्मी घायल** | **धारा 144 लागू, इंटरनेट सेवा बंद, पांकी छावनी में तब्दील** | **डीसी- एसपी कर रहे कैंप, पुलिस गिरफ्त में चार उपद्रवी**

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**
जिले के पांकी इलाके में महाशिवरात्रि पर बने तोरण द्वार विवाद में दो गुट बुधवार को आपस में भिड़ गए। दोनों गुटों के बीच जमकर पथराव हुआ। पेट्रोल बम भी फेंके गए। घटना में दोनों ओर से दर्जनों लोग घायल हुए हैं। बीच-बचाव करने गए पुलिस के जवान भी जख्मी हुए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद वरीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके अलावा पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा खुद मौके पर पहुंचकर कैंप कर रहे हैं। पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। मौके पर अतिरिक्त बल को भेजा गया है। इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। जानकारी के अनुसार इस घटना में दो घरों और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सोशल मीडिया ने बिगाड़ा माहौल

**तोरण** द्वार के विवाद को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से माहौल को बिगाड़ा गया। मंगलवार की रात से ही सोशल मीडिया में विवाद को लेकर आपत्तिजनक मैसेज वायरल हो रहे थे। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने मौके पर लोगों से शांत रहने की अपील की है। लेस्लीगंज एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने बताया कि कई थानों की पुलिस मौके पर परिस्थिति को संभाले हुए हैं। मौके पर पांकी इंस्पेक्टर अरुण कुमार महथा और थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। पांकी के अगल-बगल के इलाके से भी बड़ी संख्या में पुलिस बल को भेजा गया है।

### शांति बनाए रखने की अपील

**दो** समूहों के बीच में हुए विवाद के बाद उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाते पाये जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, विवाद से उत्पन्न विधि-व्यवस्था की स्थिति शांतिपूर्ण एवं नियंत्रण में है। प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस के पदाधिकारी दल-बल के साथ स्थल पर कैंप कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# कृषि बाजार शुल्क के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

### अनिश्चितकाल के लिए खाद्यान्न व्यापार बंद

### फल-सब्जी मंडियों, राइस फ्लोर मिलों समेत अन्य खाद्यान्न सेवा प्रदाताओं का भी मिला समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में कृषि विपणन विधेयक के विरोध में बुधवार से अनिश्चितकाल के लिए खाद्यान्न व्यापार बंद है। इसके विरोध में फल-सब्जी मंडियों, राइस फ्लोर मिलों समेत अन्य खाद्यान्न सेवाओं का भी समर्थन मिला। अलग-अलग क्षेत्र के व्यापारियों की कुल संख्या लगभग एक लाख है, जिन्होंने विधेयक के विरोध में व्यापार बंद रखा।
विरोध में जगह-जगह व्यापारियों ने रैली और प्रदर्शन किया। अपर बाजार में खाद्यान्न व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार से विधेयक वापस लेने की मांग की गयी। इसके बाद व्यापारियों ने पंडरा बाजार समिति में भी विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अपर बाजार, पंडरा बाजार समिति, हरमू फल सब्जी दुकानें, डेली मार्केट फल विक्रेताओं ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखी। बंद को आलू-प्याज विक्रेता संघ, हरमू बाजार समिति, डेली मार्केट, हरमू फल मंडी, चुटिया फल मंडी, राइस फ्लोर मील एसोसिएशन का समर्थन है। इस दौरान राजधानी रांची समेत अन्य जिलों में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# तिहरे हत्याकांड के पांच दोषियों को फांसी की सजा

**चाईबासा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला की अदालत ने बुधवार को तिहरे हत्याकांड में पांच दोषियों को फांसी की सजा सुनाई। सजा पाने वालों में बंदगांव थाना के पोडोगेर गांव निवासी इलियास डहांगा उर्फ बांका, दाउद डहांगा, इलियास डहांगा, केमबा डहोगा उर्फ बिलली और मारकस डहांगा शामिल हैं। इन लोगों के खिलाफ बंदगांव थाना प्रभारी सुबोध सिंह ने 10 नवम्बर, 2021 को मामला दर्ज किया था। बसंती डहांगा ने नौ नवम्बर को थाना में लिखित आवेदन दिया था कि उसके पिता सलीम डहांगा, मां बेलानी डहांगा और छोटी बहन रहिल डहांगा कई दिनों से लापता हैं। छानबीन के दौरान पता चला कि गांव के इलियास डहांगा, दाउद डहांगा, इलियास डहोगा, केमबा डहांगा और मारकस डहांगा ने साथियों के साथ मिलकर तीनों की हत्या की है।

## घोटाला कार्डधारियों को नहीं मिला पीएमकेजीएवाई का मुफ्त राशन

# पलामू में हजारों क्विंटल खाद्यान्न की हेराफेरी

### गोदाम प्रबंधक द्वारा एक साथ खाद्यान्न नहीं दिया जाता डीलरों को

**अजय कुमार पांडेय। मेदिनीनगर**
पलामू जिले में सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का खाद्यान्न में गोदाम प्रबंधकों द्वारा व्यापक पैमाने पर हेराफेरी करने का मामला प्रकाश में आया है। सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और एनएफएसए का खाद्यान्न आवंटित किया जाता है। किंतु दोनों खाद्यान्न कुछेक गिने-चुने डीलरों को आवंटित किया जाता है। शेष खाद्यान्न हेराफेरी कर दी जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार गत सितम्बर माह में खाद्यान्न आवंटन में कटौती की गई थी। जिससे 50 प्रतिशत खाद्यान्न कुछेक डीलरों को हीं दिया गया। अक्टूबर माह में नावाबाजार प्रखंड



के डीलरों को खाद्यान्न नहीं दिया गया। नावाबाजार के एक माह का आवंटन लगभग 2500 क्विंटल बताया जाता है। अक्टूबर माह का खाद्यान्न भी सभी डीलरों को नहीं दिया गया। खाद्यान्न की कालाबाजारी कर दी गई। नवम्बर माह का खाद्यान्न पीएमकेजीवाई और एनएफएसए का शत-प्रतिशत खाद्यान्न डीलरों को वितरण के लिए आवंटित किया गया। वहीं, गत दिसम्बर माह का मुफ्त राशन पीएमकेजीवाई डीलरों को नहीं मिला। पूरा का पूरा खाद्यान्न गायब हो गया। 15 फरवरी गुजर जाने तक अभी तक नावाबाजार के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को जनवरी माह का खाद्यान्न नहीं दिया गया है।
जानकारी के अनुसार गत अक्टूबर और दिसम्बर माह का खाद्यान्न लगभग पांच हजार क्विंटल राशन की कालाबाजारी कर दिए जाने की बात सामने आ रही है। पांच हजार क्विंटल खाद्यान्न का बाजार मूल्य लगभग 10 लाख रुपए बताया जा रहा है।
हालांकि, उपायुक्त ए. दोड्डे के आने के बाद खाद्यान्न वितरण करने में गड़बड़ी करनेवाले जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अभी तक दर्जनों जन वितरण प्रणाली दुकानदारो के उपर एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। बावजूद राशन वितरण में अनियमितता थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस संबंध में नावाबाजार गोदाम प्रबंधक प्रभू राम ने बताया कि खाद्यान्न का आवंटन लॉग इन नहीं रहने के कारण जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को नहीं किया जा सका है।

# शिवरात्रि पर बाबा मंदिर में वीआईपी दर्शन पर प्रतिबंध

### जिला प्रशासन ने सभी से सहयोग की अपील की

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**
महाशिवरात्रि पर देवघर के बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिकोण से वीआईपी दर्शन पर संपूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी से सहयोग की अपील की है। इस संबंध में डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलार्पण एवं पूजा-अर्चना के लिए वीआईपी दर्शन या आउट ऑफ टर्न दर्शन की सुविधा प्रदान नहीं की जायेगी। इस संदर्भ में जिला प्रशासन की ओर से आम जनों एवं सभी श्रद्धालुओं से आग्रह होगा कि वे जिला प्रशासन का सहयोग करें एवम बाबा बैद्यनाथ मंदिर में वीआईपी या आउट ऑफ टर्न सुविधा का अनुरोध न करें।

### हाईकोर्ट पहुंचे सांसद निशिकांत दुबे

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में सांसद निशिकांत दुबे ने बुधवार को देवघर में शिव बारात के आयोजन के दौरान धारा-144 लागू करने के खिलाफ जनहित याचिका दाखिल की है। इसमें उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा शिव बारात को लेकर धारा-144 लगाए जाने का विरोध करते हुए इस आदेश को निरस्त करने का आग्रह किया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं पार्थ जालान पैरवी करेंगे। उल्लेखनीय है कि देवघर में एसडीओ दीपांकर चौधरी ने आदेश जारी कर महाशिवरात्रि के दिन पूरे देवघर अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। साथ ही शिव बारात निकालने को निर्धारित रूट के संबंध में आदेश जारी किया है। इस पर सांसद निशिकांत दुबे भड़क गये हैं।

# उपचुनाव को लेकर गठबंधन की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर यूपीए के आला नेताओं की अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो की की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक बेहतर रणनीति बनाई गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यूपीए के आला नेताओं से रामगढ़ उपचुनाव के सियासी



समीकरण के मद्देनजर बिंदुवार चर्चा की तथा पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी मैदान में उतरने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गठबंधन के सभी नेताओं को एकजुटता दिखाते हुए एक बार फिर रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में जीत का परचम लहराने का मंत्र दिया। मौके पर गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रचार-प्रसार से लेकर अन्य मुख्य बिंदुओं चर्चा की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक में उपस्थित यूपीए के सभी आला नेताओं तथा रामगढ़ विधानसभा के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे कार्यकताओं से कहा कि वे रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहें। सभी कार्यकर्ता एकजुट रहे तथा बूथ स्तर तक गठबंधन के प्रत्याशी की जीत के लिए अपना दमखम लगाएं। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर, मंत्री श्री आलमगीर आलम, मंत्री श्री बादल पत्रलेख, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह राज्य समन्वय समिति के सदस्य श्री विनोद पांडेय, श्री फागु बेसरा, पूर्व विधायक श्री योगेंद्र महतो, श्री सुप्रियो भट्टाचार्य, श्री अभिषेक प्रसाद ₹पिंटू₹, श्री संजीव बेदिया, कांग्रेस नेता श्री शहजादा अनवर, श्री केशव महतो कमलेश, राजद के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सिंह यादव, झा.मु.मो. के रामगढ़ जिलाध्यक्ष श्री विनोद किस्कू, जिला सचिव श्री विनोद महतो सहित पार्टी के अन्य नेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुरेश्वर महादेव मंदिर में 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केतारी बागान, चुटिया, रांची स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर में पहली बार महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन होना है। मंदिर प्रबंधन से जुड़े महासचिव संतोष कुमार ने बुधवार को मंदिर परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 18 फरवरी को धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा। वर्ष में 2022 में 8 मई को मंदिर में बाबा भोले नाथ के शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी। इस नाते आयोजन समिति को पहली बार मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के भव्य और ऐतिहासिक आयोजन का मौका मिल रहा है। इस दिन सुबह 4 बजे भगवान भोले नाथ का रुद्राभिषेक किया जायेगा। इसके बाद व्यवस्थित तरीके से भक्त भी जलार्पण कर सकेंगे। संध्या काल में महाआरती के बाद शिव बारात निकलेगी जो महादेव मंडा होते राम मंदिर तक जायेगी। इस मंदिर में ही माता पार्वती और शिवजी का विवाह संपन्न होगा। मौके पर आयोजन समिति से जुड़े राजेश गुप्ता छोटू, कृष्णा साहू, रंजीत राम समेत अन्य भी उपस्थित थे। संतोष कुमार ने बताया कि शिव बारात में घोड़ा नाच होगा। साथ ही कानपुर और इंदौर से आने वाले कलाकार भव्य झांकी पेश करेंगे। ढोल मांदर और तुरतुरी बजाते बारात राम मंदिर जायेगी। स्काई इवेंट के कलाकार भगवान भोले नाथ और मां पार्वती का रूप धरे अपने सहयोगी कलाकारों के साथ सजे हुए ट्रेलर में एक से एक झांकी पेश करेंगे।

### बेड़ो में पांच दिवसीय एसएसपी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# बच्चे खूब पढ़ें और खूब खेलें भी

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो के महादानी मैदान में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत रांची पुलिस के तत्वाधान में बुधवार को पांच दिवसीय प्रखंड स्तरीय एसएसपी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मारकर किया। उद्घाटन मैच हरिहरपुर जामटोली बनाम केशा पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें दोनों ही टीम बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए बराबरी पर रही। जहां पेनल्टी शूटआउट में जामटोली की टीम ने 3-1से मैच जीत लिया। मौके पर विधायक ने कहा कि यह प्रतियोगिता पुलिस पब्लिक के बीच आपसी सदभावना स्थापित करने के लिए आयोजित की गई है। आप लोग खेल को खेल की भावना से खेलें और मन में किसी भी प्रकार का द्वेष ना रखें। उन्होंने कहा कि शिक्षा तथा खेल समाज



और गांव को आगे ले जाता है, इसलिए शिक्षा तथा खेल के महत्व को समझते हुए अपने बच्चों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं डीएसपी रजत मणिक बाखला ने कहा युवा अपने व्यक्तिगत, पारिवारिक व सामाजिक कार्यों से बचे समय का उपयोग खेल व सकारात्मक कार्यों में लगाए। खेल के माध्यम से वह अपना भविष्य बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए बताया कि हमें कभी भी नशे की हालत में वाहन नही चलाना चाहिए, वाहन चलाते समय कभी भी फोन पर बात नही करनी चाहिए। बाइक चलाते समय हेलमेट तथा गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाना चाहिए । हमें कभी भी बाइक पर दो से अधिक सवारी बैठाकर नहीं चलना चाहिए। हमें कभी भी गलत तरीके से ओवरटेक नहीं करना चाहिए। चौराहों पर लाल बत्ती का भी ध्यान रखना चाहिए तथा दाएं अथवा बाएं मुड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग करना चाहिए की जानकारी दी। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर बीडीओ डा प्रवीण कुमार सीओ सुमंत तिर्की थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता, समेत कई लोग मौजूद थे। वहीं प्रतियोगिता को सफल बनाने में अनमोल टोप्पो, प्रकाश उरांव, अनिल एक्का, सुबोध कच्छप, शिवा मुंडा, विशाल तिर्की,फूलदेव कच्छप, रोहित उरांव,हिमांशु एक्का व छोटू टोप्पो आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा



रांची। मांडर थाना अंतर्गत कंदरी चौक के पास अनियंत्रित होकर एक पलटा गया। ट्रक में सवार किसी व्यक्ति को चोट नहीं पहुँची।ट्रक के पलटने से घंटो जाम की स्थिति बनी रही।सड़क पर आने जाने वाले बड़े वाहनों एवं छोटे वाहनों को काफी कठिनाईका सामना करना पड़ा। घटना संध्या 5 बजे कि बतायी जा रही है। मांडर पुलिस ने क्रेन मंगवा कर वाहन को सड़क किनारे कर यातायात व्यवस्था सुचारु किया।

# सियासी जमीन तलाश रही है झारखंड कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी के लिए अब कम समय बचा है। ऐसे में भाजपा और उसकी सहयोगी आजसू पार्टी जहां अपनी 12 संसदीय सीट बचाने पर जोर दे रही है, वहीं इनका लक्ष्य प्रदेश की सत्ता को दोबारा पाना भी है। दूसरी तरफ कांग्रेस भी प्रदेश में खुद की सियासी जमीन तलाशने और जनाधार मजबूत करने की जुगत में है। इसके लिए पार्टी का अब शहरी इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों पर विशेष जोर है। इसी कड़ी में कांग्रेस अब अपने हर कार्यक्रमों को सुदूर इलाकों से शुरू कर रही है। देखा जाए, तो आमतौर पर पार्टी के सभी कार्यक्रम शहरी इलाकों से शुरू होती थी। भारत जोड़ो यात्रा और हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत सुदूर इलाकों क्रमशः खूंटी के उलिहातू और साहिबगंज के बड़हरवा प्रखंड के श्रीकुंड गुमानी से की गयी। 2019 के चुनावों में पार्टियों को मिले वोट प्रतिशत को देखें, तो भाजपा दोनों ही चुनावों में अन्य पार्टियों से काफी आगे थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत 50 प्रतिशत से ज्यादा था। जिसकी बदौलत एनडीए (भाजपा और आजसू) 14 संसदीय सीटों में से 12 सीट जीतने में सफल रही। चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत केवल 15 प्रतिशत के करीब था। पार्टी केवल एक ही सीट चाईबासा जीतने में सफल रही। विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सत्ता से भले ही बाहर हो गयी, लेकिन वोट प्रतिशत में अन्य पार्टियों से वह काफी आगे थी। भाजपा का वोट प्रतिशत करीब 33 प्रतिशत था। वहीं, कांग्रेस का करीब 14 प्रतिशत था। राष्ट्रीय पार्टी होने के नाते प्रदेश कांग्रेस का ध्यान फिलहाल लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन को लेकर है। सूत्रों की मानें, तो इसके लिए पार्टी ने ग्रामीण इलाकों में ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क करने का मन बनाया है।

# राज्यपाल के सम्मान में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में आज राज्य सरकार की ओर से माननीय राज्यपाल श्री रमेश बैस के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित की गई। भावपूर्ण वातावरण में राज्यपाल रमेश बैस को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, झारखंड, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, मंत्री जोबा मांझी, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख ने सप्रेम पुष्पगुच्छ भेंटकर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल रमेश बैस की धर्मपत्नी रामबाई बैस उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कल्पना सोरन



ने रामबाई बैस को सप्रेम बुके भेंटकर उनको भावभीनी विदाई दी। मौके पर माननीय राज्यपाल रमेश बैस ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह, विधायक श्री प्रदीप यादव, श्री मथुरा महतो, सुदिव्य कुमार, उमाशंकर अकेला, राजेश कच्छप, राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कई विश्वविद्यालयों के कुलपति, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव, सचिव, महाधिवक्ता, पुलिस विभाग के वरीय अधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## किसानों को मिलेगा 43.85 लाख रुपये

**रांची।** रांची जिले के 1253 किसानों के बैंक अकाउंट में 43.85 लाख रुपये जाएगा। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि भुगतान करने का निर्देश रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने दिया। प्रत्येक लाभुक को 3500 रुपये की दर से भुगतान होगा। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि देने के लिए श्रेणी ‘क’ में कुल 1132 लाभुकों और श्रेणी ‘ग’ में कुल 121 लाभुक की मंजूरी दी गई।

# प्रखंड कमेटी की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

आज बुधवार के दिन रामडेरा हिरण पार्क के समीप झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगामी 18 एवं 19 फरवरी को महाशिवरात्रि के उपलक्ष में शहीद निर्मल महतो झारखंड मेला के सफल आयोजन हेतु विचार विमर्श किया गया और मुख्य अतिथि के रूप में दुमका विधायक सह केंद्रीय युवा मोर्चा अध्यक्ष झामुमो माननीय बसंत सोरेन को आमंत्रित किया गया एवं आगामी 20 और 21 फरवरी को होने वाले सिल्ली विधानसभा अंतर्गत सोनाहातु प्रखंड के लांदूपडीह गांव में होने वाले दो दिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री माननीय जगरनाथ महतो, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद माननीय डॉक्टर महुवा मांजी, तमाड़ विधायक माननीय विकास मुंडा , झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम , जिला सचिव डॉक्टर हेमलाल मेहता ,जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली प्रभारी रामानंद बेदिया आदि का जोरदार स्वागत सिल्ली बुढाम में करने का निर्णय लिया गया। मौके पर झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, उपाध्यक्ष अमित कुमार महतो, सुभाष महतो, प्रवीण महतो, अनिल बेदिया, संतोष साहू, संयुक्त सचिव अजीत कुमार महतो, अशोक कुमार महतो, संगठन सचिव द्वारिका महतो, कार्यालय प्रभारी पांडे महतो, प्रखंड प्रवक्ता फखरुद्दीन राय, वरिष्ठ कार्यकर्ता मधुसूदन महतो, फागू बेदिया, परमेश्वर हजाम, उपेंद्र महतो, भोंदू सिंह नायक, शिवचरण मुंडा, प्रकाश महतो, मनोज चौधरी, आसिम राय आदि दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित हुई।

## आज निशान पूजन आयोजित किया जायेगा



रांची। फाल्गुन की इस पावन अवसर पर आज श्री श्याम मण्डल के तत्वावधान में श्री श्याम मण्डल रांची द्वारा श्री श्याम मन्दिर में कृष्ण पक्ष की एकादशी के शुभ अवसर पर एकादशी संकीर्तन व खाटू धाम ( राजस्थान ) में पवित्र निशान ( ध्वजा ) अर्पित किए जाने वाले निशान पूजन आयोजित किया जायेगा।

# रनरेट के आधार पर सेमीफाइनल में पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीएयू मैदान पर खेली जा रही मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच के आखिरी दिन प्लेयर ऑफ द मैच अमित सिंह की विस्फोटक पारी की बदौलत शंख ने खरकई को 6 विकेट से हरा दिया। अमित ने 34 गेंदों में 7 चौके और 6 छक्के की मदद से नाबाद 73 रन बनाए। पहले खेलते हुए खरकई ने निर्धारित ओवरों में 4 विकेट खोकर 144 रन बनाए। वेटरन बल्लेबाज सतीश और राकेश 45-45 रन बनाकर नाबाद रहे। शंख ने विजयी लक्ष्य 13वें ओवर में पा लिया। अमित के अलावा राजीव ने भी 38 रन का



योगदान दिया। प्रवीण मिश्रा ने 3 विकेट लिए। हार के बावजूद ग्रुप इ से बेहतर नेट रन रेट के आधार पर खरकई की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। सकरी पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। दिन के दूसरे रोमांचक मुकाबले में अमानत ने स्वर्णरेखा को 14 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रूपेश के 28 और अमित सिंह के 25 रन की बदौलत अमानत ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 129 रन बनाए। विमल और जावेद ने दो दो विकेट लिए। 130 रन का विजयी लक्ष्य का पीछा करती हुई स्वर्णरेखा की टीम 9 विकेट खोकर मात्र 115 रन ही बना पाई। मनीष ने 27, लाल दिवाकर ने 18 और जावेद ने 13 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच राजेश सिंह ने 4 विकेट लिए जबकि अमित को 2 विकेट मिला।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता पर सड़क मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

चान्हो चौक से बिजुपाड़ा तक समुदायिक पुलिसिंग योजना के तत्वाधान मे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सड़क मार्च का आयोजन किया गया।चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार ने इस कार्यक्रम के लिए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को विशेष रूप से आमंत्रित किया था।विधायक के इस कार्यक्रम की खबर के साथ ही कॉग्रेसी कार्यकताओं में इस कार्यक्रम में शामिल होने की लहर दौड़ गई। जैसे ही चान्हो से मार्च करते हुए थाना क्षेत्र के लोग बिजुपाड़ा चौक पहुंचे और एक सभा का आयोजन किया गया।विधायक ने सामुदायिक पुलिसिंग के बारे मे विस्तृत जानकारी दी और कहा कि राँची पुलिस का हमेशा प्रयास रहा है कि जनता पुलिस के सम्मुख निर्भयता से अपनी बात रख पाए।आज ग्रामीण किसी भी परेशानी में पुलिस को सूचित करती है और उसे तत्काल सुरक्षा प्रदान करने में राँची पुलिस खड़ी मिलती है।थाना प्रभारी रंजय कुमार ने भी कहा कि चान्हो प्रखंड की प्रबुद्ध जनता पुलिस परिवार का महत्वपूर्ण अंग बनकर हमेशा साथ देते आई है और हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि वो सदा सहयोग करते रहेगी।

**महापर्व**

## मनोज कुमार सिंह बने महावीर मण्डल के अध्यक्ष

# 23 पंचायतों में झांकियां निकलेंगी

**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**

श्री महावीर मंडल केन्द्रीय समिति नामकुम की बैठक बुधवार को नामकुम बाजार स्थित रामनवमी मेला अखाड़ा में महावीर मंडल केंद्रीय समिति रांची के अध्यक्ष अध्यक्ष जय सिंह यादव मुख्य अतिथि उपस्थित में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बरगांवा कि मुखिया अनीता तिर्की व संचालन महावीर मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने किया। बैठक को मनोज कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि मेला में नामकुम प्रखण्ड के सभी 23 पंचायतों झांकिया निकाली जाती है। जिसमें जोरार, तेतरी टोली, करम टोली, बरगावा, सिदरौल, पतरा टोली, तेतरी, नया टोली,, सिरखा टोली, सहित आसपास के दर्जनों गांव से अखाड़ा,जुलूस, झांकी आता है।



लगभग सभी अखाड़े से सदस्य उपस्थित भी हुए हैं। हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त मेला में आते हैं। मुख्य अतिथि के रूप मे केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि जो भी जरूरत मंडल को हरसंभव मदद के साथ-साथ शांति के साथ धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ समिति की ओर से मनोज कुमार सिंह को महावीर मंडल केन्द्रीय समिति नामकुम का अध्यक्ष मनोनित किया। इसके साथ साथ ही गत वर्ष के समिति को पुनः नवीकरण का निर्णय सर्वसमिति से लिया गया। इस दौरान उन्होंने महिला सेना को भगवा साड़ी देने का आश्वासन दिया। बैठक को मंत्री, केंद्रीय समिति दीपक ओझा, सागर कुमार, हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साहू ऊर्फ बबलू टाइगर, अनिल वर्मा, प्रभु दयाल बड़ाइक, बिरसा पाहन, शारदा देवी ने अपने विचारों को रखा। सभी उपस्थित सदस्यों ने रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। इसके साथ ही संबंधित विभागों को पानी, विद्युत, साफ सफाई, हेतु समिति की ओर से पत्र देने का भी निर्णय हुआ। इसी क्रम में महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष रहे विद्यानंद सिंह एवम सदस्य रहे कंचन सिंह, पंचायत समिति सदस्य के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन बीकू सिंह ने किया। बैठक में मंटू राय, प्रमोद एक्का, शंकर गोप, रूपा चैहान, बबलू सिंह, चंद्रशेखर शर्मा, संपत कुमार, प्रदीप राम, महावीर नायक, राधा देवी सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सैमफोर्ड अस्पताल में पिता का फ्री हुआ इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के प्रतिष्ठित सैमफोर्ड अस्पताल ने फ्री इलाज कर एक मरीज की जान बचायी है। दरअसल बोकारो निवासी सहदेव यादव को सीने में दर्द की शिकायत के बाद 12 फरवरी को सैमफोर्ड अस्पताल लाया गया। उनकी हालत गंभीर थी और वे बार-बार बेहोश भी हो रहे थे। डॉक्टरों ने परिजनों को पेसमेकर लगाने की बात कही। इलाज का खर्च 2 लाख रुपये बताया। परिवार भी इसपर सोच में पड़ गये।चूंकि सहदेव यादव का बेटा जम्मू-कश्मीर में तैनात है। जब पिता की हालत के बारे में फोन गया। इलाज का खर्च 2 लाख जानकर अस्पताल प्रबंधन से कुछ छूट देने को कहा। जिसपर सैमफोर्ड अस्पताल प्रबंधन ने मरीज का फ्री में इलाज करने का निर्णय लिया। फिर सहदेव यादव को पेसमेकर लगाया गया और अब वे स्वस्थ हैं। सैमफोर्ड अस्पताल के डॉ। दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि मरीज के बेटे का फोन आया। तो सेना को सम्मान देते हुए उनका इलाज पूरी तरह से बिना पैसे लिए ही किया गया। डॉक्टर ने कहा कि जो देश सेवा में लगे हुए हैं और जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, उनको हम जैसे लोगों से जो भी मदद बन सकती है, वह करते रहना चाहिए। डॉक्टर दीपक ने बताया कि सहदेव यादव को कोरोनरी एंजियो और स्थायी पेसमेकर सफलतापूर्वक लगाया गया है।

कार्यालय: वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल, गुमला
वन भवन, - गुमला 835207
Mob:-8987790115 (Office)
Email:-forest-gumla@jharkhandmail.gov.in

आवश्यक सूचना

श्री सुखदेव राम, सेवानिवृत प्रधान लिपिक, ग्राम–भदौली, पो0–सिसई, थाना–सिसई, जिला–गुमला, झारखण्ड आपको इस कार्यालय के पत्रांक 1516 दिनांक 26.07.2022, पत्रांक 1547 दिनांक 30.07.2022, पत्रांक 1656 दिनांक 10.08.2022, दिनांक 13.09.2022, दिनांक 17.10.2022 एवं दिनांक 04.11.2022 के दैनिक समाचार पत्रों द्वारा पेंशन प्रपत्र Online समर्पित करने हेतु निर्देश दिया गया था। किन्तु अब–तक आपके द्वारा अपना पेंशन प्रपत्र Online समर्पित नहीं किया गया है, जो अत्यंत ही खेदजनक है, जिसके कारण आपका पेंशन/उपादान की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव महालेखाकार झारखण्ड, राँची को नहीं भेजा जा सका है।

अत: पुन: आपको दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से सूचित किया जाता है कि समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से तीन दिनों के अन्दर प्रमंडलीय कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पेंशन प्रपत्र Online करायें। अन्यथा आपके द्वारा दायर वाद सं0 W.P. (S) No. 977 of 2022 के क्रम में इसकी सूचना माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची को भेज दी जायेगी।

वन प्रमंडल पदाधिकारी
गुमला वन प्रमंडल, गुमला

PR 290368 Forest, Environment and Climate Changes (22-23)_D

# शिव बारात के मौके पर दिखेंगी जीवंत झाकियां

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। बुधवार को श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर रांची का शिवरात्रि को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन पहाड़ी मंदिर परिसर मे किया गया ।विगत दो वर्षों के बाद पहाड़ी बाबा की बारात शहर पूरे शहर मे भ्रमण के लिए निकलेगा, माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी द्वारा शिव पार्वती के आरती के बाद पहाड़ी मंदिर मुख्यद्वार से शिव बारात निकल कर गाड़ीखाना चौक, अपर बाजार, जेजे रोड, शहीद चौक, फिरायालाल चौक से होते हुए महावीर चौक,रातू रोड होते हुए श्री विश्वनाथ शिव मंदिर पिस्कामोड़ जाएगी,जहाँ शिव -



पार्वती जी का पूरे सनातनी विधि विधान से विवाह कराया जाएगा। इस वर्ष की सारी झाकियां जीवंत होगीं जिसमे शिव-पार्वती जी, राधा-कृष्ण जी का स्वरूप एवं भूत- पिचास मुख्यरूप से होंगे। शिव बारात में शिव तांडव एवं काली तांडव मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा जिसमें 21 लड़कियां काली रूप मे काली तांडव करेंगी। ढोल, नगाड़े, ताशे एवं गाजेबाजे के साथ भव्य एवं विशाल पहाड़ी बाबा का बारात निकलेगा जो पूरे शहरवासियों के मन को मोह लेगा। आज प्रेसवार्ता के उपरांत महाकाल का भव्य श्रृंगार,बाबा का हल्दी एवं महाआरती किया गया जिसमे सैकड़ो की संख्या में महिला शिव भक्त एवं महासमिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

**आज के प्रेसवार्ता में मुख्यरूप से :** महासमिति के मुख्यसंरक्षक पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, संरक्षक सुमित सिंह, संयोजक दीपक लाल,अध्यक्ष राजेश साहू, प्रवक्ता बादल सिंह मिडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा दीपक नन्दा,संजय कुमार, राजकुमार तलेजा, गगन कुमार, राजू काठपाल, जीतू अरोड़ा, गुलशन मिधा, कार्यकारी अध्यक्ष सह मंच संचालक भोलू सिंह , पिया बर्मन, संजना शर्मा, कुमकुम गुप्ता, उर्मिला चौधरी आदि शिव भक्त मौजूद रहे ।यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा ने दी है।

## यात्रियों को लेकर हटिया स्टेशन से रवाना हुई ट्रेन

**रांची।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना ट्रेन बुधवार को हटिया स्टेशन से बुजुर्ग और सांस्कृतिक सम्मान के तहत रवाना हुई। इस ट्रेन को हरी झंडी झारखंड टयूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक अंजली यादव ने दिखाई। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन 1000 मुस्लिम बुजुर्ग यात्रियों को अजमेर शरीफ, फतेहपुर और आगरा जैसे धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन कराएगी। यह ट्रिप एक सप्ताह की है, जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से चयनित 60 वर्ष से ज्यादा के बीपीएल परिवार के बुजुर्गों को पर्यटन विभाग की तरफ से निःशुल्क यात्रा कराई जा रही है। उन्हें इस यात्रा में खाने-पीने, घूमने की निःशुल्क सुविधा दी गई है।

# समिति के लोगों ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददपाता। रांची**

बुधवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर रांची के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 18 फरवरी 2023 को महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले श्री शिव बारात में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री शिव बारात आयोजन महासमिति के प्रतिनिधिमंडल से श्री शिव बारात के आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर, रांची के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, संरक्षक सुमित सिंह, कलाकार प्रभारी राम सिंह, शिव बारात प्रभारी गगन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बिल्डिंग निर्माण से जुड़े मामले में फैसला सुरक्षित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने बुधवार को जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर यूनियन ऑफ इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस डिफेंस की याचिका की सुनवाई के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। अब मामले की सुनवाई 16 मार्च को होगी। प्रतिवादी चैलिश रियल स्टेट की ओर से सुमित गड़ोदिया ने पक्ष रखा। केंद्र सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार एवं अधिवक्ता प्रभात कुमार सिन्हा ने पैरवी की। मामले में सेना की ओर से कहा गया कि जिमखाना की जमीन पर जो मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बन रहा है वह सेना की जमीन के बगल में है। नियम के अनुसार सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेना की जमीन से 50 मीटर की दूरी पर बिल्डिंग का निर्माण कार्य होना चाहिए था। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सेना की ओर से जिस गाइडलाइन का हवाला दिया जा रहा है वह वर्ष 2022 का है, जो इसमें अप्लाई नहीं होता है। इसमें वर्ष 2016 का गाइडलाइन अप्लाई होता है, जिसमें कहा गया है कि सेना की जमीन से 10 मीटर की दूरी पर किसी बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो सकता है, जो बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो रहा है वह सेना की जमीन से 45 मीटर से ज्यादा दूरी पर है।

# मनरेगा आयुक्त ने की योजनाओं की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा की। वित्तीय वर्ष 2021-22 में लंबित स्वीकृति की जिलावार समीक्षा की गयी। यह बात सामने आयी कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए दिये गये लक्ष्य में से 10881 लाभुकों को आवास प्लस सूची से आवास की स्वीकृति प्रदान किया जाना है लेकिन आवास प्लस की सूची में अयोग्य एवं ड्यूप्लिकेट जॉब कार्डधारी के कारण अब तक 100 प्रतिशत स्वीकृति का लक्ष्य



प्राप्त नहीं हो पाया है। मनरेगा आयुक्त ने जिलावार इसकी समीक्षा की और निर्देश दिया कि दो दिनों के अंदर आवास प्लस सूची से अयोग्य लाभुकों को हटा दिया जाये। आयुक्त ने जिला एवं प्रखंडवार रिमांड की जानेवाली सूची को अंतिम रूप देने को कहा है। आयुक्त ने कहा कि किसी भी हाल में योग्य लाभुकों को आवास की स्वीकृति प्रदान की जाये, जो जिला एवं प्रखंड स्वीकृति नहीं दे पायेंगे उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

## राष्ट्रीय रेस वॉक जज सेमीनार सह परीक्षा हुआ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवम झारखंड एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में 13 से 15 फरवरी तक रांची में राष्ट्रीय रेस वॉक जज सेमीनार सह परीक्षा भी ग्रेडिंग के साथ संपन्न हो गया, सेमीनार में झारखंड के 11 तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साथ उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, नई दिल्ली, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु समेत विभिन्न राज्यों से कुल 91 तकनीकी पदाधिकारियों ने भाग लिया। विदेशों जजों खु चोंग बैंग (मलेशिया), सान गोलेघर (आयरलैंड), हामिद (संयुक्त अरब अमीरात) की देख रेख में 10वीं राष्ट्रीय रेस वॉक चैंपिनशिप में दो दिनों तक प्रायोगिक परीक्षा के लिए मॉक ड्रिल किया गया एवम सेमीनार में नए नए बदलाव के बारे में ज्ञान अर्जित कर लिखित परीक्षा दी परिणाम स्वरूप ग्रेडिंग किया गया।

## राज्यपाल से मिले मुख्य सचिव



**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस से बुधवार को राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राजभवन में मुलाकात की। राजभवन सूत्रों ने बताया कि मुख्य सचिव की यह शिष्टाचार मुलाकात थी। इस अवसर पर राज्यपाल को उन्होंने एक पुस्तक भी भेंट की।

## हर्षोल्लास से घुरती टुसू मेला हुआ संपन्न

**रांची।** सोनाहातू। पंच परगना के प्रसिद्ध सतीघाट टुसू का घुरती मेला बुधवार को हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। मेले में वक्ताओं ने कहा कि हमें अपनी लोक सांस्कृतिक विरासत बचाने की जरूरत है। इस दौरान कई महिला मंडली के दल टुसू गीत गाते हुए मेला परिसर पहुंचे और स्वर्णरेखा नदी में टुसू विसर्जित किया। बच्चों ने मेला परिसर में लगे झूला, मौत का कुआं आदि का आनंद लिया।

# बीआईटी मेसरा में कार्यक्रम का समापन



नवीन मेल संवाददाता। रांची

बीआईटी मेसरा में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। कार्यक्रम दो भागों में आयोजित किया गया था। प्रथम भाग कम्प्यूटर आधारित था। दूसरा भाग घरेलू कचड़े या फिर बेकार साबित हो गई उन वस्तुओं को पुनः साज सज्जा के लिए तैयार करना था। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। केंद्र की निदेशक डॉ. वंदना भट्टाचार्य ने कहा कि आज के युवाओं की प्रतिभा को अगर प्रोत्साहित किया जाए तो हम कचड़े का भी उपयोग घर और समाज को सुंदर बनाने में कर सकते है। प्रथम पुरस्कार विजेता ऋषि बोस और शेखर कुमार, दूसरा पुरस्कार अरुणिमा और तियारा को एवं तृतीय पुरस्कार प्राची कुमारी को मिला। कम्प्यूटर आधारित कार्यक्रम में प्रथम स्थान अदिति राव वर्मा,तेजल राज को मिला। इनको पुरस्कृत डॉ. आशुतोष मिश्रा और डॉ. अनीश हैदर ने किया। इस आयोजन में सोयायटी की अध्यक्ष भब्या रंजन ने सहयोग किया।

# होली के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन छह को

**नवीन मेल संवादाता। रांची**

होली का त्योहार आते ही चारों ओर रंगों का उमंग दिखाई देने लगता है। लोग होली के पहले ही रंगों में रंगने लगते हैं। हर कोई रंग गुलाल में रंगा हुआ नजर आने लगता है। खासकर बच्चों में पहले से ही फुचकारी में रंग भरकर लोगों को होली का अहसास दिलाने लगते हैं। चाहे वह बड़े हों या बुजुर्ग किसी का भेदभाव नहीं रहता है। इस अवसर पर कवियों का का दिल होली के मौके पर तरह-तरह की कविताएं निकलने लगती हैं। रांची के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में होली के अवसर पर छह मार्च को हास्य कवि सम्मेलन- 2023 का आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन आयोजन समिति रांची के तत्वावधान में यह कार्यक्रम का आयोजित किया गया है। इसके लिए ललित कुमार पोद्दार को




कार्यक्रम का संयोजक नियुक्त किया गया है। कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन, सचिव पवन पोद्दार, कार्यक्रम संयोजक ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बुधवार को संयुक्त रूप से कहा कि कोरोना काल के कारण विगत दो वर्षों से समिति की ओर से हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन नहीं हो पाया था। इस वर्ष छह मार्च को कई सुप्रसिद्ध हास्य कवियों का जमावड़ा मारवाड़ी भवन में लगेगा। उन्होंने कहा कि हास्य कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध हास्य कवि अरुण जैमिनी, सुरेश अलबेला, केसरदेव मारवाड़ी, विनीत चौहान, राव अजातशत्रु, कवित्री गौरी मिश्रा सहित अन्य कई कवि भाग ले रहे हैं। सभी कवियों ने अपने हास्य रस, वीर रस की कविताओं एवं हास्य व्यंग्य के शैलियों से लोगों को खूब हंसाते हुए पूरे देश में ख्याति प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि समिति ने हास्य कवि सम्मेलन की तैयारियां शुरू कर दी है।

## आरामदायक होगा वास्को द गामा एक्सप्रेस

**रांची।** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 17321/17322 वास्को द गामा जसीडीह-वास्को द गामा एक्सप्रेस ट्रेन के पारंपरिक रेक को एलएचबी कोच रेक में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों में पारंपरिक कोच रेक को एलएचबी कोच में बदला जा रहा है। एलएचबी रेक के कोच पहले की तुलना में ज्यादा आरामदेह हैं। इसमें सीट, चार्जिंग पॉइंट, पंखे एवं ब्रेक प्रणाली पहले की तुलना में ज्यादा उच्च गुणवत्ता के हैं। ट्रेन में जनरेटर यान का 2 कोच, सामान्य श्रेणी के 2 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 2 कोच, वातानुकूलित 3-टियर इकोनॉमी के 4 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 5 कोच और वातानुकूलित 2-टियर के 4 कोच समेत कुल 19 कोच होंगे। ट्रेन संख्या 17321 वास्को द गामा जसीडीह एक्सप्रेस ट्रेन 12 मई से से पारंपरिक रेक के स्थान पर एलएचबी कोच रेक में परिवर्तित हो कर वास्को द गामा से चलेगी।

## झारखंड पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन का हुआ गठन

# विजय कुमार दत्त बनें कार्यकारिणी अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बुध विहार हरमू स्थित शुभ गौरी अपार्टमेंट मे पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के कार्यालय मे कमेटी की प्रांतीय बैठक विजय कुमार दत्त की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कमेटी के चयन कमेटी के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ० शिवाजी प्रसाद के सलाह पर कमेटी का नाम बदलकर झारखंड पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन किया गया, बैठक में सर्वसम्मति से झारखंड पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन में विजय कुमार दत्त को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। तथा अप्रैल माह तक पूरे स्टेट कमिटी का गठन कर सभी पदाधिकारियों की घोषणा करने का अधिकार दिया गया। बैठक में खेल निर्देशक सुगंध नारायण एवं कमेटी के सीईओ सुनील कुमार विश्वास उपस्थित थे उन्होंने कहा



कि झारखंड के सभी जिलों में एसोसिएशन का गठन किया जाएगा। एवं इस एसोसिएशन के तहत ही पारा के सभी खेलों का आयोजन कराया जाएगा। बैठक में भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप ,राष्ट्रीय पैरा ओलंपिक चैंपियनशिप का आयोजन शीघ्र होगा। जिसमे झारखंड के पारा खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतिभागियों के नामों की घोषणा आगामी दिनों में सुनिश्चित कर दिया जाएगा। जिलों में जिला स्तरीय सभी पैरा खेलों के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने का कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। सीए मनीष कुमार ने एसोसिएशन को आश्वस्त किया की वह एक कमेटी बनाएंगे जिसमें सदस्य अपने- अपने स्तर पर झारखंड पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के लिए स्पॉन्सरशिप एवं फंड की व्यवस्था करेंगे। बैठक में खिलाड़ी एवं प्रतिभागी हरिलाल ने बताया की हरियाणा के प्रतिभागी जो कि तीसरे स्थान पर था उसे सरकार द्वारा जीवन यापन हेतु सरकारी नौकरी दी गई पर झारखंड प्रथम स्थान पर होते हुए भी झारखंड सरकार द्वारा अभी तक कोई भी पहल नहीं की गई है। विजय कुमार दत्त ने कहा कि एसोसिएशन इसमें उनको अपना पूर्ण सहयोग करेगा तथा सरकार से बात करेगा। उक्त जानकारी देते हुए कमेटी के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक में सदस्यों ने कमेटी के नाम के बदलाव का स्वागत करते हुए एसोसिएशन के नव मनोनीत कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार दत्त को बधाई देते हुए एसोसिएशन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने में हर संभव मदद एवं सहयोग प्रदान करने का विश्वास दिलाया। बैठक में- बैडमिंटन एसोसिएशन के स्टेट को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल, नीरज भट्ट, संजय सर्राफ, आदि उपस्थित थे।

**महोत्सव** 17 फरवरी से खेल महोत्सव का होगा आयोजन

# खेल में आगे बढ़ने का मिलेगा मौका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के सांसद संजय सेठ एवं ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों के द्वारा बुधवार को खेल महोत्सव के निमित्त मेडल ट्रॉफी टी-शर्ट लॉन्च किया गया सांसद सेठ ने प्रेस को बताया खेल महोत्सव, रांची लोकसभा क्षेत्र का भव्य दिव्य और ऐतिहासिक महोत्सव बनने वाला है। 17 फरवरी से 19 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के 3000 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में 6 प्रकार के खेलों से जुड़ी प्रतिस्पर्धा होगी, इसमें बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वुशु, तीरंदाजी, योगासन और कबड्डी को शामिल किया गया है। सभी प्रतियोगिताएं बहुत ही रोचक होंगी और इसके लिए अलग-अलग टीमें



भी तैयार कर ली गई है। 3 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में 650 से अधिक मेडल और ट्रॉफी प्रतिभागियों को दिए जाएंगे। तीन दिवसीय महोत्सव के लिए 3087 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में रांची लोकसभा क्षेत्र के 17 प्रखंड और 53 वार्डों का प्रतिनिधित्व होगा। लगभग 200 पंचायतों से खिलाड़ियों की सहभागिता होगी। 17 फरवरी को कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन दोपहर 3:00 बजे केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी के हाथो संपन्न होगा। वहीं केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा जी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और केंद्रीय खेल राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। खेल के नामी खिलाड़ियों के द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित की जाएगी जो लगातार तीन दिन तक यह मशाल प्रज्ज्वलित रहेगी 12 स्कूल के बच्चों के द्वारा बैंड द्वारा सारे जहां से अच्छा हिंदू सीता हमारा की धुन पर गीत प्रतियोगिता की जाएगी जिस स्कूल के बच्चे अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा तथा उस स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी उद्घाटन समारोह 2 घंटे का होगा। सांसद सेठ ने रांची के सभी स्कूलों के प्रबंधक से अपील करते हुए कहा इस खेल महोत्सव अपने बच्चों को अवश्य भेजें ताकि आने वाले दिनों में इन बच्चों में भी खेल की भावना जागृत हो और खिलाड़ियों का भी उत्साहवर्धन होगा उन्होंने राज्य की जनता से अपील करते हुए कहा ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस खेल महोत्सव में भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करें झारखंड से जुड़े हमारे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, जिन्होंने झारखंड को प्रेरणा दी है।

## टेली मानस की टीम ने रिम्स का किया दौरा

**रांची।** झारखंड टेली-मानस की टीम ने बुधवार को रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) का दौरा किया। हीमोफिलिया फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं हीमोफिलिया सोसाइटी रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं के छात्रों, उनके माता-पिता, अन्य व्यक्तियों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के प्रति जागरूक बनाने एवं संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए, मानसिक स्वास्थ्य का महत्व और टेली मानस उनके लिए कैसे मददगार हो सकता है, इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही बच्चों और अभिभावकों को परीक्षाओं के दौरान अपनी चिंता और तनाव को नियंत्रित करने के बारे में भी बताया। विभिन्न चेतावनी संकेतों, आत्म जागरुकता, रचनात्मक सोच और निर्णय लेने के बारे में भी बताया गया।

# रांची में 10वीं राष्ट्रीय रेस वॉक चैंपियनशिप का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवं झारखंड एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 14 से 15 फरवरी तक रांची के मोराबादी में 10वीं राष्ट्रीय रेस वॉक चैम्पियनशिप का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हो गया ।जिसमें विदेशी जज खु चोंग बैंग (मलेशिया),सान गोलेघर (आयरलैंड), हामिद (संयुक्त अरब अमीरात) समेत अन्य भारतीय जजों द्वारा जगिंग किया गया। एवम रांची में वॉक के अनुकूल वातावरण के परिणाम स्वरूप दो दिनों में कुल 05 राष्ट्रीय रिकार्ड बने। वहीं खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता राधा कृष्ण नायर, नरेंद्र सिंह सैनी, डा प्रभात शंकर , एस बी आई के बी एन झा, कल्याण चटर्जी ने किया विभिन्न रेस वॉक को हरी झंडी दिखाकर उदघाटन किया।

वहीं विजेता खिलाड़ियों को खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता राधा कृष्ण नायर, नरेंद्र सिंह सैनी, किरण रानी,प्रभाकर वर्मा समेत अन्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया तथा विदेशी जज खु चोंग बैंग (मलेशिया), सान गोलेघर (आयरलैंड), हामिद (संयुक्त अरब अमीरात), द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता राधा कृष्ण नायर, ए. एफ. आई. क्नवेनर सतीश उचिल को मेमेंटो प्रदान किया गया।

**दूसरे दिन के परिणाम :** 35 किमी वर्ग। रामबाबू (उत्तर प्रदेश) -2 घंटा 31 मिनट और 36 सेकेंड- नया राष्ट्रीय रिकार्ड।।- जुनेद (हरियाणा) - 2 घंटा 36 मिनट और 04 सेकेंड नया राष्ट्रीय रिकार्ड, |||- चंदन सिंह ( उतराखंड) 2 घंटा 36 मिनट और 55 सेकेंड, 35 किमी महिला वर्ग, ।- मंजू (पंजाब) -2 घंटा 57 मिनट और 54 सेकेंड- राष्ट्रीय रिकार्ड, ।। पायल (उत्तराखंड) -3 घंटा 05 मिनट और 43 सेकेंड] ||| - बंदना पटेल (उत्तर प्रदेश) 3 घंटा 11 मिनट और 35 सेकेंड में। इस अवसर पर झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सह भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष मधुकांत पाठक, सचिव सी डी सिंह, यू हरिदास, के ए जाय, दिनेश जायसवाल, उदय सिंह मुन्ना, डॉ प्रभात शंकर, एस के पाण्डे, प्रभाकर वर्मा, बिनोद कुमार, शशांक भूषण सिंह अनवर हुसैन समेत अन्य उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता सेनानी शहीद तेलंगा खड़िया जयंती की समीक्षा बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
शहीद तेलंगा खड़िया के जयंती अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में मनायी गयी थी, जयंती तेलंगा खड़िया स्मारक समिति ,खड़िया सहित्य समिति, अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलोओ, तेलंगा विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में धूमधाम से मनायी गयी। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता महासोहोर पात्रिक कुलकांत और तेलंगा स्मारक समिति के सचिव लिबनुस टेटे ने किया। साथ ही तेलंगा खड़िया बस स्टैंड में शहीद तेलंगा की मूर्ति को स्थापित करने की बात कही गयी। सभी बुद्धिजीवी वर्ग इसके लिए प्रबुद्ध है। इस बैठक में जयंती में हुए कमी बेसी पर चर्चा की गयी। साथ ही समाज को प्रेरित करने वाले सभी सदस्यों को आखिल भारतीय खड़िया महाडोकलोओ महासोहोर पी कुलकांत और नगर अध्यक्ष पुष्पा के द्वारा सभी को खड़िया गमछा और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उनकी कुर्बानी सिर्फ कुर्बानी ही नहीं अपितु मार्गदर्शक भी है । सभी झारखण्डवासियों को उनकी श्रद्धा में तस्वीर घर में रखना चाहिए। जयंती को लेकर खड़िया समिति ने सभी खड़िया समुदाय के लोगों से आग्रह किया है कि आने वाले समय वे सभी एक साथ आये। शहीद के जयंती काफी अच्छा रहा। वीर शहीद तेलंगा खड़िया जन्मोत्सव की समीक्षा बैठक में आखिल भारतीय खड़िया महाडोकलोओ के अध्यक्ष पात्रिक कुलकांत,महाडोकलोओ के पूर्व अध्यक्ष फ्रांसिस कुल्लू, तेलंगा खड़िया स्मारक समिति के अध्यक्ष मतियस कुल्लू,सचिव लिबनुस टेटे ,खड़िया सहित्य समिति के अध्यक्ष प्रफुल्ल किड़ो', मीडिया प्रभारी ब्रीसियुस सोरेंग, शशि सोरेंग, विवेक केरकेट्टा,तेलंगा विकास समिति के अध्यक्ष सुमन कुल्लू ,नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू,अजित कुल्लू, दयाल,जिप सदस्य शांतिबाला,यस बोलबा के संस्थापक रवि रोशन सोरेंग,ग्लोरिया,इंदुरानी किड़ो,गांव के लोग भी मौजूद थे।इसके साथ ही खड़िया समाज के कई लोग बैठक में भाग लिये थे।

## वाईबीएन विवि. में नवगठित समिति की बैठक



**रांची।** आज वाईबीएन विश्वविद्यालय के मीटिंग हॉल में डीएसडब्लू डॉ. अर्पणा शर्मा की अध्यक्षता में सांस्कृतिक व खेल एवं पुस्तकालय और छात्रवृत्ति समिति कि बैठक संपन हुई। वाईबीएन विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक व खेल एवं पुस्तकालय और छात्रवृत्ति समिति के नवगठित सदस्यों की पहली बैठक वाईबीएन विश्वविद्यालय के मीटिंग हॉल में हुई। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमे मुख्यतः एस ए सी (छात्र गतिविधि केंद्र) पर चर्चा,वाईबीएन विश्वविद्यालय के वार्षिक खेलों, वाईबीएनयू /स्कूल/कॉलेजों के पुस्तकालय में छात्रों के लिए सुविधाओं पर चर्चा, छात्रों के लिए छात्रवृत्ति पर चर्चा, अन्य विविध मुद्दे,पर चर्चा मुख्य थे। बैठक के बाद डॉ. अर्पणा शर्मा ने कहा कि सभी विषयों पर बारीकी से चर्चा हुई कुछ बातें सामने निकल कर आई है जिसके निष्पादन के लिए मैनेजमेंट से बात कर निकट भविष्य में तुरंत उसका निष्पादन किया जाएगा। बैठक में डीएसडब्लू डॉ. अर्पणा शर्मा, डॉ सुस्मिता महापात्रा, डॉ प्रीति कुमारी, ई. मुक्ति सरकार, डॉ श्यामदेव गोंड,मिस्टर आर एन बिरंचि, संगीता गोप, निशा कुमारी,माधुरी घोष,सुमन किस्पोट्टा,अंजू कुमारी, धर्मेंद्र कुमार ठाकुर, सुमन कुमारी, जया मिंज, प्रदीप्ता नायक, अनिशा दत्ता, परमेश्वर महतो, शेरोन बुराह, सौरव कुमार, सुरुचि गुप्ता, राजकुमार कौशल, मुख्या रूप से उपस्थित थे।

## एटक का महासम्मेलन आयोजित




**टंडवा।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक) का जोनल स्तरीय सम्मेलन बुधवार को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध कोल परियोजना के कुंडी में हुआ। जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार व उपाध्यक्ष सीता सोरेन पहुंचे। सम्मेलन शुभारंभ होने के पश्चात मंच पर मौजूद वक्ताओं ने मजदूर हितों को लेकर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बोरा से कोयला बेचकर पेट पालने वाले स्थानीय लोगों पर प्रबंधन द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाती है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है, जबकि सीसीएल प्रबंधन इसे स्वीकार नहीं करती। वहीं जामा विधायक सीता सोरेन ने अपने संबोधन में सीसीएल प्रबंधन पर स्थानीय व कामगारों के शोषण पर असंतोष जाहिर किया।

## बिजली बिल में गड़बड़ी की शिकायत

**सिमडेगा।** कोरकोटजोर के ग्रामीणों ने विधायक भूषण बाड़ा को ज्ञापन देकर बिजली बिल में गड़बड़ी की शिकायत की है। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि बिजली विभाग द्वारा अंधाधूंध बिजली बिल भेजा जा रहा है। कई ग्रामीण के घर में तो बिजली कनेक्शन तक नहीं लगा है। इसके बावजूद विभाग द्वारा 15 हजार से लेकर 16 हजार तक का बिजली बिल थमा दिया गया है। बिजली बिल का इतनी बड़ी रकम अचानक थमा दिए जाने से ग्रामीणों की निंद उड़ गई है। इस पर विधायक ने तत्काल विभाग के कार्यपालक अभियंता से दूरभाष के माध्यम से बात कर मामले की जानकारी दी। साथ ही तत्काल मामले का समाधान करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही की शिकायत हमेशा मिलते रहती है।

## विधायक ने कोलेबिरा के गांवों का दौरा किया

# शीघ्र दूर होगी लोगों की सभी समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
बुधवार को कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत रैसिया पंचायत के श्रीकोंडेकेरा तथा शाहपुर पंचायत के शाहपुर,चायाटोली,डीपाटोली आदि गांवों में दौरा किया।दौरा के दौरान विधायक ने विभिन्न स्थानों की सामस्याओं जैसे श्रीकोंडेकेरा के आर सी प्राथमिक विद्यालय की जर्जर स्थिति,चायाटोली से डीपाटोली होते हुए सड़क की स्थिति तथा उन गांवों में पेयजल आपूर्ति योजना तथा बिजली से संबंधित समस्या का मुआयना किया। मौके पर ग्रामीणो ने अन्य व्यक्तिगत समस्या बताया जैसे मनरेगा से भूमि समतलीकरण योजना तथा बिजली से संबंधित समस्या के संबंध में बताया कि विद्युत विभाग के द्वारा डीपाटोली गांव में केवल मीटर दिया गया है। अभी तक बिजली के नाम पर कुछ



नहीं लगाया गया है अन्य गांव जैसे गुंडरीटोली तथा जितियाटोली छप्परटोली गांव में बिजली बिल आ रहा है लेकिन ट्रांसफरमर खराब है। बार-बार विभाग को आवेदन दिया गया है। लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हो रही है तथा अन्य सामाजिक समस्या को विधायक ने सुना तथा स्थितियों को देखा। विधायक ने सभी समस्याओं को देखते हुए कहा की सभी समस्याओं को जल्द से जल्द अपने मद तथा जिला योजनाओं तथा अन्य सरकारी योजनाओं से दूर किया जाएगा। वहीं जिला के पदाधिकारियों प्रखंड के बीडीओ तथा अन्य विद्युत विभाग तथा पेयजल विभाग, कृषि विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश देकर दूर कराया जाएगा तथा आने वाले विधानसभा सत्र में सभी मेरे क्षेत्र की समस्यायों को खत्म करने के लिए सरकार से मांग तथा सवाल करते हुए सभी समस्याओं को दुर कराया जाएगा। आपलोग जागरूक रहें कौन सी समस्या कहां से दूर किया जा सकता है। उसके बारे भी जानें विकास के लिए मुखिया पंचायत समिति जिला परिषद तथा अन्य विभाग भी है उनसे भी मिलकर भी अपनी समस्याओं को बताएं सबकी समस्याओं को दूर जरुर होगी।

## सक्षम ग्राम पंचायत पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कोलबिरा।** बुधवार को प्रखंड सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष की अध्यक्षता में द्वीप प्रज्वलित कर पीरामल फाउंडेशन के द्वारा आकांक्षी जिला नीति इंडिकेटर में सुधार के लिए सक्षम ग्राम पंचायत पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा सक्षम ग्रामपंचायत तथा उसके मजबूतीकरण को लेकर अपने विचार व्यक्त किया गया। इस कार्यशाला में पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर दीपशिखा कुमारी ने पीरामल फाउंडेशन द्वारा जिले में चलाए जानेवाले कार्यक्रम के बारे में बताया तथा प्रोग्राम लीडर ताराचंद्र ने सक्षम ग्राम पंचायत के अंतर्गत शामिल शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य योजना के बारे में प्रजेंटेशन के द्वारा विस्तार पूर्वक बताया। जिसके अंतर्गत पंचायत में कार्यशील स्कूल, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य उपकेंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा इन्हें संचालित करने वाली समितियों के बारे में बताया तथा इन समतिओं में पंचायत के भूमिका के बारे में बताया। सक्षम ग्राम पंचायत के तहत सिमडेगा प्रखंड के 6 पंचायत अघरमा, रैसिया, कोलेबिरा, तुतिकेल, नवाटोली आदि के सहयोग से कार्य किया जाएगा।

# जनजातीय स्वधर्म जागृति सम्मेलन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
बुधवार को चैनपुर के दुर्गा मंदिर प्रांगण में जनजातीय स्वधर्म जागृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चैनपुर डुमरी एवं जारी प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में सरना एवं सनातन धर्म के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत चैनपुर प्रखंड के महिलाओं ने कार्यक्रम में उपस्थित तमाम अतिथियों का तिलक लगाकर एवं भगवा गमछा ओढा कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम से पूर्व चैनपुर के खिलाड़ी सुब्रतो मुखर्जी कप विजेता विक्की कुमार साहू रजत कुजुर, एवं फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप के खिलाड़ी सुधा अंकिता तिर्की को मेडल मोमेंटो और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद चैनपुर डुमरी एवं जारी प्रखंड से आये सभी बैगा पहनो को भगवा गमछा ओढा कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख अनिल ठाकुर के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख (झारखंड-बिहार ) अनिल ठाकुर ने कहा कि जनजातीय स्वधर्म जागृति सम्मेलन कार्यक्रम की परिकल्पना स्वामी दिव्यज्ञान जी ने की थी। उनकी परिकल्पना पर आज यह कार्यक्रम चैनपुर में किया जा रहा है इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच में धार्मिक चेतना को जागृत करते हुए सरना और सनातन धर्म को एक धागे में पिरोए रखना। आज इस क्षेत्र के सरना धर्म के लोगों को जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। सरना धर्मावलंबियों को जागरूक होने की आवश्यकता है। सरना एवं सनातन समाज अपने हितों को लेकर संगठित हो तभी हम धर्म की रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरना आदिवासी समाज के लोग एक समय में राजा हुआ करते थे मगर आज वन वन में भटकने को मजबूर है आदिवासियों को संगठित होने की आवश्यकता है आज एक आदिवासी महिला देश की राष्ट्रपति बनी है कल प्रधानमंत्री भी बन सकती है इसके लिए जागरूकता की आवश्यकता है। वहीं उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के लोगों को डायन बिसाही कह कर सोसित किया जाता है यह कभी नहीं होना चाहिए।

# रिंकी देवी हत्या मामले के खिलाफ सड़क जाम

## गावां में वार्ता करने पहुंचे अधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांवा डोरंडा मेन रोड में मंगलवार को मिले विवाहिता रिंकी देवी के शव से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने दूसरे दिन बुधवार को गांवा के चिहुटिया मेन रोड को जाम कर दिया। इस दौरान सड़क जाम में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शव का क्रियाकर्म करने के बजाय आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल में ही शव रखकर सड़क जाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया की रिंकी देवी की हत्या साजिश के तहत किया गया है. पूरा मामला भी स्पष्ट है। लेकिन आरोपियों को पुलिस पकड़ नहीं रही। ग्रामीणों द्वारा किए गए सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जानकारी मिलने के बाद बीडीओ और पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर आक्रोशित ग्रामीणों से वार्ता किया। भरोसा दिलाया कि जल्द ही दोषियों को पहचान कर पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## सेन्हा में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित खेल प्रांगण में पाँच दिवसीय स्वर्गीय नन्दलाल प्रसाद साहु मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट आयोजन किया गया। मौके पर खेल प्रतियोगिता के संरक्षक सह मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रसाद तथा आयोजन कमिटी के अध्यक्ष जयनाथ साहु,नेसार अहमद तथा प्रखण्ड क्षेत्र के कांग्रेसियों द्वारा स्व साहु के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। खेल प्रारम्भ करने से पहले राष्ट्रीय गान के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल आरम्भ कराया गया। आयोजित प्रतियोगिता में लोहरदगा व गुमला जिला क्षेत्र से 32 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रसाद साहु ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा की खेल को खेल की भवना से खेलें और निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करें खेल एकता और आपसी भाईचारा से रहने का सिख देता है। आज खेल के माध्यम से खिलाड़ी गण बुलंदियों को छू रहे हैं।

# दो लाख की एक्सपायरी दवाएं गड्ढे में फेंकी गईं

## प्रमुख ने की उपायुक्त से जांच की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**
चतरा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी में स्वास्थ्य कर्मियों की बड़ी लापरवाही बुधवार को सामने आई। इटखोरी प्रमुख प्रिया कुमारी ने इटखोरी स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करने के दौरान लगभग दो लाख के एक्सपायरी दवा केंद्र के पीछे जेसीबी मशीन से गड्ढा खोद कर नष्ट करते देख। इस संबंध में प्रमुख ने स्वास्थ्य कर्मी से पूछी तो बताया गया कि यह 2006 का एक्सपायरी दवा है। लेकिन जब दवा को निकाल कर देखा तो 2020 और 2022 की एक्सपायरी दवा निकली। वहीं पत्रकारों को प्रमुख ने बता कि यह विभाग और यहां के वरीय पदाधिकारी की लापरवाही है, यहां के सरकार स्वास्थ्य केंद्र को लाखों की दवा भेजती है, लेकिन दवा स्वास्थ्य केंद्र में रखे-रखे एक्सपायर हो जाती है और फिर गड्ढा में डालकर नष्ट कर दिया जाता है। स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करवाने गरीब जनता पहुंचती है तो दवाई उन्हें मुहैया नहीं हो पाती। प्रमुख ने आगे बताया कि इसलिए स्वास्थ्य केंद्र में इतनी बड़ी लापरवाही के लिए उपायुक्त से जांच कर कार्रवाई करने की मांग करती हूं।

## श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर का 22 वां वार्षिकोत्सव मना

**लोहरदगा।** स्थानीय गुदरी बाजार में 15 फरवरी 2002 ईस्वी में स्थापित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का 22 वां वार्षिक उत्सव बुधवार को उमंग उल्लास और श्रद्धा पूर्वक मनाया गया ।सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं की भीड़ और गहमागहमी से शहर का मुख्य पथ घंटों व्यस्त रहा। वार्षिक उत्सव के दौरान मंदिर के प्रधान पुजारी पंकज मिश्रा की अगुवाई में भगवान हनुमान की विशेष पूजन व महाआरती कर विश्व कल्याण और शांति की प्रार्थना किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की गहमागहमी के बीच संकट मोचन हनुमान जी की महापूजा, गणेश गौरी पूजा, सवेर्तु भद्र मंडल, नवग्रह का विशेष अनुष्ठान किया गया। हवन के बाद पूणार्हुति की गई। महाआरती के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। वही बुधवार देर शाम को 51 किलो लड्डूओ से बनाया गया केक भी काटा गया और श्रद्धालुओं में बांटा गया। विशेष अनुष्ठान हवन और महाआरती में श्रद्धालुओं की भीड़ में उत्साह चरम सीमा पर थी।

# हाथी से प्रभावित लोगों के बीच चावल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
प्रखंड के उकौली पंचायत में पिछले दिनों जंगली हाथियों ने कई लोगो के घर को तोड़ा व आनाज बर्बाद कर दिया।लोगो के परेशानी को देखते हुए हाथी पीड़ित लोगों के बीच चावल का वितरण किया गया।कई परिवार ऐसे थे जिनके घर में एक शाम के लिए आनाज नही था।ऐसे में जिला परिषद व मुखिया के सहयोग से सभी हाथी पीड़ित लोगो के बीच आनाज का वितरण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार बीते शनिवार रात्रि को जंगली हाथियों ने बानो पंचायत व उकौली पंचायत के सीमावर्ती गाँव बूढ़ीझारिन गाँव मे 11 घरों को निशाना बनाया था ।साथ ही अन्य टोला में हाथियों ने घर क्षतिग्रस्त किया तथा बगान के फसल खा गये थे। ज्ञात हो बूढ़ीझारैन के सेरेंग बागे ,पावल बागे ,पूर्व उकौली मुखिया मरसल्याणी बगरैला, नमन बगरैला शबनम बगरैला, अन्टोनी जोजो ,जीवन डांग तुरतन डांग चंदन सिंह, मानुएल डांग,मंगरनाथ बड़ाईक आदि लोगो के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था।

**पूजा-अर्चना** | पोटका, जयपुर गांव में मागे मिलन समारोह का आयोजन

# ढोल-मांदर की थाप पर झूमे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**
पोटका और जयपुर गांव में मागे मिलन समारोह में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ विजय सिंह गागराई बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ गागराई ने कहा कि मागे पर्व प्रकृति से जुड़ा हुआ पर्व है। जो हो समाज में 8 दिनों तक चलती है। इसमें प्रमुख रूप से मागे बोंगा, जातरा बोंगा और हरमागेया बोंगा को ग्रामीण बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। इस अवसर पर पुजारी दिऊरी और उसके सहयोगियों द्वारा जायरा में स्थल पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना की जाती है। जिसमें मुर्गे की बलि दी जाती



है और अपने आराध्य देवता सिंहबोंगा और देशाउलि के नाम से ईली रासि हंड़िया अर्पित की जाती है। पुजारी ग्रामीणों के कुशल जीवन की ईश्वर से मनोकामना करते हैं। इस अवसर पर लोग नए-नए वस्त्र पहनते हैं और शाम को सुसुन अखड़ा में सभी स्त्री-पुरुष तथा बच्चे मांदर और नगाड़ा के ताल पर नृत्य करते हैं। डॉ विजय सिंह गागराई ने सभी लोगों को मागे के पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दिए इसके साथ ही बेहतर रूप से पर्व मनाने के लिए एक जोड़ी मांदर, नगाड़ा एवं वस्त्र प्रदान किये . मागे मिलन समारोह देर रात तक चला. सभी अतिथियों को स्वादिष्ट पकवान एवं भोजन दिया गया। इस मौके पर रामराई सामड, मारकुश गागराई, विरसिंह हांसदा, रामसिंह हांसदा, मणिराम सांडिल, मिलु दोंगो, बाबूलाल दोंगो, चाम्बुरू दोंगो, विरसिंह हेंब्रम सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# कांड्रा में विश्वनाथ इंटरप्राइजेज प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग

## लाखों का सामान जलकर राख

**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**
कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत कांड्रा-सरायकेला मुख्य मार्ग पर गोपीनाथपुर गांव के समीप विश्वनाथ इंटरप्राइजेज नामक प्लास्टिक फैक्टरी में मंगलवार देर रात आग लग गई। आगलगी में लाखों रुपए के सामान जलकर राख हो गए। आग बुझाने का काम बुधवार सुबह तक जारी है। मौके पर अग्निशमन विभाग तथा आधुनिक कंपनी की चार दमकल वाहनें आग बुझाने में लगी है। स्थानीय लोगों के अनुसार दे रात फैक्टरी से आग निकलते देखा गया। जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक आग ने विकराल रूप ले लिया , जिससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। धीरे धीरे आग की काफी लपटें तेज हो गई



और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। तत्पश्चात स्थानीय लोगों ने अपनी ओर से आग पर काबू पाने का पूरा प्रयास किया। लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो पाए। उसके बाद ग्रामीणों ने कांड्रा थाना को सूचना दी, जिसके बाद कांड्रा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर आदित्यपुर स्थित झारखंड अग्निशमन विभाग और आधुनिक पावर प्लांट से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। उसके बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू हुआ जो सुबह तक आग बुझाने में लगे हैं।

# प्रवासी मजदूर का शव पहुंचा घर, गांव में मातम



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंगपाचो निवासी प्रवासी प्रवासी मजदूर विनोद कुमार चौधरी का शव पैतृक गांव गंगपाचो पहुंचते ही लोग बिलख पड़े। खबर पाते ही विधायक अमित कुमार यादव व पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने गंगपाचो पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया साथ ही परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।वहीं गंगपाचो निवासी बबलू राम जिसका बरही में मोटरसाइकिल से सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इन दो घटनाओं से गंगपाचो समेत क्षेत्र में मातम छा गया है। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष बरकट्ठा अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, यमुना प्रसाद, हरिहर प्रसाद चौधरी, मनोहर चौधरी, सुनील चौधरी, मनोज चौधरी, मकसूदन प्रसाद, मुनिलाल प्रसाद, तुलसी महतो, किशोरी प्रसाद चौधरी, दिलीप चौधरी, अनिल राम, नरेश चौधरी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# अधूरी सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा करे विभाग : धीरेंद्र पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंडासिंगा मोड़ के अधूरी सड़क को जल्द पूरा करने की मांग मुखिया समेत स्थानीय निवासियों ने की हैं। इस बाबत मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय ने बताया कि बंडासिंगा-परसाबाद का यह मुख्य मार्ग हैं। यह मार्ग हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह जिला समेत कई गांवों को जोड़ती हैं। यहॉ पीसीसी सड़क छठ पर्व के पूर्व आधी अधूरी बना कर छोड़ दी गई जिससे राहगीरों को आने जाने में काफी असुविधा हो रही है। वही आधी अधूरी सड़क निर्माण होने से एक साइड वाहनों को पार करने के लिए इंतजार करना पड़ता है। सड़क का निर्माण राज केसरी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा की जा रही है। धीरेंद्र पांडेय ने संवेदक से कहा, आधी अधूरी सड़क का निर्माण जल्द पूरा करें नहीं तो बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत राज केसरी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा कराए जा रहे कार्य को जनता के साथ हो कर पूरी तरह बंद किया जाएगा। मौके पर स्थानीय निवासी किशोर साहू ,बबलू पांडेय, रवि गोस्वामी, सुनील साहू समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बजरंग महतो ने लोगों से मांगा समर्थन



**रामगढ़।** रामगढ़ उपचुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो को समाजसेवी चरण केवट ने अपने समर्थकों के साथ समर्थन का एलान किया है। जिसपर महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो ने कहा कि जिस उम्मीद से आपलोगों ने मुझे साथ देने के लिए कदम बढ़ाया है उसपर खरा उतरते हुए हर संभव सहयोग करेंगे। जबकि समाजसेवी चरण केवट ने कहा कि हम सभी को जनता के हर सुख दुख में साथ चलना होगा और लोगों की समस्याओं को दूर करना होगा। मौके पर परमेश्वर महतो, गोपाल महतो , हरिवंश महतो, लुमनाथ महतो, संजय कुमार साहू, प्यारी बेदिया, चन्दरु महतो ,मुरलीधर महतो, महेंद्र भगत, मनोज मरांडी, मनोज मुर्मू, सुनील कुमार ,शिवलाल मांझी, बुधराम केवट, राज करमाली, उदय शंकर, उमेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## बीआरसी में शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण



**बरकट्ठा।** प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा में निपुण भारत मिशन झारखंड सत्र 2022 -23 के तहत कुल 41 शिक्षकों को चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं प्रशिक्षण बीईईओ किशोर कुमार की देखरेख में कराई जा रही है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में छत्रु राम महतो, स्वामी राम तीर्थ सिंह, साधन कुमार रवानी ,अशोक कुमार विश्वकर्मा कार्य कर रहे हैं ।प्रशिक्षक छत्रु राम महतो ने बताया कि प्रशिक्षण में मुख्य रूप से शिक्षकों को सामाजिक, भावनात्मक व लैंगिक समानता (एसईएल), नूपुर ,बाल वाटिका, गणित हिंदी और अंग्रेजी शिक्षक हस्त पुस्तिका, छात्र हस्त पुस्तिका ,पाठ योजना, रचनात्मक आकलन के क्रियान्वयन एवं आकलन पर समझ बनाना आदि विषयों पर चर्चा की जा रही है ।साथ ही स्वास्थ्य, सामाजिक व मानसिक विकास के विषयों पर भी चर्चा की जा रही है। प्रशिक्षण में प्रतिभागी के रूप में पुरुषोत्तम पांडेय, संजय पांडेय, गौतम कुमार सिंह, संतोष मंडल, सरिता कुमारी , प्रगति पांडेय, माला कुमारी आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### स्टेटिक सर्विलांस टीम ने किया 6 लाख 40 हजार रुपए जब्त

**रामगढ़।** 23-रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के निर्देश पर जिले में विभिन्न स्टेटिक सर्विलांस दल एवं फ्लाइंग स्क्वायड दल का गठन किया गया है। इसी क्रम में बुधवार को स्टेटिक सर्विलांस दल द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान मांडू थाना क्षेत्र से एक निजी वाहन से 6 लाख 40 हजार रुपए का कैश जब्त किया गया। जब्त राशि को संबंधित थाने के सुपुर्द कर इसकी सूचना जिले में गठित कैश रिलीज कमिटी को भेज दी गई है । जिसके उपरांत कमिटी द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शिलापट्ट में स्थानीय मुखिया का नाम भी हो अंकित : अध्यक्ष

**बरही ।** वर्तमान में कार्य योजना के उद्घाटन या शिलान्यास में लगने वाले शिला पट्टिका में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का नाम नहीं लिखा जाता है ।इसका बरही मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने पुरजोर विरोध किया है। उन्होंने सरकार से मांग किया कि स्थानीय मुखिया ग्राम पंचायत की प्रधान और जनता के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि होते हैं । ऐसे में शिलापट्टिका में मुखिया का नाम भी होना उनके मयार्दा के खिलाफ है । उन्होंने सरकार से मांग किया कि शिलान्यास या उद्घाटन पट्टिका में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी नाम शामिल किया जाए अन्यथा इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा ।

### हजारीबाग में महिला के घर में घुसकर मारी गोली, रांची रेफर

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में अपराधियों ने महिला के घर में घुसकर गोली मार दी। घायल महिला का नाम प्राची प्रकाश है। गोली लगने के बाद घायल को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के बाद उसे रांची रेफर कर दिया गया है। घटना मंगलवार रात 8 बजे के करीब की बतायी जा रही है। बड़ा अखाड़ा बंगाली दुर्गा मंदिर के समीप मोहल्ला में प्रदीप मालाकार का घर है। वहीं पर गोली मारी गई है।

## रामगढ़ में कृषि कर के विरोध में

# दुकानदारों ने बंद रखी दुकानें

- कृषि कर को वापस कर राहत प्रदान करें राज्य सरकार : अमित साहू
- जल्द से जल्द काले कानून को वापस लें : विनय अग्रवाल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिले के खाद्यान्न व्यवसायी संघ, आलू प्याज व्यवसायी संघ एवं खुदरा खाद्यान्न व्यवसाई संघ ने 15 फ रवरी को अपने अपने प्रतिष्ठानों को पूर्ण रुप से बंद रखा। रामगढ़ बाजार समिति में भी सभी खाद्यान्न व्यवसायी और आलू प्याज व्यवसायियों ने अपना व्यापार पूर्ण रूप से बंद रखा। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने बताया कि आज की बंदी से करोड़ों रुपया का लेनदेन प्रभावित हुआ। साहू ने कहा कि राज्य सरकार जल्द से जल्द इस मामले को संज्ञान में लेते हुए कृषि कर को वापस कर व्यवसायियों एवं किसानों को राहत प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि यह कृषि कर लागू होने से यहां के आदिवासियों को मूल वासियों को किसानों को आर्थिक दोहन शोषण किया जाएगा। और आम जनता पर महंगाई की मार अलग से पड़ेगी। साहू ने जल्द से जल्द इस कृषि कर को राज्य सरकार से वापस लेने की मांग की है और कहा की राज्य सरकार जल्द से जल्द कैबिनेट की बैठक बुलाकर कृषि कर के नोटिफिकेशन को रद्द कर यहां के व्यवसायियों को राहत पहुंचाएं। वहीं, रामगढ़ चेंबर के बाजार समिति के सब कमेटी के चेयरमैन विनय अग्रवाल ने कहा कि जल्द से जल्द इस काले कानून को राज्य सरकार वापस ले नहीं तो यहां का व्यवसायियों का पलायन दूसरे राज्यों में हो जाएगा। यहां के सभी राइस मिल पर कृषि कर का बहुत ही ज्यादा प्रभाव पड़ेगा और यहां की सभी राइस मिलें लगभग बंद होने के कगार पर खड़ी हो जाएगी। बंदी में भुरकुंडा के व्यवसायी, गोला के व्यवसायी सहित विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायियों ने रामगढ़ जिले के खाद्यान्न सब्जी फल व्यवसायियों के इस बंद को सफल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। बंद को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रदीप गुप्ता, जानकी महतो, प्रदीप कुमार बरेलिया, अमर गुप्ता, मनोज बंसल, नरेश राय, छोटू राय, रोशन अग्रवाल ,जितेंद्र अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मांगीलाल गुप्ता, सुनील गुप्ता, अमित जैन, सरवन प्रसाद, पटेल राय, समेत सैकड़ों व्यवसायियों ने अपना योगदान दिया।

## बरही में बाजार बंद, अब दिहाड़ियों तक राशन कैसे पहुंचाएगी सरकार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** कृषि विपणन विधेयक 2022 के खिलाफ बरही के व्यवसायियों ने बुधवार से अनिश्चितकाल तक अपना व्यवसाय कर दिया। अध्यक्ष कपिल केसरी के नेतृत्व में व्यवसायियों ने राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया। व्यवसायियों ने इस विधेयक को काला कानून और इंस्पेक्टर राज की संज्ञा देते हुए राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पूछे जाने पर अध्यक्ष ने बताया कि वन नेशन वन टैक्स के तहत उनलोगो ने जीएसटी का समर्थन किया। जिसमे केंद्र और राज्य दोनो का टैक्स समहित है। बाबजूद यह दो प्रतिशत का टैक्स लागू कर सरकार व्यवसायियों को टैक्स कलेक्शन का मशीन बना दिया है। व्यवसायियों के किसी भी विवादित मामले उच्च न्यायालय से नीचे नही सुने जायेंगे, यह एक तुगलकी फरमान है।इस बंदी से सबसे अधिक परेशानी दिहाड़ी मजदूरों को है। जो प्रति दिन मजदूरी करने के बाद शाम में राशन खरीदते है तब उनके घर का चूल्हा जलता है। बुधवार को बंद का समर्थन करने वाले में अध्यक्ष सहित चंदन जायसवाल, मोहित गुप्ता, मंजीत गुप्ता, राकेश गुप्ता, विनोद केसरी, रंजीत केसरी, विजय जायसवाल, मंटू कुमार, राहुल केसरी, सुजीत कुमार, प्रदीप केसरी, शंकर केसरी, अरविंद केसरी, गौतम केसरी, रमेश केसरी, उमेश साव, दिनेश केसरी, शिवकुमार केसरी, नरेश गुप्ता, गुड्डू केसरी, सुबोध केसरी, जयराम केसरी, अर्जुन साव, सागर केसरी आदि शामिल थे ।

## विलेज मोबिलाइजरों की बैठक



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के अधीनस्थ एमडीओ त्रिवेणी-सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड अंतर्गत विलेज मोबिलाइजरों ने अपने मांगो को लेकर किए जाने वाले आंदोलन की तैयारी को लेकर लंगातु नर्सरी में बैठक किया । जिसमें 16 फरवरी को किए जाने वाले आंदोलन को लेकर द्विपक्षीय वार्ता में कंपनी के द्वारा एक सप्ताह के अंदर विलेज मोबलाइजरों के मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया गया था । जिसे देखते हुए मोबिलाइजरों ने आंदोलन को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का लिया है । विलेज मोबलाइजरों द्वारा कंपनी को दिए गए आवेदन में कई मांगें हैं। जिसमें विलेज मोबिलाइजरों को जॉइनिंग देकर स्थायीकरण करने व मानदेय में बढ़ोतरी करने आदि अन्य मांगों को लेकर कंपनी के संबंधित पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों व प्रशासानिक पदाधिकारियों को आवेदन सौंपा गया था।

# सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सुनीता चौधरी के पक्ष में किया जनसंपर्क



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ विधानसभा क्षेत्र के मुर्रामकला, कांकेबार, बुढ़ खुखरा आदि स्थानों में 15 फरवरी को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा एनड़ीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने लोगों से एनड़ीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में क्रम संख्या 02 पर केला छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा की आजसू पार्टी शुरू से लोगों की सेवा करते आ रही है। आजसू पार्टी के नेतृत्व में रामगढ़ विधानसभा में विकास की गंगा बही है। चौधरी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के शासनकाल में अपराध चरम पर है। लूट खसोट का बोलबाला है। सारे विकास कार्य अवरुद्ध हैं। योजनाएं आज भी बन रही हैं, लेकिन घोटाले के कारण कार्य धरातल पर नहीं हो रहा है। प्रशासन को जगाना होगा। अब समय आ गया है, हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकें। मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, अरविंद महतो, सोहन महतो, तेजपाल महतो, आजसू जिला उपाध्यक्ष रामभजन लाल महतो, पार्षद सीता देवी, मनोज महतो, सुजीत सिंह छाबड़ा, सरयू पटेल, अनिल पटेल, नीतीश निराला, सुमित नायक, मुकेश कुमार, सुरेश महतो, नुनूलाल महतो, टिकेंद्र महतो, ईश्वर महतो सहित भारी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

# पतरातू में 7 लाख कैश के साथ दो धराये

## 16 बाइक, 22 मोबाइल, एक लैपटॉप जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** भुरकुंडा पुलिस ने ड्रग्स कारोबार से जुड़े एक सिंडिकेट का खुलासा करने में सफलता पाई है। पुलिस ने मामले से जुड़े दो युवकों को 16 मोटर साईकिल, 22 मोबाइल, एक लैपटॉप और 7 लाख 10 हजार 200 रुपए नकदी के साथ पकड़ा। बुधवार को पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार चौधरी ने भुरकुंडा ओपी में प्रेस कांफ्रेंस यह जानकारी दी। बताया कि भुरकुंड पुलिस ने गुप्त सूचना पर सोमवार की रात्रि करीब 1 बजे सयाल मोड़ एमईसीएल कॉलोनी में छापामारी कर 16 मोटर साईकिल, 19 एनरॉयड व 3 की-पैड कुल 22 मोबाइल, एक लैपटॉप सहित 7 लाख 10 हजार 200 रुपए नकद साथ दो भाईयों एमईसीएल कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय रम्भु रजक व 30 वर्षीय शम्भू रजक को पकड़ने में सफलता पाई । एसडीपीओ बताया कि पूछताछ में ड्रग्स कारोबार का खुलासा हुआ है। बताया कि क्षेत्र में नशा के आदि युवक नशे के लिए अपने कीमती सामानो को औने-पौने दाम में बंधक रखते थे। नशेड़ी ड्रग्स प्राप्त करने के लिए पकड़े गये आरोपियों के पास अपना सामान गिरवी रख ड्रग्स खरीदते थे। नकदी छोड़ बरामद सभी सामान नशेड़ियों के ही बताये जाते हैं। एसडीपीओ ने बताया कि आरोपियों ने सिंडिकेट में शामिल चार लोगों का नाम बताया है। उन्हीं लोगों के कहने पर ये लोग सामान रखकर पैसा देते थें। हलांकि जांच प्रभावित न हो इसके चलते सिंडिकेट में शामिल चार लोगों का नाम पुलिस उजागर नहीं की है। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की बारीकी से जांच चल रही है। जल्द ही नशा से जुड़े सिंडिकेट का खुलासा कर दिया जायेगा। पकड़े गये आरोपियों पर 379, 411, 420, 467, 468, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी अभियान में पतरातू इंस्पेक्टर रोहित कुमार महतो, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, पुअनि राजदीप कुमार, पुअनि अक्षय कुमार, पुअनि मयंक प्रसाद, पुअनि कुंदन राव, सअनि बिरेंद्र ओझा, सअनि रामप्रवेश शर्मा, सअनि पुरन सिंह, सअनि सामंत कुमार दास सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**मामला** डिवाइन आयरन फैक्ट्री में मजदूरों का शोषण, पूर्व मुखिया ने लगाया आरोप

# आरोप बेबुनियाद, नियमानुसार हो रहा है काम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** रियाडा स्थित डिवाइन आयरन फैक्ट्री में मजदूरों के साथ ज्यादती किया जा रहा है । स्थानीय पूर्व मुखिया मो ताजुद्दीन ने बताया कि फैक्ट्री में बाहरी मजदूरों से काम करवाया जा रहा है, जबकि स्थानीय के नियोजन पर अध्यक्ष ने साफ इंकार किया है। उन्होंने बताया कि झारखंड के लोहरदगा जिले के कुछ मजदूरों को कई दिनों से भुगतान नहीं किए जाने के मामले सामने आए है । मामले को लेकर उन्होंने मजदूरों के वीडियो बयाना भी जारी किया है । बताया कि बिना सुरक्षा कीट के फैक्ट्री में जबरदस्ती काम करवाए जाने से कई मजदूरों के पैर जल गए। मजदूरों को बंधक बनाकर काम करवाया जा रहा था। जिनका भुगतान भी नहीं किए जा रहे थे । इसकी जानकारी फैक्ट्री प्रबंधन को देते हुए प्रताड़ना के आरोप में स्थानीय थाना को सूचित किया गया । जहां इंस्पेक्टर ललित कुमार की उपस्थिति प्रबंधन को बुलाया गया और प्रबंधन से मजदूरों भुगतान का तत्काल भुगतान करवाया गया । इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रबंधन के साथ बात चीत कर मामले का समाधान किया जा चुका है। मामले के संबंध में इंडस्ट्री अध्यक्ष पी के गर्ग ने बताया कि यह सब सोची समझी साजिश थी । आरोप बेबुनियाद, नियमानुसार हो रहा है काम। जिसका एकमात्र उद्देश्य कंपनी प्रबंधन से अवैध उगाही करना था। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के दस तारीख को कंपनी वर्कर का भुगतान करती है। जनवरी तक का भुगतान किया जा चुका था। फरवरी का भुगतान अगले माह को किया जाना था । फिर भी यदि कोई शिकायत थी तो प्रबंधन को जानकारी देनी चाहिए थी, परंतु कुछ लोगों के बहकावे में मजदूरों ने ऐसा नहीं किया गया। सुरक्षा हेतु सभी मजदूरों को जूत्ते आदि दिए गए है । जिसमे कई वर्कर इसका उपयोग नहीं करते है। उन्होंने उलटे ही मजदूरों पर आरोप लगाया कि शराब पीकर उनलोगों ने स्वयं पैर जलाई है । गर्ग ने प्रबुद्धजनों से फैक्ट्री चलाने में सार्थक सहयोग की अपील किया है ।

## पंजाबी हिंदू बिरादरी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

# ‘रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है’



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ के सौजन्य से बुधवार को रोटरी रामगढ़ सेंट्रल प्राइम ब्लड सेंटर के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पंजाबी हिन्दू बिरादरी के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ अरोड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने कहा कि रक्तदान शिविर एक सराहनीय पहल है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान से हम किसी मानव की जिंदगी बचा सकते हैं। रक्तदान करने से हमें कोई नुकसान नहीं होता है, बल्कि फायदा ही होता है। शरीर में रक्त का संचार और तेजी से होने लगता है, जिससे शरीर में और फुर्ती आती है। वहीं रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान संसार में इससे बड़ा कोई दान नहीं है, इसलिए मानव जीवन में हम सभी को रक्तदान करना चाहिए। शिविर में रक्तदान करने वालों में पवन मारवाह, निशांत जैन, प्रकांत कपूर, विक्की खोसला, विशाल भनोट, जितेंद्र कैंथ, नीरज मारवाह, सुमित मारवाह, धनंजय महतो, सिकंदर बेदिया, रजत भसीन, संजीव धमीजा, संजीव चड्ढा, जेके शर्मा सहित कुल 26 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह, रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सचिव पवन गोयल, अरविंद गोयल, मुकेश अग्रवाल, संदीप बेरलिया, भूपेंद्र कुमार, संगीता अग्रवाल, बॉबी गोयल, मोनिका वासुदेव, विशाल वासुदेव, डॉक्टर अभिषेक आदि मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

## हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों को किया गया प्रशिक्षित

**बानो।** प्रखंड के ग्राम पांगुर, केवेटांग, बिंटूका, नवागांव में वन विभाग बानो द्वारा हाथी भगाओ का प्रशिक्षण ग्रामीणों को दी गई। ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह प्रखंड के कई गावो में जंगली हाथियों ने जम कर उत्पात मचाया। लोग भयभीत हैं। हाथी के उत्पात को देखते हुए ग्रामीणों के हाथी भगाओ की प्रशिक्षण दिया गया। उड़ीसा से आये एक्सपर्ट बिपिन प्रधान ने ग्रामीणों को बिना किसी हथियार के हाथियों का प्रशिक्षण दिया। जैसे गांव के आस पास आग जला कर, मिर्ची जला कर, खैनी जला कर आदि बिधि की जानकारी दिया। मौके पर हाथी से दूर रहने की बात भी कहा।इस अवसर पर बनपाल विवेक बनपाल, लखिन्द सिंह, सन्दीपनायक आदि लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में किया पौधरोपण

**सिमडेगा।** बुधवार को सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर सलडेगा में खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद अर्जुन मुंडा के शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि संजय शर्मा के द्वारा विद्यालय में पौधरोपण किया गया। संजय शर्मा के द्वारा अपने विवाह के वर्षगांठ के अवसर पर विद्यालय में अनार तथा आम का वृक्ष लगाया गया।इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने उन्हें विवाह के वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी तथा उनके द्वारा किए गए पौधरोपण की सराहना की। इस अवसर पर आचार्य मनोज प्रसाद, जितेंद्र पाठक, मनोज कुमार, ओमप्रकाश आलोकनाथ साहू, आशीष बड़ाईक, मीरा कच्छप, चंपा कुमारी, रश्मि बड़ाईक, रोशनी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## चाडरीमुण्डा पहाड़ पर मिले अज्ञात शव की अब तक पहचान नहीं

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के चाडरीमुण्डा पहाड़ पर कुरडेग पुलिस को मिले अज्ञात शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। शव सिमडेगा सदर अस्पताल के शीत गृह में रखा गया है। मृतक के नेवी बुलू रंग के स्वेटर पर 'डोमेस्टीक युएस मिल्स 38 सर्वीस एएफबी' लिखा है। कुरडेग थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि किन्हीं के पास इस अज्ञात शव के बारे में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी उपलब्ध हो तो कुरडेग थाना में या मोबाइल नम्बर 9155070795 में सुचना दें। बतातें चले की शव की पहचान मिटाने के लिए चेहरे को पत्थर से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिससे मृतक की पहचान नही हो रही है।

## विधायक ने भी किया फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन

**सिमडेगा।** फाईलेरिया रोधी कार्यक्रम आईडीए के तहत डोर टू डोर जाकर फाईलेरिया रोधी दवा खिलाने का अभियान जारी है। बुधवार को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने भी फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया। साथ ही विधायक ने आम जनो से भी दवा का सेवन कर फाइलेरिया मुक्त जिला बनाने में सहयोग की अपील की है। विधायक के साथ उनकी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा सहित अन्य लोगों ने भी फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया। विधायक ने कहा कि फाईलेरिया एक लाईलाज बीमारी है। फाईलेरिया मुक्त जिले के निर्माण में सभी का सहयोग जरुरी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जिले में चले अभियान की प्रशंसा पूरे देश में हुई थी। उन्होंने पूर्व के वर्षो के तरह ही लोगों को फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन कर जिले को फाईलेरिया मुक्त बनाने की बात कही। मौके पर उप प्रमुख सिलबेस्तर बाघवार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, शिशिर मिंज,लुसियन मिंज, जक्रियस, समीर किंडो, सोनल लकड़ा, रेमजुश तिग्गा, बिरंजन बाड़ा, अनिल कुजूर आदि ने भी दवा का सेवन किया।

# कृषि उपज व पशुधन विपणन विधेयक के विरोध में बंद रहीं लोहरदगा की दुकानें

### जब जब व्यापारी बोला है, तब तब सिंहासन डोला है : रितेश कुमार

### खद्यान व्यापारियों ने दिखायी चट्टानी एकता, जिला का पूरा खद्यान बाजार स्वतः स्फूर्त बंद

### खद्यान ट्रांसपोर्टिंग आवक जावक बंद के कारण डीजल पेट्रोल के खरीद बिक्री में भी व्यापक असर



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

खाद्यान व्यापारियों के एकजुटता व इनकी प्रतिबद्धता बुधवार को अनिश्चितकालीन बंद को सफल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा। केवल एक दिन का व्यवसाय बंद रहने से लगभग 10 करोड़ का खाद्यान व्यापार प्रभावित रहा एवं लगभग 1.5 करोड़ का सरकारी राजस्व का भी घाटा हुआ। अगर सरकार व्यापारियों की इस चट्टानी एकजुटता को अब भी नाकारेगी तो यह निश्चित है कि सरकार को जो घाटा आज व्यापारियों ने दिया है आगे इससे और भी वीभत्स स्थिति पैदा हो जायेगी। सरकार से आग्रह है कि व्यापारियों की मनःस्थिति को समझे और अविलम्ब कृषि कानून को वापस ले। बुधवार को चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार के नेतृत्व में जिला के व्यापारियों का टीम नगर क्षेत्र, प्रखंडो व गांवों का लगातार दौरा किया गया एवं व्यापारियों से इस बंद का समर्थन प्राप्त किया। हर जगह व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठानो को स्वतःस्फूर्त बंद रखा तथा चैंबर के हर निर्णय में कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही। वही चैम्बर अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि व्यापारियों की एकजुटता से सरकार की सिंघासन डोल चुका है और यदि सरकार व्यापारियों की मांग को अविलम्ब पूरा नहीं करती है तो इस झारखंड सरकार के जड़ को हिलाकर रख देंगे।

हमारी मांगो के समक्ष सरकार को हरहाल में झुकना होगा। जबतक सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है और बाजार समिति भंग कर 2% कृषि टैक्स कानून वापस नही लेती है, आगे आंदोलन को और धारदार बनाया जायेगा।

## कैरो में व्यापारी गोलबंद, विरोध में किया दुकानों को बंद

**कैरो।** कैरो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न खाद्यान दुकानों में कृषि उपज एवं पशुधन विपणन 2022 विधेयक के विरोध में जिला के खद्यान व्यापारियों ने बुधवार को काला बिल्ला लगाकर सरकार को यह संकेत दे दिया कि काले कानून को हर हाल में वापस लेना होगा, नहीं तो इस बार व्यापारी पूरी तरह उलगुलान के मूड में है। व्यापारियों ने अनिश्चित कालीन बंदी को सफल बनाने के लिए कैरो प्रखंड व्यापारी संघ को अपनी अपनी दुकानें बंद कर



इस काले कानून का पुरजोर विरोध करने का आह्वाहन किया। व्यापारी वर्ग यह तय कर लिया है कि इसबार की लड़ाई आरपार की है और जबतक व्यापारी विजय नहीं होंगे तबतक व्यापारी शांत नहीं बैठेंगे। व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि इस जोर जुर्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है। काला बिल्ला का नेतृत्व चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार द्वारा किया गया।

बंद को सफल बनाने हेतु चैम्बर के पूर्वाध्यक्ष अभय अग्रवाल, वरीय उपाध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष धनन्जय कांस्यकार कार्यकरिणी सदस्य चन्दन गोयल सदस्य मनीष कुमार गुड्डु, आशीष कुमार मित्तल, भोला अग्रवाल, गुणा साहू, भोला कुमार, राहुल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, फैज मोहम्मद, ओम साहू, कुलदीप कुमार समेत अनेक सदस्यों द्वारा सक्रिय भूमिका निभाया।

### पर्यटन, खेलकूद व सांस्कृतिक कार्ययोजना से संबंधित बैठक हुई

# लोहरदगा में बनेगा ओलंपिक स्तर का स्वीमिंग पूल : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में पर्यटन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्य योजना से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में खेल से संबंधित नई योजनाओं के प्रस्ताव में जिला में पहले से निर्मित बैडमिंटन कोर्ट में फ्लोरिंग, जेनरेटर, लाईट व टॉयलेट का कार्य, जिम का आधुनिकीकरण का कार्य कराने, जिम के लिए एक प्रशिक्षक, चेजिंग रूम, लॉकर का प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजे जाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार जिला के शहरी क्षेत्र में एक स्वीमिंग पूल (ओलंपिक स्तर का), का प्रस्ताव विभाग को भेजे जाने का निदेश दिया गया जहां पर एक चेंजिंग रूम, टॉयलेट, शॉवर भी हो।

साथ ही, तैराकी का एक प्रशिक्षक, स्वीमिंग पूल के लिए एक सफाईकर्मी व अन्य स्टाफ का भी प्रस्ताव तैयार कर विभाग भेजे जाने का निदेश दिया गया। आवासीय तीरंदाजी व कुश्ती प्रशिक्षण के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया। फुटबॉल डे बोर्डिंग प्रशिक्षण में खिलाड़ियों को ड्रेस किट (जर्सी, जूता, मोजा) सीएसआर मद से उपलब्ध कराये जाने का निदेश दिया गया। पर्यटन अंतर्गत टिको स्थित शहीद वीर बुधु भगत स्थल के पास लगनेवाले मेला स्थल की भूमि में पार्क एवं मेला स्थल हेतु भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव विभाग को भेजे जाने का निदेश दिया गया।

पर्यटन अंतर्गत प्राप्त राशि से अखिलेश्वर धाम में एकसफाई कर्मी एवं एक वॉचमैन, तालाब में बोटिंग, बोट चालक व लाईफ गार्ड का प्रस्ताव, कोरांबे मंदिर में एक वॉचमैन, टॉयलेट के लिए सफाईकर्मी, मसमानो स्थित शिव मंदिर में दो सुरक्षा गार्ड व सफाई कर्मी, महादेव मंदिर में दो वॉचमैन रखे जाने का निदेश दिया गया। शेष राशि से आवश्यक साईनेज लगवाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जिला अभियंता जिला परिषद समेत अन्य उपस्थित थे।

## सरकारी खर्चे पर 27 मुस्लिम धर्मावलंबी अजमेर शरीफ, आगरा और फतेहपुर सिकरी के लिए रवाना

**मुख्यमंत्री** तीर्थ दर्शन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के 27 मुस्लिम धर्मावलंबियों और एक नोडल अफसर को आज उपायुक्त डॉ। वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने समाहरणालय परिसर से हटिया स्टेशन, रांची के लिए रवाना किया। सभी तीर्थयात्रियों को विशेष ट्रेन से अजमेरशरीफ, आगरा और फेतहपुर सिकरी ले जाया जाएगा। तीर्थयात्रियों का यह जत्था 21 फरवरी को वापस हटिया स्टेशन पहुंचेगा। इस अवसर उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत जिले के मुस्लिम धर्मावलंबियों को अजमेरशरीफ, आगरा और फतेहपुर सिकरी की तीर्थ यात्रा पर भेजा गया है। सभी की सकुशल यात्रा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये गये हैं।

# एसपी ने की मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा, दिए निर्देश

### उर्स मेला एवं महाशिवरात्रि को लेकर सभी थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

समाहरणालय परिसर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को एसपी आर रामकुमार की अगुवाई मे मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिले में अपराध की घटनाओं में रोक लगाने और अपराध नियंत्रण के लिए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया। इस दौरान गत माह में मिली पुलिस को सफलता पर भी समीक्षा की गई। वही नक्सल गतिविधियों, लॉ एंड ऑर्डर को लेकर कई दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार कार्रवाई करने सहित कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सम्बंध में दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस महानिदेशक की वीडियो कॉफ्रेंस से मिले निर्देशो से अवगत कराते हुए उनकी अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। अपराध गोष्ठी में विगत माह जिले में घटित सभी



संवेदनशील/महिला उत्पीड़न/ हत्या/ आपराधिक मामले चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी आदि मामलों की थानावार समीक्षा की गई। लंबित वारंट निष्पादन में और तेजी लाने तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किये। लंबित कांडो की निष्पादन में शिथिलता बरतने पर नाराजगी व्यक्त किये और अगले माह और तेजी लाने का आदेश दिये। महिला उत्पीड़न, एससी/एसएसटी के कांडो में शीघ्र कार्रवाई पूर्ण कर समय पर न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित करने आदेश दिये। यातायात अधिनियम के अंतर्गत यातायात प्रभारी को विशेष अभियान चलाने का भी आदेश दिए। एसपी ने कहा कि अपराध को नियंत्रित करने को लेकर रात्रि गश्ती में तेजी लाएं। उचित तरीके से प्रभावी नाकाबंदी कराई जाए। अवैध खनन, जुआ/शराबअड्डा को चिन्हित करते विशेष अभियान चला कर अधिक से अधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिये। अपराध गोष्ठी में पुराने लम्बित कांडो, लम्बित जमानतीय /गैरजमानतीय वारंट/कुर्की जब्ती, जांच प्रतिवेदन, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट इत्यादि का समीक्षा के साथ ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। लोहरदगा में लगानेवाला आगामी उर्स मेला एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता के साथ विधिव्यवस्था बनाए रखने एवं सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु सभी एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया गया। अपराध गोष्ठी के मौके पर एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, इंस्पेक्टर बनारसी प्रसाद, इंस्पेक्टर मंटू कुमार, सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव समेत सभी थानों के थानेदार, ट्रैफिक इंचार्ज संतोष यादव, समेत कई पुलिस अवर निरीक्षक एवं सहायक अवर निरीक्षक शामिल थे।

# अवैध हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

### देशी कट्टा, देशी पिस्टल व कारतूस बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

बगड़ू थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध आग्नेयास्त्र के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। इस संदर्भ में बुधवार को अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने पत्रकारों को बताया कि गुप्त सूचना के आधार बगडू थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम चरहू निवासी किताबूल खान पिता ईदूल खान उर्फ ईद मो० खान के घर पर छापेमारी की गई। छापामारी के दौरान किताबूल खान के घर का विधिवत तालाशी लिया गया। तालाशी के दौरान उसके घर से अवैध अग्नेयास्त्र एवं कारतूस की बरामदगी की गयी। जिसके संदर्भ में बगडू थाना कांड संख्या-05/23, दिनांक 15.02.2023, धारा-25 (1-बी) ए / 26 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अपराधी विगत 15 दिन पहले जेल से जमानत पर मुक्त होकर बाहर निकला है। इसके पास से एक देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल, एक जिन्दा कारतूस बरामद की गई है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधी का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ बानो थाना कांड संख्या-44 / 22 दिनांकः - 08.09.2022, धारा-392/506/411 भा०द०वि० के तहत मामला दर्ज है। इसकी गिरफ्तारी में शामिल छापामारी दल के पदाधिकारी / पुलिसकर्मियों में पंकज कुमार शर्मा, थाना प्रभारी, बगडू थाना, स०अ०नि० रथ भगत, स०अ०नि० अवधेश सिंह, स०अ०नि० लालजीत तूरी, चा.आरक्षी / 728 कृष्णा गोप, व सैट-3 के जवान मौजूद थे।

## कार्यशाला का आयोजन

**लोहरदगा।** अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में नगर भवन (ब्लॉक परिसर स्थित) लोहरदगा में मॉक ड्रिल के साथ फायर सेफ्टी से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में फायर सेफ्टी से संबंधित विभिन्न तकनीकों का विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया साथ ही अग्निशमन विभाग से अनापत्ति लेने की प्रकिया के बारे में बताया गया। इस क्रम में आगलगी से बचाव हेतु मॉक ड्रिल भी किया गया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा बताया गया की फायर एनओसी हेतु नगर परिषद से भवन प्लान की स्वीकृति होना अनिवार्य है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा भवन प्लान एवं इससे संबंधित अन्य पहलुओं के बारे में बताया गया तथा सभी व्यवसायिक भवनों के मालिकों से आग्रह किया गया की अग्निशमन कार्यालय से अनापत्ति प्राप्त करने के पश्चात ही व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन करें।

# अपराधियों ने महिला की गोली मारकर की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर पंचायत के कोंबाकेरा ग्राम निवासी किरण देवी नामक महिला को मंगलवार रात्रि लगभग 12 बजे कुछ अज्ञात अपराधियों ने घर के पीछे दरवाजे से दरवाजा तोड़ कर महिला को गोली मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार के देर रात की है। बताया गया कि दो बाइक पर चार अपराधी किरण देवी के घर पहुंचे और दरवाजा तोड़ कर घर के अंदर घुस कर महिला किरण देवी को गोली मार दी। जिससे मौके पर ही महिला की मृत्यु हो गई।बताते चलें कि महिला का पति जम्मू में सेना का जवान है एवं उसका चार वर्ष का पुत्र भी है।वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव अपने कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक,महिला को दो गोली सिर में मारी गई थी जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई।घटना के समय घर में महिला के अलावा उसके मामा, मामा का बेटा व महिला के 4 वर्षीय पुत्र सोये हुए थे।इसी दौरान में चार की संख्या में आए अपराधी घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुसे। शोर सुनकर घर के सभी अन्य सदस्य भी जग गए। इसी क्रम में अपराधी महिला के पास पहुंचे और सिर में गोली मार दी। इधर मृतक के भाई ने कोलेबिरा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया जिसमें उसके भाई अखिल महतो ने बताया की मेरी बहन की शादी कामडारा थाना कामता आमटोली ग्राम में सुरेंद्र महतो पिता लोधा महतो के साथ 2017 में विधि पूर्वक शादी हुई थी। जिसका एक लड़का भी है। जिसका नाम उज्जवल महतो उम्र 4 वर्ष है। मृतक महिला के भाई ने बताया कि उसकी बहन को शादी के कुछ दिन बाद से ही प्रताड़ित किया जा रहा था।

## दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**कैरो।** प्रखंड सभागार में बुधवार को एन आर एम विषय पर दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर लिया।मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा जल संकट से निबटने के लिए वर्षा जल का संचयन,संरक्षित करने के लिए सैचुरेशन मोड़ में मनरेगा अंतर्गत जलछाजन आधारित योजनाओं का चयन कर क्रियान्वयन करने की बात कही गई। मौके पर प्रशिक्षकों के द्वारा मनरेगा योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर प्रशिक्षक जिला समन्वयक प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कौशल कुमार मिश्रा,जिला विशेषज्ञ भौगोलिक सूचना प्रणाली सुधांशू मोहन पात्रा, गुहा उरांव, पंचम पहान सहित सभी मेठ उपस्थिय थे।

## भंडरा में निकाला फ्लैग मार्च

**भंडरा।** महाशिवरात्रि पूजा को लेकर गुरुवार को प्रखंड में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता एवं थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकली गई। फ्लैग मार्च भंडरा थाना से निकलकर भंडरा बस्ती होते हुए नवडीहा चौक से थाना वापस आई। सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में त्योहार को शांतिपूर्ण से मनाए शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में प्रसाशन का सहयोग करे साथ ही उन्होंने कहा उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी नजर रहेगी। अफवाह फैलाने का कतई प्रयास ना करे प्रसाशन आपका सहयोग करने के लिए तयार है। मौके पर थाना प्रभारी गौतम कुमार , एसआई विकास विश्कर्मा, सावित्री कच्छप सहित पुलिस बल मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि और उर्स को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाएं रखने के उद्देश्य से बुधवार को बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा के नेतृत्व में सेन्हा थाना पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य सड़क पर पेट्रोल पंप शुरू होकर सेन्हा बक्सीडीपा सरेंगहातु, तोड़ार बरही तक पहुंच कर समाप्त हुआ। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि महाशिवरात्रि व उर्स कार्यक्रम को लेकर प्रखंड व पुलिस प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकरार रखने के लिए प्रखंड प्रशासन तत्पर है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी धनजय कुमार पासवान, सअनि राजेश शर्मा के अलावे पुलीस जवान शामिल थे।

## युवती से दुष्कर्म, आरोपी को जेल

**केरसई।** थाना क्षेत्र के टैंसर पश्चिमी के आमकानि गांव में 13 फरवरी को तपकारा छत्तीसगढ़ निवासी एंजेल लकड़ा (बदला हुआ नाम ) उम्र-19 वर्ष अपने मामा जोहान सोरेंग के यहां शादी समारोह में भाग लेने आयी थी। जहां पर सभी लोग रात को सामूहिक नृत्य कर रहे थे। जिस क्रम में उसकी मुलाकात सरपमुंडा निवासी दिलीप मिंज से हुई, जो कि अपने ससुराल आमकानी आया हुआ था। जो दूर के रिश्ते में दिलीप मिंज लड़की का जीजा लगता है। दोनों कोई साथ में नृत्य करने लगे, इसी क्रम में दिलीप मिंज उसकी बहन को बुलाने कि बात कह कर उसे वहां से दूर ले गया। लड़की को अकेला पाकर दिलीप मिंज उसके साथ जबरजस्ती करने लगा, लड़की के काफी विरोध करने पर भी उसने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए, उसके साथ दुष्कर्म किया। काफी समय बीतने के बाद लड़की के घर वालों ने उसकी खोज बीन शुरू की, जो कि गांव के पीछे मिली। लड़की ने अपने परिवार वालों को अपनी आपबीती सुनाई। जिसके बाद केरसई पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया।

**विरोध** | एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन जिला यक्ष्मा केंद्र के प्रांगण में संपन्न हुआ

# 25 पदों पर हुई हैं 585 नियुक्तियां

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

बुधवार को राज्य यक्ष्मा कर्मचारी संघ के आह्वान पर गुमला जिला अनुबंध कर्मचारी संघ के बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन जिला यक्ष्मा केंद्र के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अनुबंध यक्ष्मा कर्मचारी संघ के लोग उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में राज्य स्तरीय प्रतिनिधि मोहम्मद एहसान ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य के गठन के समय से ही आज तक झारखंड राज्य में यक्ष्मा (टीबी ) उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न 25 तरह के पदों पर कुल 585 यक्ष्माकर्मी कार्यरत हैं। लेकिन अभी तक सरकार इन अनुबंध कर्मियों को समायोजन के संबंध में कोई ठोस



निर्णय नहीं लिया है। जिस कारण हम सभी अनुबंध कर्मी मजबूरन भारी मन से आंदोलन जैसा कदम उठाने पर मजबूर है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरीय साथी अलेकिसयूस एक्का ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय यक्ष्मा टीवी उन्मूलन में झारखंड सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में जिला व राज्य के आरक्षण रोस्टर के अनूरूप विधिवत नियुक्तियां सक्षम चयन कमेटी के द्वारा जिला व राज्य स्तर पर विभिन्न 25 पदों में 585 नियुक्तियां की गई है। सरकार ने अनुबंध कर्मियों को समायोजन करने की घोषणा की थी जो अभी तक पूरा नहीं हुआ इसीलिए हम लोग आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं। इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसटीएलएस राजेश उरांव ने कहा कि सभी अनुबंध यक्ष्मा कर्मियों को सीधा समायोजन किया जाए, समायोजन होने तक अभी विस्तार 65 वर्ष किया जाए, तथा सभी कर्मियों को वेतन लागू किया जाए।

इस सभा को संबोधित करते हुए जिला यक्ष्मा अनुबंध कर्मचारी संघ के जिला सचिव सुश्री अलका तिर्की ने सरकार से अनुरोध किया कि शीघ्र ही सभी कर्मियों को समायोजन करने की दिशा में पहल करें। सुश्री तिर्की ने कहा कि 20 फरवरी के बाद कभी भी पूरे राज्य में यक्ष्मा अनुबंध कर्मचारी अनिश्चितकालीन के लिए हड़ताल पर चले जाने के लिए बाध्य होंगे।

इस सभा को संबोधित करते हुए यक्ष्मा केंद्र के लेखापाल सुनील कुमार ने कहा कि अनुबंध कर्मचारियों के लिए करो या मरो की तर्ज पर आंदोलन करना होगा। इनके अलावा इस कार्यक्रम को रितेश कुमार पाठक, अमित कुमार प्रसाद, अंशु निधि, विकास कुमार मिंज, दीपक लकड़ा शिव नारायण सिंह सहित अन्य लोगों ने अपने जोशीले अंदाज में आंदोलन जारी रखने पर बल दिया।

# आबादगंज में पानी के लिए मचा हाहाकार, लोग हुए परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम का आबादगंज ड्राई जोन के रूप में जाना जाता है। बावजूद अब तक पानी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। गर्मी शुरू होते ही इस क्षेत्र के लोग पानी के लिए सुबह से शाम बिता देते हैं। फिर भी उन्हें दो बाल्टी पानी भी नसीब नहीं होता। अंततः उन्हें पानी खरीद कर ही पीना पड़ता है। क्षेत्र में रहने वाले लोगों ने बताया कि नगर निगम का आबादगंज क्षेत्र की घनी आबादी है। इसे 2 वार्ड में बांटा गया है। पानी की किल्लत के कारण यह पूरा क्षेत्र डाई जोन के रूप में जाना जाता है। हाल के दिनों में पूर्व वार्ड पार्षद मनोज सिंह एवं स्वीटी सिंह के नेतृत्व में आवादगंज के दर्जनों वासियों ने पानी की मांग करते हुए डीसी कार्यालय पहुंचे थे। डीसी कार्यालय पहुंचने वाले आवादगंज वासी हाथ में तख्ती लिए थे। जिसमें लिखा हुआ था कि उपायुक्त महोदय पानी दो। स्थानीय निवासी संजय कुमार ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 एवं 15 आवादगंज डाई जोन के रूप में जाना जाता है। गर्मी प्रारंभ होते ही जल स्तर काफी नीचे चला गया है। जिससे सभी चापाकल सूख गए हैं एवं कुछ दबंगों द्वारा मिशन स्कूल रोड में 4 इंच का पानी पाइप लाइन काटकर अलग कर दिया गया है। जिस कारण स्लम क्षेत्र में पानी सप्लाई भी नहीं हो पा रही है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। उन्होंने डीसी कार्यालय जनता दरबार में पहुंचकर 4 इंच के पानी पाइप लाइन को जुड़वाने एवं मुहल्ला में पानी की व्यवस्था कराने की मांग की है।



# दो पक्षों के बीच हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण : आजसू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने पांकी मे साम्प्रदायिक सद्भावना बनाये रखने की अपील की है। पलामू के उपायुक्त ए दोड्डे व आरक्षी अधीक्षक चन्दन सिन्हा पांकी मे कैम्प कर रहे है और स्थिति सामान्य है।उन्होंने कहा कि लोग किसी भी दुष्प्रचार से बचे। पलामू का साम्प्रदायिक सद्भावना राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा मे हमेशा रहा है। इस विरासत को बचाये रखना हमारी संस्कृति की रक्षा करेगी। आजसू पार्टी पांकी प्रखंड कमिटी साम्प्रदायिक सद्भावना बनाने मे सक्रिय भूमिका अदा कर रही है।






## NEWS इन ब्रीफ

### पंचायत सचिव के 37 अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट जारी

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी के द्वारा पंचायत सचिव के 35 और लिपिक के 2 अभ्यर्थियों का मेरिट लिस्ट जारी किया है। इन अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र संबंधी दस्तावेज की जांच 8 फरवरी को आयोग ने किया था। गौरतलब है कि 3088 पदों पर पंचायत सचिव की नियुक्ति की जानी है। जिसमें पलामू से भी सैकड़ो अभ्यर्थियों ने सफलता पाई है। ये इंटर स्तरीय परीक्षा के लिए 2017 में आवेदन निकला था। जिसका परीक्षा 2018 के जनवरी व फरवरी माह में लिया गया। नियोजन नीति के कारण मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। दिसम्बर में कोर्ट से अंतिम निर्णय आने के बाद पंचायत सचिव की नियुक्ति शुरू किया गया है।

### नगर परिषद मुख्यालय का घेराव कार्यक्रम स्थगित

**विश्रामपुर।** समाजसेवी व स्थानीय ग्रामीणों द्वारा हो रही पानी के किल्लत के मद्दे नजर, नगर परिषद मुख्यालय घेराव का आयोजन किया गया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए, वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश के उपरांत कर्मियों द्वारा अभियान चलाकर खराब पड़े चपकलो को ठीक कराया जा रहा है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। वहीं सामजसेवी सतार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी ने कहा कि विभाग के वरीय पदाधिकारी के आश्वासन पर मुख्यालय घेराव का कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। वहीं नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने कहा कि सभी खराब चपाकलों का सर्वे करा कर उसे युद्ध स्तर पर ठीक कराया जा रहा है। मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, सिटी मैनेजर प्रभात कुमार,कनीय अभियंता अजीत टुडू,अनिल राम सहित कई स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

### सांसद ने ग्रामीणों से किया जनसंवाद

**पाटन।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने राजहारा पंचायत के ग्रामीणो से रु बरु होकर पंचायत की समस्याओं से अवगत हुए। वहीं मुखिया अजय पासवान ने विकास योजनाओं के निर्माण के लिए लिखित रूप से ज्ञापन सौपा। मुखिया ने बताया कि राजहारा पंचायत के सुदुरवर्ती गांव में जाने के लिए सड़क नहीं है । जिसके लिए उन्होंने सड़क की मांग की। साथ ही राजहारा से शोले भूड़वा तक की सड़क मरम्मत,सिंचाई सुविधा के साथ बिल्होरी में मंदिर निर्माण की मांग की ,जहां हर साल शिवरात्रि में मेला लगता है। वहीं पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्या को सांसद से बताया। संसद बीडीराम राम ने मुखिया समेत ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही इस क्षेत्र की समस्याओं को निराकरण करेंगे। सरकार विकास योजना पर काम कर रही है। मौके पर उपस्थित ईश्वरी पांडे, अखिलेश पांडे,सुमन गुप्ता, रामानंद पाण्डेय, नकुल दुबे, अमरेश दुबे,समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### आपसी लड़ाई में टूटा हाथ, मामला दर्ज

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 19 के पचघड़ा गांव में बुधवार को आपसी विवाद में एक महिला ने अपने सौतन को जमकर पीटा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बबलू परहिया की दो पत्नी है। उनकी आपसी विवाद में पहली पत्नी ने दूसरी पत्नी राधिका देवी को जमकर पिटाई कर दी है। जिससे उसकी एक हाथ टूट गई । जिन्हे स्थानीय लोगों व परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में भर्ती कराया । जानकारी देते हुए पार्षद सलीमुदीन अंसारी ने बताया कि फिलहाल महिला खतरे से बाहर है। वहीं घायल राधिका देवी ने अपने सौतन के खिलाफ घटना की लिखित शिकायत विश्रामपुर थाने में आवेदन के माध्यम से दी है। जिसकी जांच में पुलिस जुट गई है।

# मंदिर निर्माण के लिए सहयोग की अपील




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय साहित्य समाज चौक स्थित रामचरित मानस महायज्ञ समिति के द्वारा आमजनों से मंदिर निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग की अपील की है। महायज्ञ समिति के सचिव शिवनाथ अग्रवाल ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग की जरूरत है। उन्होंने बताया कि वैसे लोग जिन्होंने आजीवन सदस्यता के लिए अपना सहमति दिए है वो भी अपना सदस्यता शुल्क जल्द से जल्द जमा करें। ताकि मंदिर निर्माण का कार्य तीव्र गति से शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि भव्य मंदिर के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गौरतलब है कि रामचरित मानस महायज्ञ समिति के द्वारा भव्य राममंदिर का निर्माण कराया जाना है। जिसके लिए भूमि पूजन का कार्य तत्कालीन पलामू आयुक्त के द्वारा किया गया है। समिति के द्वारा सदस्यता शुल्क भी निर्धारित किया गया है। जिसमें आमजन भी मंदिर निर्माण में अपना सहयोग कर सकते है।

# काले कृषि कानून के विरोध में दुकानें बंद





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में राज्य सरकार के द्वारा बनाये गए कृषि कानून के विरोध में बुधवार को स्थानीय बाजार के सभी दुकानें बंद रही। झारखंड सरकार के कृषि मंत्री द्वारा सदन में पारित कराए गये नए कृषि कानून विधेयक के विरोध में पलामू के सारे व्यवसायी एकजुट हो गये हैं । सुबह से ही बाजार में स्थानीय व्यवसायी अपनी अपनी दुकान को बंद रखा। जैसे जैसे दिन चढ़ता गया लोगों की संख्या बढ़ती गई और दोपहर तक सभी व्यवसायी एकजुट होकर सरकार के काले कानून का विरोध करते हुए रैली निकालें। कृषि मंत्री के खिलाफ नारे लगाए और जल्द कानून वापस लेने की मांग की । पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने भी व्यवसायी से अपील की है कि पलामू के सभी व्यवसायी एकजुट होकर इस काले कानून का विरोध करें । वही,सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि उस कानून के लगने पर केवल आटे और मैदे में लगभग 5 रुपये की वृद्धि हो जायेगी। जरूरी कागजों के नाम पर दोषियों का दोहन किया जायेगा एवं छोटी मोटी भूल को भी बड़ी बनाकर एक बड़ा भ्रष्टाचार का व्यापार शुरू हो जायेगा । कहा कि इस कानून से समझौता नहीं करना है और इसे लागू नहीं होने देना चाहिए । इसके लिए चैंबर ऑफ कॉमर्स सभी व्यवसायी के साथ खड़े है और किसी भी तरह के आंदोलन के लिए तैयार है। मौके पर व्यवसायी संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, संरक्षक नवलपुर तुलस्यान, सचिव राजेंद्र कुमार उर्फ नागिन, सचिव पप्पू सराफ सह सचिव महेंद्र अग्रवाल, पपन कुमार, रामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद अग्रवाल, संजय भगत ,सुनील गुप्ता, फिरोज अंसारी, आलू प्याज संघ के सहयोगी गौस मोहम्मद पप्पू गुड्डू एवं करीमन प्रसाद के साथ सैकड़ों की संख्या में व्यवसायी उपस्थित थे।

**क्या है कृषि कानून में :** कृषि मंत्री द्वारा पारित कराये गए कानून में कृषि उपज या पशुधन जो पांच क्विंटल से ज्यादा का खरीद बिक्री किया जायेगा तो बाजार समिति का लाइसेंस लेना अनिवार्य हो जायेगा। वही, 2% कृषि कर देने के साथ साथ विभिन्न अनुज्ञप्ति को भी भरना होगा। इसे संभालकर अपने पास रखना होगा। इसमें थोड़ी सी चूक में कृषि कर अफसरों के द्वारा व्यापारियों का भयादोहन शुरू हो जायेगा।

# वरदान ट्रस्ट ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा बुधवार को कन्नी राम चौक स्थित जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया । कार्यक्रम में संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने बच्चों से आग्रह किया कि बिना 18+ हुए आप सब गाड़ी लेकर सड़कों पर नहीं उतरेंगे। सबसे पहले ड्राइविंग लाइसेंस बनवायेंगे। गाड़ी चलाने अच्छे से सीखेंगे तभी सड़कों पर गाड़ी लेकर आयेंगे । तत्पश्चात थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर बने कानून और सजा की जानकारी दी। साथ ही यह भी कहा कि जीवन अनमोल है। इसे अपनी लापरवाही से बिल्कुल न गंवायें । स्कूल के प्राचार्य अजय श्रीवास्तव ने बच्चों से अपील किया कि कम उम्र के बच्चों को गाड़ी लेकर निकलने की कोई जरूरत नहीं। वे अपना फोकस पढ़ाई पर करें, और एक जिम्मेदार नागरिक बनें । फरहा खान और कंचन गुप्ता ने सड़क सुरक्षा गीत प्रस्तुत किया। वहीं युवा सदस्य लक्ष्य श्रेष्ठ ने गाड़ी चलाते समय हैलमेट, गलव्स और जूते पहनने और मोबाइल/इयरफोन का इस्तेमाल न करने की बात कही । कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई । इन तमाम बातों पर अमल करने के साथ साथ अपने दोस्तों और परिवार के लोगों से इन बातों को शेयर करने की गुजारिश की गई । आज के अभियान में वंदना सिन्हा , रिनू शर्मा, राखी सोनी, कंचन गुप्ता, फरहा खान, संध्या अग्रवाल, लक्ष्य श्रेष्ठ, रोहित गुप्ता और शशिकांत ओझा शामिल थे।

# अधिवक्ता संघ का निःशुल्क जांच शिविर 16 को



**मेदिनीनगर।** आर्शी केयर हॉस्पिटल पांकी रोड रेड़मा व पलामू जिला अधिवक्ता संघ के सौजन्य से 16 फरवरी गुरूबार को 10 बजे दिन से निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया जायेगा । उक्त आशय की जानकारी पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि जांच में अधिवक्ताओं को सहयोग करने के लिए संघ के उपाध्यक्ष मनधारी दुबे ,कोषाध्यक्ष वरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव प्रशासन अजय कुमार पांडेय, सहायक कोषाध्यक्ष रामप्रवेश रजक व कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार पांडेय रहेंगे। उन्होंने बताया कि जांच शिविर में ब्लड प्रेशर, मधुमेह, हेमोग्लोबिन ,ईसीजी इत्यादि की जांच निःशुल्क होगा।

# पुलवामा की चौथी बरसी पर पर्यावरणविद ने किया पौधरोपण

## आत्मा शांति के लिए दिया पौधा में पानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलवामा हमले के चौथी बरसी पर इस बार यूपी के लखनऊ और अयोध्या में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और वीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने पुलवामा के शहीद वीर सपूतों एवं रामजन्मभूमि के कारसेवकों की आत्मा की शांति के लिए उनके नाम थाईलैंड का बारहमासी आम और परिजात का पौधा लगाकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने संस्था के लोगों के साथ लखनऊ के अंबेडकर पार्क और अयोध्या के बाल्मीकि भवन, प्रमोद वन, बड़ी कुटिया हनुमानगढ़ी, महंत श्री सत्यनारायण दास जी महाराज,बड़ा स्थान जानकी घाट के महंत 1008 रामदास जी महाराज के आश्रम में भी पौधरोपण कर उन्हें पलामू आने का न्योता दिया। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने अपने संबोधन में कहा कि संत , सरोवर और तरुवर दूसरों को परोपकार के लिए ही पृथ्वी पर आते हैं। उन्होंने कहा कि संत दो प्रकार के होते हैं एक जो घर परिवार छोड़कर लोगों के परमार्थ के लिए काम करते हैं और दूसरा घर गृहस्थ आश्रम में भी रहकर जन कल्याण किया करते हैं । उन्होंने कहा कि जिनकी आत्मा महान होती है,वही महात्मा होते हैं। वहां के संत महंतों ने श्री जायसवाल के पर्यावरण के क्षेत्र में धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले 84 लाख योनि जीवों की सुरक्षा के लिए किये जा रहे कार्यों के लिए साधुवाद देते हुए पलामू आने का निमंत्रण स्वीकार किया । कार्यक्रम में प्रमुख लोगों में श्री श्री 108अनूप प्रकाश दास, भोलू पांडेय, पूनम जायसवाल, सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, अल्पना देवी, सूरज कुमार,अभिषेक कुमार, विकास कुमार, पूर्णिमा कुमारी संतोष कुमार आदि शामिल थे।

# जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नेहरू युवा केन्द्र पलामू के तत्वावधान में ज़िला युवा अधिकारी अजीत कुमार के नेतृत्व में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन सदर प्रखंड अंतर्गत जमूने पंचायत के सरना स्थल मैदान में किया गया। बुधवार को दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का अंतिम दिन सभी खेलों का फाइनल आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी में विजेता सावित्रीबाई फुले टीम एवं उपविजेता रानी लक्ष्मीबाई टीम, दौड़ प्रतियोगिता बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान क्रमशः नंदिनी लकड़ा एवं स्मृति कुजूर,वहीं बालक वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान क्रमशः बिकेश उरांव एवं जुगेंद्र उरांव, फुटबॉल में विजेता सतबरवा टीम एवं उप विजेता पाटन की टीम हुई। कार्यक्रम के समापन में नेहरु युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी अजीत कुमार, ज़िला परिषद प्रतिनिधि अर्जुन सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिमा देवी, समाजसेवी सुनील तिर्की, गुणेश्वर साहू सहित अन्य गणमान्य लोगों की गरिमामई उपस्थिति में सभी विजयी खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति प्रपत्र से सम्मानित किया गया। वहीं अन्य सभी प्रतिभागियों को भी सहभागिता प्रपत्र से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि पिछले महीने में जिले के कुल 9 प्रखंडों में नेहरु युवा केन्द्र द्वारा खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया था एवं उन्हे जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया था।

# समाजसेवी ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के पंसा पंचायत अंतर्गत रानीदेवा ग्राम के पासवान टोला में 100 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह और ग्रामीण रामविलास पासवान ने सयुंक्त रूप से किया। उन्होंने बताया कि जिला परिषद सदस्य अंजू देवी की अनुशंसा पर इस पथ का निर्माण 15 वें वित्त मद से स्वीकृति मिली है। जिसका निर्माण खरकही मेन रोड से ललन सिंह के बागीचा से कुंडल सिंह के घर तक प्राक्कलित राशि 2,49,900 से कराया जायेगा। मौके पर ग्रामीण उपेंद्र सिंह, विश्वनाथ सिंह, शम्भू मेहता, गया लाल, सोनू सिंह, संतोष पांडेय, मुरली पासवान, ओम प्रकाश सिंह, भीष्म कुमार, बादशाह पासवान, शशिकांत कुशवाहा, मनोज पासी, सिन्टु सिंह, विजय मेहता और नागदेव साव सहित अन्य कई मौजूद थे।

**प्रशासन** | **विधायक ने पदाधिकारियों से लिया जायजा**

# झामुमो नेताओं का पांकी दौरा, शांति की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो नेताओं का एक प्रतिनिधि दल जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में पांकी का दौर कर दोनों वर्गों को माहौल को शांत रखने और भाईचारे को बनायें रखने की अपील की। पांकी में तोरण द्वार लगाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस द्वारा 144 लगा दिया गया है। इस तनाव पूर्ण माहौल को शांत कराने का बेहतरीन पहल झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। जिसकी सराहना सभी लोगों ने मुक्त कंठ से की। इसी क्रम में भाजपा विधायक शशि भूषण मेहता, भाजपा नेता लाल सूरज और पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह से भी मिल कर उन्होंने शांति सौहार्द बने इस पर चर्चा की। साथ ही पांकी थाना में आई.जी राजकुमार लकड़ा, डीसी आंजनेयुलू दोड्डे और एसपी चंदन सिन्हा के साथ बैठक कर सुरक्षा और कानून व्यवस्था की जानकारी ली। अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि माहौल बिगड़ने से समाज का सिर्फ नुकसान होता है, समाज पिछड़ जाता है। पांकी ही नहीं पूरे पलामू की पहचान उसके एकता और भाईचारे के लिए भी है। ऐसी घटनाओं का होना बेहद ही दुखद है। चंद लोगों के चलते सबका नुकसान होता है। इन सबसे हमें बचना चाहिए। सब लोग मिल जुल कर रहें, एक दूसरे की मदद करें। कंधे से कंधे मिलाकर पांकी को आगे बढ़ाने का काम करें। पांकीवासी शांति और सौहार्द बनाए रखें, कानून को हाथ में लेना और कानून को तोड़ना किसी के लिए भी उचित नहीं हैं। बांटने वाली शक्तियों को अपनी भाईचारगी से जवाब दें। आज झारखंड में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के मजबूत नेतृत्व में झारखंडियों की सरकार है। हम विकास की पथ पर तेजी से बढ़ रहे हैं । ऐसे में ये सब घटना शांति को भंग करेगी।आम आवाम की परेशानियों को बढ़ायेगी। हमारी अपील है की सब लोग शांति से रहें और समाज में प्यार बना रहे। प्रतिनिधि दल में सचिव सन्नू सिद्धिकी, केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, गोपाल सिन्हा, सुनील तिवारी, मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, संगठन सचिव अनुराग प्रताप सिंह, युवा नेता सन्नी शुक्ला, यशवंत सिंह, छोटू त्रिपाठी, पांकी प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा, राजेंद्र राम, रेहान खान, अर्जुन सहाय उपस्थित थे।



# पांकी में आपसी सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास किया गया: कौशल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता कौशल किशोर बच्चन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पांकी में असामाजिक तत्वों के द्वारा शांति भंग करने और आपसी सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। इस कार्य में जो असामाजिक तत्व शामिल है। उन्हें चिन्हित कर उचित कार्रवाई की जाए। श्री बच्चन ने पांकी वासियों से शांति बनाए रखने की अपील की है। साथ ही कहा है कि प्रशासन पर भरोसा रखें। श्री बच्चन असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर करवाई करने की अपील की है। उन्होंने आगे कहा कि जो भी आपसी सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, वे नाकाम होंगे । हमें पुनः शांति बहाल कर आपसी सौहार्द्र बनाए रखने की जरूरत है। किसी तरह की कोई गलत अफवाह से बचें। कोई गलत अफवाह फैलाने की कोशिश ना करें । प्रशासन को सहयोग करें व शांति बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें । हिंसा किसी भी चीज का हल नहीं होता है । हमें किसी भी तरह का हिंसात्मक कदम से बचना चाहिए। आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ रहना ही हमारे देश की खूबसूरती है, जो भी अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं यह उचित नहीं है। प्रशासन की पहल से जल्द ही शांति व्यवस्था कायम होगी ।

**ज्ञान की बात**

**प्रकृति तो किसी की भी बदली नहीं जा सकती । प्रकृति को बदलने की आवश्यकता भी क्या है ! बदलनी तो मात्र नीति है । अपने कर्तव्य की पूर्ति के लिए कठोरता धारण करने से न कोई पतित होता है , न मानवता शून्य ! धर्मपरायण होने का अर्थ मूर्ख होना तो नहीं है। हमें अपने भ्रमों से मुक्त होना है, न्याय-अन्याय के बोध से नहीं । हमें अपना अहंकार और मोह त्यागना है। अपने अधिकारों का त्याग तो आत्मघाती होगा।**

**- *ठाकुरजी***

# चले अभियान

***सड़क*** हादसों में होनेवाली मौत व नुकसान के मामले में सख्ती आवश्यक है। ऐसा नहीं हो पाने की वजह से हमारे दरवाजे पर मौत बार-बार दस्तक दे रही है। बहरहाल पिछले दिनों सड़क हादसा रोकने के लिए झारखंड में एडीजी अभियान ने बैठक की। इसके अंतगर्त यह निर्णय लिया गया कि सुबह और शाम सड़क दुर्घटना के दृष्टिकोण से पीक आवर होते हैं। इस स्थिति में चेकिंग अभियान चलाकर सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सकती है। इसके अलावा अब यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान काटने के लिए अब पुलिस के अधिकारी को भी अधिकृत किया गया है। इससे निश्चित रूप से साकारात्मक परिणाम मिलेंगे। बहरहाल इस मामले में देखा जाता है कि तेज रफ़्तार की वजह से ज्यादा दुर्घटनायें होती हैं। वैसे तो कई कारण इसके हैं। लेकिन मुख्य रूप से यह भी एक बड़ा कारण है। दूसरी तरफ इसकी रोकथाम के लिए एनजीओ, व्यवसायियों का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। ताकि सार्वजनिक, निजी क्षेत्र के उपक्रम और स्पीड गन, सीसीटीवी कैमरा की मदद से सड़क हादसे पर ब्रेक लगाया जा सकता है। समय-समय पर इस क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित कर हौसला अफजाई भी जरूरी है। जैसा कि एडीजी अभियान ने खूंटी, पलामू, गोड्डा, लातेहार, चतरा एसपी एवं जमशेदपुर एसएसपी द्वारा सड़क सुरक्षा में सराहनीय कार्य करने के लिए इन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही अच्छा काम नहीं करने वाले अधिकारियों को दंडित भी करना जरूरी है। कारण सड़क दुर्घटना की घटना एक बड़ी दुर्घटना में तब्दील हो चुका है। आखिर कैसे इस पर काबू पाया जा सकता है? यह सवाल सबको परेशान कर रहा है। कारण लगातार सड़क हादसे में इजाफा हो रहा है। इसमें जान गंवाने वाले ज्यादातर युवा हैं। बिना हेलमेट व सीट बेल्ट लगाये लोगों पर कठोर कार्रवाई की जरूरत है। सड़क सुरक्षा अभियान के माध्यम से बार-बार लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल व अन्य उपकरणों पर उपयोग करते पकड़े जाने पर उन्हें एहसास कराने के लिए सख्ती भी आवश्यक है। जिसे बगैर दबाव में किये जायें। मसलन नियम को नहीं मानने वालों को यह बताना जरूरी है कि यह सब आपके लिए किया जा रहा है। उन्हें अपने दायित्व का बोध कराने के लिए कभी -कभी लचीला रूख भी अपनाने की जरूरत है। बहरहाल सड़क दुर्घटना एक बड़ी समस्या है। इससे निपटने के लिए सबकी सहभागिता जरूरी है। यह प्रयास समय की मांग है। ऐसा नहीं होने पर आने वाले दिनों में और स्थिति भयावह होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

**समय के अंतराल में इसकी पड़ताल जारी है। मेले में परिसम्पत्तियों का वितरण हौसला अफजाई के क्षेत्र में बड़े कदम के रूप में देखा जा सकता है। मेला का लाभ आदिवासी समाज सहित अन्य लोगों को मिले।**

# महमूद मदनी पहले इतिहास तो पढ़ लेते







डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***जमीयत*** उलेमा-ए-हिंद प्रमुख महमूद मदनी का यह कहना, 'इस्लाम एक ऐसा धर्म है जो बाहर से आया है, सरासर गलत और निराधार है। इस्लाम सभी धर्मों में सबसे पुराना धर्म है। इस्लाम भारत का ही मजहब है और सारे मजाहिद और सारे धर्मों में सबसे पुराना मजहब है। इस्लाम के आखिरी इसी दिन को मुकम्मल करने के लिए तशरीफ लाए थे।' बहुत आश्चर्य है! एक नैरेटिव गढ़ने के लिए वे झूठ भी बोलते हैं तो इतनी सफाई से। जिस खुदा और उनके शब्दों में पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम(प्रोफेट मोहम्मद) का वे जो हवाल देते हैं, कम से कम अपनी नहीं तो अपने खुदा एवं अपने ईश्वर का तो बोलते वक्त ध्यान रख लेते? देखा जाए तो इस समय नैरेटिव गढ़ने का दौर चल पड़ा है। कभी-कभी लगता है कि 21वीं सदी विकास के लिए कम नैरेटिव के लिए जरूर अधिक याद की जायेगी । आखिर अब 'ईसाइयत' के बाद सार्वजनिक मंच से 'इस्लाम' को भी झूठ के सहारे की आवश्यकता पड़ गई? ईसाइयत भी तो सेवा की आड़ में, झूठ के सहारे और प्रार्थना के नाम पर लोगों को गुमराह करती और मतान्तरण करवाती हुई अनेक स्थानों पर दिखाई देती है। इसी प्रकार लग रहा है, कुछ लोगों के माध्यम से इस्लाम को भी इस झूठ की आवश्यकता पड़ गई है कि कैसे वह अपनी दूसरे मत के बीच और अपने मत के मानने वालों के विश्वास को बनाये रखने का काम करे। दूर नहीं जाएं यह पिछली शताब्दियों की ही बात है, जब मैक्स मूलर, विलियम हंटर और लॉर्ड टॉमस बैबिंग्टन मैकॉले इन तीन लोगों के कारण भारत के इतिहास का विकृतिकरण आरंभ हुआ, इन्होंने भी अपने हित को देखते हुए एक नैरेटिव रचा और भारत के तथाकथित बुद्धिमान उसके चक्र में फंस गये। अंग्रेजों ने कहना शुरू किया, भारतीय इतिहास की शुरूआत सिंधु घाटी की सभ्यता से हुई है। फिर कहा कि सिंधु घाटी के लोग द्रविड़ थे । आर्यों ने बाहर से आकर सिंधु सभ्यता को नष्ट करके अपना राज्य स्थापित किया। 1500 ईसा पूर्व से 500 ईस्वी पूर्व के बीच के काल को अंग्रेजों ने आर्यों का काल घोषित कर दिया। अंततः समाज में यह भ्रांति फैलती गई की आर्यों ने द्रविड़ों की सिंधु सभ्यता को नष्ट कर दिया। आर्य घोड़े पर सवार होकर आए और उन्होंने भारत पर आक्रमण कर यहां के लोगों पर शासन किया। तात्पर्य 1500 ईसा पूर्व घोड़े के बारे में सिर्फ आर्य ही जानते थे। जबकि तथ्य यह है कि मध्य पाषाण काल का युग 9000 ईसा पूर्व से 4000 ईसा पूर्व के बीच था। इस काल में व्यक्ति शिकार करने के साथ ही पशुओं

**विलियम हंटर और लॉर्ड टॉमस बैबिंग्टन मैकॉले इन तीन लोगों के कारण भारत के इतिहास का विकृतिकरण आरंभ हुआ, इन्होंने भी अपने हित को देखते हुए एक नैरेटिव रचा और भारत के तथाकथित बुद्धिमान उसके चक्र में फंस गये।**

## इन दिनों

को पालने लगा था। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में कोठारी नदी के किनारे बागोर और मध्यप्रदेश के नर्मदापुर जिले में नर्मदा नदी के पास आदमगढ़ में 9000 ईसा पूर्व से 4000 ईसा पूर्व के बीच के पाषाण अवशेष मिल चुके हैं जिनसे ज्ञात होता है कि उस काल में लोग धनुष बाण का उपयोग करने के साथ ही घोड़े की सवारी करते थे। अर्थात भारत में लोग नौ हजार ईसा पूर्व घोड़ों पर बैठकर शिकार किया करते थे। इससे स्पष्ट है कि कथित रूप से बताये गये आर्यों के काल से पूर्व ही भारतीय लोग घोड़ों पर बैठकर धनुष बाण से शिकार करते थे। लेकिन अंग्रेज यह भ्रम फैलाकर आगे दूसरे नैरेटिव गढ़ने में लग गये। आश्चर्य की बात है कि जिस इतिहास और शोध के दावों के आधार पर अंग्रेज इस ''आर्यन इन्वेजन थ्योरी'' को गढ़ रहे थे, उसका कोई मूल तथ्य कभी प्रस्तुत नहीं कर पाये। इनमें से किसी ने कहा कि आर्य मध्य एशिया के रहने वाले थे, कोई इन्हें साइबेरिया, मंगोलिया, ट्रांस कोकेशिया या स्कैंडेनेविया का मूल निवासी बता रहा था। आर्य बाहर से यानी कहां से आए? उसका कोई सटीक उत्तर कभी किसी के पास नहीं रहा, किंतु धारणा (नैरेटिव) तो धारणा है, एक बार मस्तिष्क में छप गई तो फिर क्या किया जा सकता है? दो शताब्दियां गुजर गईं इस झूठ को समझाने में कि आर्य जैसा कोई शब्द कभी विदेशियों के लिए रहा ही नहीं, जोकि भारत में बाहर से आकर कभी बसे हों। भाषा विज्ञान में आर्य का अर्थ उत्तम, पूज्य, मान्य, प्रतिष्ठित, धर्म एवं नियमों के प्रति निष्ठावान या श्रेष्ठ है। प्राचीन भारत में जो भी श्रेष्ठीजन थे, उन्हें आदर सूचक शब्द अर्थात आर्य कहकर संबोधित किया जाता था। आज यह बात पूरी तरह से सिद्ध भी हो चुकी है। किंतु सोचिये कितना वक्त लगा, कितनी ऊर्जा, श्रम, समय और सामर्थ्य सिर्फ इस तथ्य को प्रकाश में लाने और समझाने में लगा है कि ''आर्यन इन्वेजन थ्योरी'' असत्य है। वास्तव में जमीयत उलेमा-ए-हिंद प्रमुख महमूद मदनी भी आज बड़ी चालाकी से झूठी ''आर्यन इन्वेजन थ्योरी'' की तरह यह धारणा बनाने का प्रयास कर रहे हैं कि इस्लाम दुनिया का सबसे पुराना धर्म है। इसमें भी गजब यह है कि खुले साक्ष्यों के बावजूद भी शब्दों का जादू दिखा रहे हैं। अब इससे जुड़ा इतिहास देखिये मुहम्मद साहब का जन्म 570 ईस्वी में मक्का में हुआ था।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान विश्वकर्मा की कथा*

**चौथा अध्याय**

***उसके*** पाप केवल दुःख देने के लिए निर्धन या निस्संतान बना देता ही साधन है। इसलिए तू सब कामों को छोड़कर अमावस्या को व्रत कर और जितेन्द्रिय रह कर भक्ति से विश्वकर्मा भगवान का श्रवण किया कर। जितना हो सके उतना दान, अध्ययन परोपकार के कार्य आदि करता रह। इस प्रकार ब्राह्मण के वचनों को सुन कर उस स्थकार के लोचन खुल गये। उस परोपकारी ब्राह्मण के चरणों को देर तक स्पर्श करके वह रथकर श्री विश्वकर्मा जी का ध्यान करता हुआ अपने घर को चला गया। उस दिन से लेकर वह धर्मात्मा, रथकार श्री विश्वकर्मा जी के चरण कमलों की शक्ति मे लीन रहने लगा। उस रथकार की उत्तम स्त्री भी सब मिथ्या उपायों को छोड़कर श्री विश्वकर्मा के उत्तम गुणों में भक्ति करने लगी। अमावस्या के दिन इस दिव्य व्रत के प्रमाण से वह दम्पत्ती धन और पुत्रों से युक्त हुई। उस रथकार का एक दिन भी बिना वृत्ति के नहीं जाता था। उसका पुत्र बडां सुशील गुणवान विद्वान और अपने माता-पिता की सुश्रूषा करने वाला हुआ। इस प्रकार सब देंवो से अतिशायी श्री विश्वकर्मा के प्रभाव से यह गृहस्थ सुख भोगने लगा। इसी प्रकार जो मनुष्य भक्तियुक्त चित से श्री विश्वकर्मा का ध्यान करते हैं वे इस लोक में पुत्र पौत्रादि से युक्त होकर सुखी होते है।

**पांचवां अध्याय**

ऋषियों नें कहा - हे सूत जी, विश्वकर्मा भगवान के जिन चरणों की पूजा देवता भी करतें है, आनन्दमयी चरित्र को थोडे से शब्दों मे सुनकर हमारी इच्छा और भी बढ गई।

*(क्रमशः)*

# पाकिस्तान में हिंदू-भारत विरोधी नेता संकट में क्यों



आर.के.सिन्हा

***पाकिस्तान*** में आजकल एक अजीब तरह का इत्तेफाक देखने में आ रहा है। आटे की कमी और महंगाई की मार से त्रस्त और पस्त झेलते पाकिस्तान में इमरान खान के तीन करीबी नेताओं पर शरीफ सरकार का शिकंजा कसता जा रहा है। ये सभी घनघोर भारत तथा हिन्दू विरोधी बयानबाजी करने के कारण बदनाम रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार के गृहमंत्री शेख राशिद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी जेल भी जा चुके हैं। इन दोनों पर सरकारी कामकाज में बाधा उत्पन्न करने के आरोप हैं। कश्मीरी मूल के शेख राशिद रावलपिंडी के उसी गॉर्डन कॉलेज में पढ़े हैं जिसमें सशक्त अभिनेता बलराज साहनी और उनके अनुज तथा महान कथाकार भीष्म साहनी पढ़ते थे।। शेख राशिद बेहद हल्के इंसान हैं। उनकी किसी प्रेस कॉन्फ्रेंस को देखकर उनके गटर छाप होने का अंदाजा लग जाता है। उनके तीन काम हैं। वे या तो शरीफ बंधुओं को कोस रहे होते हैं या वे जरदारी और उनके पुत्र बिलाल भुट्टो को पाकिस्तान के ताजा खराब हालातों के लिए दोष दे रहे होते हैं। यहां तो वे अपने राजनीतिक विरोधियों पर वार करते हैं। पर उन्हें अपने देश के कठमुल्लों के बीच इसलिए सम्मान मिलता रहा है, क्योंकि, वे भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते रहते हैं। अपने को दिलीप कुमार तथा रेखा का फैन बताने वाले शेख राशिद यहां तक कह चुके हैं कि उनके देश के पास रखे परमाणु हथियार भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकते हैं। इस्तेमाल इस तरह से होंगे ताकि भारत में रहने वाले मुसलमान बच जाएं। शेख राशिद कहते थे कि हमारे पास 250-250 ग्राम के न्यूक्लियर हथियार हैं, हम जहां चाहे गिरा सकते हैं। पाकिस्तान को डरने की क्या जरूरत है। इसके साथ ही वो कहा करते थे कि भारत को ऐसा सबक सिखायेंगे कि वो हमेशा याद रखेंगे। वे पाकिस्तान की बदहाली के लिए सरकार की नीतियों से अधिक अल्ला ताला के मुंह फेरने को जिम्मेदार बताते थे। बहरहाल, वे आजकल जेल की हवा खा रहे हैं। जेल में जाते हुए वे कांप रहे होते हैं। फवाद चौधरी भी शेख राशिद की तरह ही भारत विरोधी हैं। वे भी भारत की तरक्की से जलते-भुनते रहे हैं। जब राफेल लड़ाकू विमान को सौंपे जाने से पहले रक्षा मंत्री द्वारा पूजा हुई तो फवाद चौधरी ने पूजा का मजाक उड़ाया। दशहरे पर फ्रांस ने भारत को पहला राफेल फाइटर जेट सौंपा था। पारंपरिक तौर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी पूजा की थी। भारत में दशहरे पर शस्त्र पूजा की प्राचीन और पारम्परिक धार्मिक परंपरा है। फ्रांस में शस्त्र पूजा पर राजनाथ ने कहा था कि अलौकिक शक्ति में हमारा पूर्ण विश्वास है। हालांकि पूजा को गलत बताने वालों को कौन बताये कि संसार में केवल दो चीजें ही अनंत हैं- ब्रह्मांड और विस्तार। तमाम हल्की बातों को किनारे रख दें। अगर कोई भारतीय हमारी परंपरानुसार पूजा करता है, तो किसी को भी उसकी आलोचना करने की क्या जरूरत है। रक्षामंत्री ने केवल भारतीय परंपराओं का निर्वहन किया था। चौधरी बिना जाने-समझे बकवास कर रहे थे। वे भी जेल में भेजे गये थे। फिलहाल जेल से बाहर है। सुना है कि उनकी जेल में कसकर सेवा हुई है। शेख राशिद तथा चौधरी की तरह एक फैय्याज चौहान साहब भी हैं। वे एक बार कह रहे थे कि 'हम हिन्दुओं की तरह बुतपरस्त नहीं हैं। हम मुसलमान हैं। भारत यह न सोचे कि वे हमसे सात गुना बढ़ा है।' उनका एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें वे हिन्दुओं पर करारा प्रहार कर रहे हैं। हालांकि, वे यह सब करते हुए कहीं न कहीं अपनी पुरखों को ही कोस रहे थे। उन्हें ही गालियां दे रहे थे। चौहान को लगता है कि उन्हें अपने पूर्वजों के संबंध में कोई इल्म ही नहीं है। उनका

**दशहरे पर फ्रांस ने भारत को पहला राफेल फाइटर जेट सौंपा था। भारत में दशहरे पर शस्त्र पूजा की प्राचीन और पारम्परिक धार्मिक परंपरा है। फ्रांस में शस्त्र पूजा पर राजनाथ ने कहा था कि अलौकिक शक्ति में हमारा पूर्ण विश्वास है।**

## राजनीति

सरनेम चौहान होना ही इस बात की गवाही है कि उनके पुरखे राजपूत हिन्दू थे। फैय्याज चौहान के पास गलती से संस्कृति विभाग का भी दायित्व था। जरा देख लीजिए कि संस्कृति मंत्रालय को देखने वाला शख्स किस सड़क छाप भाषा का इस्तेमाल कर रहा है। उनके अपने देश में अब भी चालीस-पचास लाख बचे खुचे हिन्दू रहते हैं। हिन्दू पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय भी है। इन सबके बावजूद वे अपने देश के हिन्दुओं का भी घोर अनादर करते हैं। वे भारत के ऊपर तोहमत लगायें तो समझ आता है। पर हिन्दू धर्म ने वहां पर किसी का क्या बिगाड़ा है। शेख राशिद एक बार कह रहे थे कि अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया तो 'पाकिस्तान को भारत पर परमाणु बम गिराने में देर नहीं लगेगी। हम मंदिरों की घंटियों को बंद करवा देंगे।'

## फोटो की दुनिया




## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# जन-संचार माध्यमों में हिंदी की बढ़ती उपस्थिति



गिरीश्वर मिश्रा

***अनुमान*** किया जा रहा है कि इक्कीसवीं सदी में विश्व पटल पर भारत और चीन देशों की मुख्य भूमिका हो सकती है। वे कई परिवर्तनों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करते हैं। संचार माध्यमों के तीव्र विस्तार के साथ कई अर्थों में 'विश्व-व्यवस्था' और 'विश्व-गांव' जैसे जुमले वास्तविकता का आकार ले रहे हैं। व्यापार - वाणिज्य को बढावा देने के लिए नये किस्म की जरूरतें पैदा हो रही हैं। अपने हितों को देखते हुए अनेक बहुराष्ट्रीय कंपिनियां भारत के साथ व्यापार बढ़ा रही हैं। चूंकि उपभोक्ता या ग्राहक हिंदी क्षेत्र में अधिक हैं अतः अर्थ तंत्र की संघटना में हिंदी की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत हुई है। इस बीच सूचना-प्रौद्योगिकी का भी अप्रत्याशित विस्तार हुआ है जिसने भाषा-व्यवहार, कार्य के परिवेश और कार्य पद्धति में एक अनिवार्य बदलाव आ रहा है। हिंदी भाषा की क्षमता को कई तरह से आंका जाता है। उसके बोलने वालों का बढ़ता संख्या बल, साहित्य-सृजन की मात्र और उसके प्रकाशन का विस्तार, हिन्दी की बढ़ती शब्द-संपदा, हिंदी का लचीला भाषिक स्वरूप, जन-संचार माध्यमों में हिंदी की बढ़ती उपस्थिति, भाषांतर या अनुवाद की व्यवस्था, पारिभाषिक शब्दावली का विकास आदि को ध्यान में रख कर हिंदी की व्यापक भूमिका को अक्सर रेखांकित किया जाता है। भारत के एक बड़े भू-भाग में रहने वाली आम जनता अपने सामान्य जीवन में हिंदी को व्यवहार में लाती है परंतु घर के बाहर निकलते ही उसे एक भिन्न प्रकार के और एक हद तक अस्वाभाविक से भाषिक संसार का सामना करना पड़ता है। हिंदी क्षेत्रों में बाजार, स्कूल, मनोरंजन , कोर्ट-कचहरी, अस्पताल, सरकारी कार्यालय और बैंक आदि स्थानों पर हिंदी और अंग्रेजी भाषाएं प्रतिष्ठा, प्रामाणिकता और उपलब्धता के पैमानों पर अलग पायदानों पर खड़ी दिखती हैं। आज भी अंग्रेजी की स्वीकार्यता निश्चित रूप से अधिक है और वह कुछ अतिरिक्त मोह के साथ भारतीय मानस पर सवार है । यह तब है जब पूरे भारत में हिंदी जानने वालों की संख्या 50 प्रतिशत और अंग्रेजीदां की संख्या महज 10 प्रतिशत है। फिजी में शुरू हुए 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन के बीच हिंदी के महत्व पर चर्चा जरूरी हो जाती है। दरअसल कोई भी भाषा संदर्भ के अनुसार विकसित होती है। जिस भाषा का प्रयोग-क्षेत्र जितना ही विस्तृत होता है वह उतनी ही सबल होती है। जब भाषा के प्रयोग को समाज में सम्मान मिलता है तो उसकी स्वीकृति बढ़ती है। भाषा प्रयोग की औपचारिक और अनौपचारिक शैलियों में भी अंतर होता है और उनकी शब्दावली भी भिन्न हो जाती है। परंतु यह सर्वमान्य है की कोई भाषा उतनी ही सीखी जाती है जितनी उसकी उपयोगिता होती है। भाषा के प्रयोग से ही उसका अस्तित्व होता है और प्रयोक्ताओं कि आवश्यकता से उसकी दक्षता निर्धारित होती है। जब समाज को भाषा की जरूरत होती है तो वह उसका संरक्षण करता है। यह भी गौरतलब है कि भाषाओं के विस्तार के लिए राजनीति बेहद महत्वपूर्ण है। यदि आज अंग्रेजी का बोलबाला है तो इसका कारण यही है कि दुनिया में अनेक देश उसके उपनिवेश रहे हैं। वही हाल फ्रेंच या स्पेनिश साम्राज्य का था । जहां भी उनके उपनिवेश बने थे वहां उनकी भाषा चली। भारत को स्वतंत्रता मिलने के सात दशक बाद भी अंग्रेजी के प्रति ज्यादातर भारतीयों का एक दुर्निवार आकर्षण आज भी बना हुआ है और उसे आसानी से देखा जा सकता है। जीवन के अनेक क्षेत्रों में प्रयोग के कारण अंग्रेजी का प्रभुत्व बना हुआ है। अंग्रेजी ज्ञान के आधार पर अच्छी नौकरी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। साथ ही सरकारी दस्तावेज मूलतः अंग्रेजी में होते हैं और सरकारी कामकाज में अंग्रेजी का बोलबाला है। इसी तरह प्रौद्योगिकी तथा ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में भी अंग्रेजी की उपस्थिति प्रमुखता से देखी जा सकती है। ऐसे में अंग्रेजी के जानकार व्यक्ति को

**भारत के एक बड़े भू-भाग में रहने वाली आम जनता अपने सामान्य जीवन में हिंदी को व्यवहार में लाती है परंतु घर के बाहर निकलते ही उसे एक भिन्न प्रकार के और एक हद तक अस्वाभाविक से भाषिक संसार का सामना करना पड़ता है।**

## हिंदीनामा

समाज में अधिक आदर और सम्मान मिलता है। अनुमान है कि जीवन में महत्वपूर्ण लगभग 85 प्रतिशत कार्यों में अंग्रेजी की साख है और 15 प्रतिशत कार्यों में ही हिंदी का प्रयोग होता है। स्वतंत्रता मिलने के बाद विदेशी भाषा की उपयोगिता और उससे जुड़ा सम्मान भाव कम नहीं हुआ है। यही कारण है कि आज गरीब तबके के लोग भी लाख मुसीबतें झेल कर महंगे अंग्रेजी स्कूल में ही अपने बच्चे को भर्ती करा कर उसे पढ़ाने का बंदोबस्त करते हैं। सरकार इन सबसे उदासीन है हालांकि मातृ भाषा में ही बच्चों की शिक्षा का लाभ सर्वविदित है। हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में अंग्रेजी की घुसपैठ बढ़ती जा रही है और 'हिंग्लिश' यानी हिंदी में अंग्रेजी के छिड़काव को लेकर लोग गर्व करते दिख रहे हैं । लोग अपनी बात को प्रभावी बनाने के लिए अनावश्यक रूप से अंग्रेजी शब्दों को ठूंसते रहते हैं।


स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# ओडिशा में एचएसआरपी रहित 2,674 वाहनों पर चालान



**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) ने पिछले 11 दिनों में 2,674 वाहनों के चालान जारी किए हैं, जिनमें उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) नहीं थी, एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभिन्न सीरीज के वाहनों के लिए दी गई अंतिम तिथि के अनुसार 1 फरवरी से 11 फरवरी तक चालान काटे गए। अपर आयुक्त परिवहन (प्रवर्तन) एलएम सेठी ने बताया कि 13 फरवरी को कुल 38,49,498 वाहन मालिकों ने स्लॉट बुक कराये हैं, जिनमें से 31,65,850 वाहनों में एचएसआरपी लगा दिया गया है।

सेठी ने कहा, यदि किसी वाहन पर निर्धारित तिथि के भीतर एचएसआरपी नहीं लगाया जाता है, तो उल्लंघन करने वाले वाहन के खिलाफ एम.वी. अधिनियम, 1988 की धारा 192 के तहत 5,000 रुपये या 10,000 रुपये के जुमार्ने के साथ ई-चालान जारी किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, अब तक जारी किए गए चालानों में अधिकांश वाहन दोपहिया वाहन हैं। उल्लंघन करने वालों पर 5000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। भविष्य में उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वाहन मालिकों से बिना देर किए अपने वाहनों पर एचएसआरपी लगाने का आग्रह करते हुए, एसटीए अधिकारी ने कहा कि जिन वाहन मालिकों के पास इंटरनेट की सुविधा नहीं है या जिन्हें तकनीक का ज्ञान नहीं है, वे अपनी सुविधा के अनुसार पास के मो सेवा केंद्र या आरटीओ में एचएसआरपी सुविधा केंद्रों के माध्यम से एचएसआरपी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के निर्देशों के अनुसार, राज्य परिवहन विभाग ने अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी पुराने वाहनों के लिए 1 जून, 2022 से एचएसआरपी लगाना अनिवार्य कर दिया है।

एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार, 1 अप्रैल, 2019 से पहले पंजीकृत पुराने वाहनों पर एचएसआरपी लगाने की समय सीमा 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त हो गई। इसी तरह, 7 और 8 के साथ समाप्त होने वाली पंजीकरण संख्या वाले ओडिशा पंजीकृत वाहनों की समय सीमा 31 जनवरी, 2023 को समाप्त हो गई और 9 और 0 के साथ समाप्त होने वाली पंजीकरण संख्या वाले वाहनों के लिए एचएसआरपी लगाने की अंतिम तिथि 28 फरवरी, 2023 है।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में 33 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

**एजेंसी। जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल के सुकमा जिले में तीन इनामी नक्सली सहित 33 नक्सलियों ने आत्म समर्पण कर दिया है। सुकमा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने आज बताया कि इनमें से तीन नक्सली एक-एक लाख रुपये के इनामी हैं। आत्म समर्पित सभी नक्सली किस्टाराम थाना क्षेत्र में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज्य शासन की पुर्नवास नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। नवीन कैंपों की स्थापना का ग्रामीणों पर अनुकूल प्रभाव पड़ रहा है। पिछले सप्ताह ही जिले के तोंडामरका और डब्बामरका क्षेत्र में नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है। इन कैंपों की स्थापना के बाद विकासात्मक कार्यों से प्रभावित होकर नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

## नारायणपुर में आईईडी विस्फोट से आईटीबीपी का एक जवान हुआ घायल



**एजेंसी। नारायणपुर**

जिले के धनोरा थाना से जिला पुलिस बल एवं आईटीबीपी की संयुक्त टीम सर्चिंग के लिए बुधवार सुबह रवाना हुई थी। इस दौरान ओरछा जाने वाले मुख्य मार्ग पर धनोरा से एक किलोमीटर दूर जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया है। इस विस्फोट की चपेट में आने से आईटीबीपी का एक जवान मनोज कुमार मामूली रूप से घायल हुआ है। घायल जवान का उपचार छोटेडोंगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। उसी इलाके में जवानों ने एक प्रेशर आईईडी भी बरामद किया गया है। नारायणपुर एसपी पुष्कर शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नक्सलियों ने आरओपी में निकले आईटीबीपी के जवानों पर आईईडी ब्लॉस्ट किया गया है, जिसमें सभी जवान सुरक्षित हैं। एक जवान को मामूली चोट आई है। अतिरिक्त टीम भेजी गई है, साथ में बीडीएस की टीम भी रवाना किया गया, सर्चिंग के दौरान एक प्रेशर आईईडी भी बरामद किया गया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### गायत्री प्रजापति को सात दिन की पैरोल

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति को सात दिन की पैरोल दी है। बलात्कार के आरोपी प्रजापति को 5 मार्च को होने वाली अपनी बेटी की शादी में शामिल होने के लिए राहत दी गई है। इससे पहले गायत्री ने 56 दिनों की अल्पकालिक जमानत के लिए आवेदन किया था, लेकिन राज्य सरकार ने इसका विरोध किया। उस पर महिला से दुष्कर्म करने और साथियों के साथ मिलकर उसकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप है। पूर्व मंत्री को इस मामले में 15 मार्च 2017 को गिरफ्तार किया गया था। तब से वह जेल में हैं।

### 4 दिन के प्रवास पर आज बरेली आएंगे भागवत

**बरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत चार दिन के प्रवास पर गुरूवार को बरेली पहुंचेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। संघ के महानगर प्रचारक आलोक प्रकाश ने बुधवार को बताया कि सरसंघचालक मोहन भागवत 16 फरवरी को देर रात बरेली पहुंच रहे हैं। वह तीन दिवसीय कार्यक्रम में स्वयंसेवक परिवार के साथ संवाद करेंगे और संघ के कामों के बारे में जानकारी देंगे। भागवत 2025 में होने वाले शताब्दी वर्ष की तैयारी की जानकारी देंगे। आरएसएस प्रमुख आगमन को लेकर बरेली में सुरक्षा के चाकचौबंद इंतजाम किये गये हैं।

### पत्नी की हत्या कर पति ने लगाई फांसी

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के हलई ओपी थाना क्षेत्र के जोड़पुरा गांव के मुसहरी टोला में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की तेज हथियार से गला काटकर हत्या करने के बाद खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि जिले के जोड़पुरा गांव के मुसहरी टोला निवासी लालबाबू सदा ने घर सो रही अपनी पत्नी सामो देवी की मंगलवार देर रात तेज हथियार से गला काटकर हत्या दी। पत्नी की हत्या करने के बाद लालबाबू सदा ने खुद भी गले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# भारत हिंदू राष्ट्र है और आगे भी रहेगा : सीएम योगी



**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को कहा कि भारत पहले से ही हिंदू राष्ट्र है और आगे भी रहेगा। साथ ही उन्होंने ब्राह्मणों के मुद्दे को लेकर अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। गौरतबल है कि बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए अनुष्ठान शुरू कर दिया है। उसी को लेकर पूछे गए सवाल में योगी ने यह जवाब दिया। वह एक टीवी चैनल के प्रोग्राम में अपनी बात रख रहे थे।

योगी ने कहा कि सबसे पहली बात ये है कि हिंदू राष्ट्र से हमारा मतलब क्या है। हिंदू कोई मजहब, संप्रदाय नहीं है, यहां एक सांस्कृतिक शब्दावली है जो हर नागरिक पर फिट बैठती है। भारत का कोई व्यक्ति हज के लिए जाता है तो उसका संबोधन हिंदू से होता है, वो हिंदू नाम से जाना जाता है। वहां भारत से जाने वाले शख्स को न मुस्लिम, न हाजी कहा जाता है, वो वहां हिंदू बुलाया जाता है। उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। उस परिप्रेक्ष में अगर आप देखें तो भारत हिंदू राष्ट्र ही है। यहां कोई जातिसूचक, मजहब सूचक शब्द नहीं है। अगर आप इसे मजहब से जोड़ रहे हैं तो आप भूल कर रहे हैं। योगी ने कहा कि संविधान के प्रति हर नागरिक के मन में सर्वोच्च सम्मान होना चाहिए क्योंकि वहीं हमारा मार्गदर्शक है। भारत हिंदू राष्ट्र था, है और आगे भी रहेगा। सीएम योगी ने कानपुर की घटना पर कहा कि ये दुखद घटना है, जांच की जा रही है। इस मामले में रिपोर्ट के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा था कि आपके राज में ब्राह्मणों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस पर सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने अपने संस्कारों को प्रदर्शित किया है। उन लोगों ने रामचरित मानस की प्रतियां फाड़ी हैं।

### पाक जितनी जल्दी भारत में विलय कर ले, उतना बेहतर होगा

उन्होंने कहा कि श्री अरविंदो ने बहुत पहले घोषणा कर दी थी कि आध्यात्मिक जगत में पाकिस्तान की कोई वास्तविकता नहीं है। वह तो कहें कि पाकिस्तान इतने दिनों तक चल गया सो चल गया। पाकिस्तान के लिए यह बेहतर होगा कि वह जितनी जल्दी हो सके, भारत में अपना विलय कर ले। यह उसके लिए बढ़िया होगा क्योंकि अखंड भारत सार्वभौमिक सत्य है और यह होकर ही रहेगा।

### मैं फुलटाइम पॉलिटिशियन नहीं

एक सवाल के जवाब में योगी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री बनने की कोई इच्छा नहीं रखते। उन्होंने दो टूक कहा कि वह फुलटाइम पॉलिटिशियन नहीं हैं। चूंकि उन्हें एक मौका मिल गया तो उन्होंने मुख्यमंत्री का दायित्व सिर्फ इसलिए निभा लिया ताकि वह बता सकें कि एक योगी भी राज-काज चला सकता है। इस मौके का इस्तेमाल वह यूपी की जनता की सेवा करने में ही कर रहे हैं। अंततः जाना तो उन्हें गोरक्षपीठ में ही है।

### संन्यास ग्रहण करने पर हुई थी सर्वाधिक खुशी

यह पूछे जाने पर कि वह सबसे ज्यादा प्रसन्न कब हुए थे, पहली बार मुख्यमंत्री बनने पर या दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर, तब योगी आदित्यनाथ ने जवाब दिया। जब 30 साल पहले मैंने जब संन्यास ग्रहण किया था, तब सबसे ज्यादा खुशी हुई थी।

### पूर्वोत्तर राज्यों से आए विद्यार्थियों के समूह ने की मुख्यमंत्री से भेंट



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत की एकता और अखण्डता अक्षुण्ण रखने में पूर्वोत्तर राज्यों की राष्ट्रवादी भावना की सराहना की है। पूर्वोत्तर राज्यों से आए विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि पराधीनता काल से लेकर आजादी के बाद भी पुर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से अलग-थलग रखने के अनेक प्रयास हुए। वर्षों तक वहां के लोगों को मूलभूत संसाधनों तक से वंचित रखा गया। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रंग, रूप, वेश, भाषा का भेद त्याग कर पूरा देश एकजुट होकर 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ 'विकसित भारत' के लिए अपना योगदान कर रहा है। पूर्वोत्तर के युवा आज जेईई, नीट और सिविल सेवा परीक्षा मंर सफलता प्राप्त कर अपने सपनों को पूरा कर रहे हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की वार्षिक 'अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन (सील) कार्यक्रम के तहत आयोजित राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा-2023 के दौरान बुधवार को 27 विद्यार्थियों के समूह ने मुख्यमंत्री से भेंट की। राजधानी लखनऊ आगमन पर विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश और पूर्वोत्तर के राज्यों के प्राचीन सांस्कृतिक व आध्यात्मिक संबंधों पर भी चर्चा की तो उनसे यात्रा के अनुभव के साथ- साथ पूर्वोत्तर के बारे में भी जानने का प्रयास किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। लखनऊ इसकी राजधानी है। यहां भ्रमण के दौरान विधान भवन जरूर देखें। यहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट का आधुनिक माध्यम मेट्रो है, सभी उसका अनुभव प्राप्त करें। आजादी की लड़ाई ने असम, त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश की वीरगाथा का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने विद्यार्थी समूह को लखनऊ के निकट काकोरी भ्रमण का सुझाव भी दिया। सील प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के लिए काम करने की बात करते हैं वह कार्य अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बहुत पहले यानि वर्ष 1966 से सील यात्रा के माध्यम से कर रहा है। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता का जीवन्त अनुभव लेने का नाम है सील यात्रा। पूर्वोतर और भारत के शेष राज्यों के बीच मन की दूरी को समाप्त कर हृदय को हृदय से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम इस सील यात्रा ने किया है। किसी होटल, गेस्ट हाउस आदि में रुकने की व्यवस्था से दूर इन विद्यार्थियों को विभिन्न परिवारों के बीच रहते हुए, अपने परिवार से दूर अपने एक नए परिवार का अनुभव प्राप्त होता है। यही आतिथ्य पूर्वोत्तर को शेष भारत के साथ आत्मीय जुड़ाव का कारण बनता है। पूर्वोत्तर को भारत की मुख्य धारा में लाने का सबसे सार्थक व उत्तम प्रयास अभाविप ने किया है। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया के राष्ट्रों में भारतीय संस्कृति के प्रसार में पूर्वोत्तर के लोगों की बड़ी भूमिका रही है।

# राम प्रतिमा के लिए और शिलाएं लाई जाएंगी

**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या में निमाणार्धीन मंदिर के लिए भगवान राम की मूर्ति को तराशने के लिए और चट्टानों को लाए जाने की संभावना है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सचिव चंपत राय ने कहा, हम चट्टानों का तकनीकी अध्ययन करेंगे ताकि यह जांचा जा सके कि परिवहन के दौरान इन्हें कोई नुकसान, मलिनकिरण या डेंट नहीं हुआ है। यदि ऐसा है, तो ये चट्टानें किसी काम की नहीं होंगी। हम जल्द ही इस उद्देश्य के लिए इसी तरह की तीन और चट्टानें ला रहे हैं। राम मंदिर ट्रस्ट ने कहा कि वे इस उद्देश्य के लिए अलग-अलग जगहों से इसी तरह की तीन और शिलाएं लाएंगे। राय ने कहा, अयोध्या में शालिग्राम शिलाओं को भेजना नेपाल के संतों का निर्णय था। इन शिलाओं को राम जन्मभूमि के परिसर के अंदर नहीं ले जाया गया है और विश्व हिंदू परिषद के एक स्थल राम सेवक पुरम में रखा गया है। इससे पहले, ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा था कि वीएचपी के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल, इसके राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पंकज के नेतृत्व में, 25 जनवरी को नेपाल के मस्तंग जिले से रवाना हुए शिलाओं के साथ आया था और 2 फरवरी की देर रात अयोध्या पहुंचा था, जिसने छह दिनों में 350 किलोमीटर से अधिक की यात्रा की। राम के बाल-रूप की मूर्ति अगले साल जनवरी में मकर संक्रांति तक तैयार होने की उम्मीद थी।

# ममता बनर्जी सरकार का कर्मचारियों को तोहफा

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल सरकार ने सरकारी कर्मियों को बड़ा तोहफा दिया है। वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बुधवार को विधानसभा में राज्य का बजट 2023-24 पेश किया है। पश्चिम बंगाल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए डीए में 3% की बढ़ोतरी की है। वित्त मंत्री ने 2023-24 के लिए 3.39 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बजट पेश करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में बंगाल की एसजीडीपी 8।4 प्रतिशत, उद्योग 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि आईटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्रों ने महत्वपूर्ण निवेश आकर्षित किया है। वित्त मंत्री ने युवा उद्यमियों के लिए प्रत्येक को 5 लाख रुपये तक का 350 करोड़ रुपये का स्टार्टअप फंड देने की घोषणा की। 3000 करोड़ रुपये की लागत से 12,500 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जाएगा। 2023-24 और 2024-25 के लिए चाय बागानों पर कृषि आय कर माफ किया जाएगा।

### विधायकों के लिए फंड आवंटन बढ़ाया

उन्होंने कहा कि विधायक इलाका उन्नयन परियोजना के तहत स्थानीय क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए विधायकों के लिए वार्षिक फंड आवंटन अगले वित्तीय वर्ष के लिए 60 लाख रुपये से बढ़ाकर 70 लाख रुपये कर दिया गया है। पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि मत्स्यजीबी बंधु योजना के तहत मृत्यु के मामले में सरकारी पंजीकृत मछुआरे के आश्रित परिवार के सदस्यों को 2 लाख रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जाएगी।

# मप्र में दुष्कर्म पीड़िता ने नवजात को मार डाला

**एजेंसी। भोपाल**



मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिले में एक अविवाहित बलात्कार पीड़िता ने सामाजिक कलंक के डर से अपने नवजात शिशु की हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, चार दिन पहले एक बच्चे को जन्म देने वाली युवती का पिछले साल एक अज्ञात व्यक्ति ने यौन उत्पीड़न किया था। उसकी गर्भावस्था के बारे में पता चलने पर पुलिस ने उसके परिवार से बच्चे के जन्म के बारे में सूचित करने के लिए कहा था, लेकिन सामाजिक कलंक के डर से परिवार ने इसे मार डालने का फैसला किया। मामला तब सामने आया, जब पुलिस दुष्कर्म मामले की जांच के लिए डीएनए सैंपल लेने उसके घर गई। वहां पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि बच्ची को मार कर सुनसान जगह पर दफना दिया गया है। पुलिस के मुताबिक युवती ने पहले तो बच्चे को दूध नहीं पिलाया और फिर पैर से उसकी गर्दन कुचल दी और मार डाला। पुलिस ने कहा, नवजात शिशु की नृशंस हत्या की पुष्टि तब हुई जब शव को कब्र से बाहर निकाला गया और बाद में शव परीक्षण में सर्वाइकल स्पाइन के ऊपर कई फ्रैक्चर का पता चला। सभी 3 आरोपियों, महिला और उसके चाचा-चाची को गिरफ्तार कर लिया गया है और हत्या का मामला दर्ज किया गया।

**सौगात** भोपाल से सिंगरौली तक बनेगा विंध्य एक्सप्रेस, शिवराज ने कहा

# विकसित होंगे इंडस्ट्रियल क्लस्टर

**एजेंसी। रीवा**



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि भोपाल से सिंगरौली के बीच विंध्य एक्सप्रेस बनाया जाएगा, जिसके दोनों ओर इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। चौहान ने यहां हवाईअड्डे का शिलान्यास करने के साथ कई अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और सांसद जनार्दन मिश्रा भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही एक महिला सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

चौहान ने कहा कि भोपाल से लेकर सिंगरौली तक यानि भोपाल, दमोह, कटनी, रीवा, सीधी, सिंगरौली तक सीधा-सीधा विंध्य एक्सप्रेस वे बनाया जायेगा। यह केवल एक्सप्रेस वे नहीं होगा बल्कि इसके दोनों ओर इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। यह मात्र कनेक्टिविटी नहीं होगी, बल्कि उद्योगों का जाल बिछाकर नौजवानों को रोजगार देने का काम किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में इंदौर, मालवा और निमाड़ के बाद सबसे ज्यादा लगभग 2 लाख 88 हजार करोड़ रुपए का निवेश रीवा और विंध्य क्षेत्र में आया।

उन्होंने कहा कि रीवा में 750 मेगावाट का सोलर प्लांट भाजपा की सरकार ने बनाया। पानी की कनेक्टिविटी भाजपा ने दी। बाणसागर, गुलाब सागर भाजपा सरकार ने पूरा किया। आज चारों तरफ सिंचाई योजनाओं के काम चल रहे हैं। उत्पादन में विंध्य पंजाब और हरियाणा को भी पीछे छोड़ देगा। विंध्य को रेल कनेक्टिविटी, रोड कनेक्टिविटी और हवाई कनेक्टिविटी भाजपा की सरकार ने दी।

चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि महिला सशक्त होगी, तो परिवार सशक्त होगा। परिवार सशक्त होगा, तो देश सशक्त होगा। पांच मार्च से प्रदेश में लाड़ली बहना योजना के फॉर्म भरना प्रारंभ होंगे और जून महीने से सास, बहू और बहन के खाते में प्रति महीने एक हजार रुपए आने लगेंगे।

मुख्यमंत्री चौहान ने रीवा हवाईअड्डे की सौगात के लिए प्रधानमंत्री मोदी और मंत्री सिंधिया का आभार व्यक्त किया।

# कोर्ट ने दिया पूर्व मंत्री को आचार संहिता उल्लंघन का दोषी करार

**एजेंसी। पटना**



गोपालगंज की एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने बुधवार को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और भाजपा नेता जनक राम को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन का दोषी करार दिया है। उनके सहयोगी तारकेश्वर नाथ शर्मा को भी इसी आरोप में दोषी ठहराया गया था। एमपी-एमएलए कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) एके मानवेंद्र मिश्रा ने प्रत्येक पर 1,100 रुपये का जुमार्ना लगाया- एमसीसी के उल्लंघन के लिए 1000 रुपये और लाउडस्पीकर अधिनियम के तहत 100 रुपये।

गोपालगंज में 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान जनक राम और तारकेश्वर नाथ शर्मा को उल्लंघन का दोषी ठहराया गया। फैसले के बाद दोनों ने उल्लंघन स्वीकार किया। इन्होंने कोर्ट के सामने माफी भी मांगी। जनक राम ने एसीजेपी से उन्हें उल्लंघन के लिए माफ करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहाः सर, यह मेरी पहली गलती थी। कृपया मुझे क्षमा करें।

अदालत ने पाया कि जनक राम ने पूर्व में नेता और जनप्रतिनिधि होने के नाते देश के कानून का पालन करने की शपथ ली थी। फिर भी उन्होंने इसका उल्लंघन किया। आगे कोर्ट ने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कानून का उल्लंघन किया है और कार्रवाई का सामना करने के लिए उत्तरदायी हैं ताकि वह भविष्य में गलती न दोहराएं।

## NEWS इन ब्रीफ

### डोमिनिक थीम ने 2023 सीजन की पहली जीत अर्जित की

**ब्यूनस आयर्स।** ऑस्ट्रेलियन ओपन में सीजन की निराशाजनक शुरुआत के बाद ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थीम ने स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकैन को 7-6(4), 6-3 से हराकर अर्जेंटीना ओपन का राउंड-ऑफ-32 में 2023 की अपनी पहली जीत दर्ज की। पूर्व विश्व नंबर-3 का अगला मुकाबला पेरू के क्वालीफायर जुआन पाब्लो वरिलास से होगा, जिन्होंने मंगलवार को पहले जोआओ सूसा के खिलाफ 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की थी। तीसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी एटीपी 250 टूर्नामेंट में संभावित तीसरे दौर के प्रतिद्वंद्वी होंगे।

### एसी मिलान ने स्पर्स को 1-0 से हराया

**रोम।** एसी मिलान ने यूईएफए चैम्पियंस लीग राउंड ऑफ 16 के पहले चरण में टॉटनहैम हॉटस्पर को 1-0 से हराकर जीत दर्ज की, जिसमें ब्राहिम डियाज ने 7वें मिनट में टीम के लिए एक गोल दागा। 2013-2014 सीजन के बाद से यूरोपीय वर्ग के चरण में यह मिलान का पहला नॉकआउट मैच था। मिलान ने माइक मैगनन, इस्माइल बेनेसर और ज्लाटन इब्राहिमोविक के बिना सैन सिरो स्टेडियम में प्रवेश किया था।

### स्कुबाला लीड्स यूनाइटेड का संभालेंगे पद

**लंदन।** लीड्स युनाइटेड ने घोषणा की है कि माइकल स्कुबाला भविष्य में सहायक पैको गैलार्को और क्रिस अर्नास के साथ क्लब के प्रभारी बने रहेंगे। जेसी मार्श को 6 फरवरी को पहले टीम के कोच के रूप में बर्खास्त किए जाने के बाद से ये तिकड़ी प्रभार में है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि, दोनों खेल मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ थे। पिछले बुधवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में 2-2 से ड्रॉ और रविवार को एलैंड रोड में 2-0 से हार हुई थी।

### बेंगलुरु एफसी ने आशीष झा के साथ किया करार



**बेंगलुरु।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब बेंगलुरु एफसी ने बुधवार को स्ट्राइकर आशीष झा को साइन करने की घोषणा की, जिससे वह 2024-25 अभियान के अंत तक क्लब से जुड़े रहेंगे। 23 वर्षीय स्ट्राइकर श्रीनिदी डेक्कन से लोन पर स्पोर्टिंग क्लब बेंगलुरु में गए थे, ढाई साल के सौदे पर ब्लूज में शामिल हुए हैं। आशीष ने कहा, मैं बेंगलुरु एफसी से जुड़कर वास्तव में खुश हूं। मुझे विश्वास है कि यह मेरे करियर में एक बड़ा कदम है।

# सऊदी पर्यटन प्राधिकरण ने आईपीएल के साथ किया समझौता

**एजेंसी। मुंबई**

सऊदी पर्यटन प्राधिकरण (एसटीए) ने दुनिया की प्रमुख टी-20 क्रिकेट लीग आईपीएल के साथ एक आधिकारिक समझौता किया है, ताकि भारत में सऊदी पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। इस साझेदारी का उद्घाटन मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और बीसीसीआई के मानद कोषाध्यक्ष आशीष शेलार, एपीएसी के अध्यक्ष अलहसन अल्दाबबाग सहित सऊदी पर्यटन प्राधिकरण के प्रतिनिधि के साथ एक कार्यक्रम में किया गया। क्रिकेट दुनियाभर में सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। आईपीएल इस साझेदारी के माध्यम से दुनिया की प्रमुख लीग है। एसटीए का उद्देश्य दोनों देशों के बीच एक मजबूत प्रशंसक आधार को आगे बढ़ाना है। भारतीय में यात्रियों और विशेष रूप से युवा लोगों के बीच सऊदी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।





आईपीएल अंतर्राष्ट्रीय खेल कैलेंडर पर सबसे बड़े टूर्नामेंटों में से एक है और साझेदारी एसटीए के वैश्विक सामरिक संबंधों को आगे बढ़ाएगा। आईपीएल जैसी साझेदारी सऊदी की पर्यटन रणनीति का एक प्रमुख स्तंभ है। वे प्रशंसकों, एथलीटों और राष्ट्रों को एक साथ लाते हैं, जबकि उन लोगों में उत्सुकता जगाते हैं जो एक गंतव्य के रूप में सऊदी की यात्रा करनेवाले पहले लोगों में से एक हो सकते हैं। 2020 में, सऊदी अरब क्रिकेट फेडरेशन (एसएसीएफ) की स्थापना की गई थी और यह वर्तमान में 11 शहरों में 16 क्षेत्रीय संघों की देखरेख करता है।

### क्रिकेट में 180 देशों में से 32वें स्थान पर सऊदी

**घरेलू** क्रिकेट टूर्नामेंट और चैंपियनशिप में 35 हजार की कुल भागीदारी के साथ 8,000 प्लस पंजीकृत खिलाड़ियों और 400 प्लस पंजीकृत क्लबों देख रहा है। सऊदी क्रिकेट राष्ट्रीय टीम वर्तमान में क्रिकेट में 180 देशों में से 32वें स्थान पर है। सऊदी पर्यटन प्राधिकरण में सीईओ और बोर्ड के सदस्य फहद हमीद्दीन ने कहा, भारत और सऊदी एक जैसी संस्कृति साझा करते हैं और खेल युवाओं को शामिल करने और प्रेरित करने के लिए एक आदर्श मंच है। सऊदी दुनिया में खेल को समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। सऊदी और वैश्विक दर्शकों के बीच समान रूप से अधिक भागीदारी और जीवन की बेहतर गुणवत्ता को प्रेरित करना मकसद है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने कहा, इतने वर्षों में, हमने देखा है कि इंडियन प्रीमियर लीग वैश्विक मंच पर एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभरा है, जिसने खेल पारिस्थितिकी तंत्र में मजबूत दिलचस्पी पैदा की है। हमारे लिए यह अच्छी बात है कि सऊदी पर्यटन प्राधिकरण आईपीएल की शक्ति में बहुत विश्वास करता है।

# इंडिया नंबर वन

## क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में पहले स्थान पर पहुंचा भारत



### ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ टेस्ट रैंकिंग में पहले स्थान पर जमाया कब्जा

### वनडे और टी-20 में पहले से ही है नंबर वन

**एजेंसी। दुबई**

भारतीय क्रिकेट टीम क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में एकसाथ नंबर-1 बन गई है। साउथ अफ्रीका के बाद भारतीय टीम यह कारनामा करनेवाली दुनिया की अब तक की केवल दूसरी टीम बनी है। बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग में भारत ने टेस्ट फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल कर लिया। वनडे और टी-20 में पहले से ही भारतीय टीम नंबर-1 स्थान पर काबिज है। भारत के टेस्ट में 115 पॉइंट्स हो गए है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 111 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है।

भारत को टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 स्थान बरकरार रखने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज को 2-0 या इससे बेहतर अंतर से जीतना होगा। नागपुर में भारत ने जैसा खेल दिखाया है उससे यह काम खास मुश्किल नजर नहीं आ रहा है। अब दोनों के बीच दूसरा टेस्ट दिल्ली में खेला जाना है।

**वनडे में भारत ऑस्ट्रेलिया से 2 अंक आगे :** भारत वनडे रैंकिंग में भी ऑस्ट्रेलिया से दो अंक आगे है। भारत के 114 पॉइंट है, वहीं, ऑस्ट्रेलिया के 112 अंक है। भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद 17 मार्च से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगा। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के पॉइंट बराबर है, लेकिन न्यूजीलैंड ने 29 और इंग्लैंड ने 33 मैच खेले है। इस वजह से न्यूजीलैंड ऊपर है।

### प्रत्येक सीरीज के बाद अपडेट होता है रैंकिंग

**आईसीसी** टीमों की रैंकिंग हर सीरीज के बाद अपडेट करता है। 14 फरवरी को वेस्टइंडीज-जिम्बाब्वे के बीच टेस्ट सीरीज खत्म हुई। जिसके बाद 15 फरवरी को टेस्ट टीम रैंकिंग अपडेट हुई। एक अक्टूबर को हर साल आईसीसी रैंकिंग का वार्षिक अपडेट होता है। इधर, 9 फरवरी से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज शुरू हो चुकी है। पहला टेस्ट भारत जीत चुका है। अब 17 से 21 फरवरी तक दूसरा, एक से 5 मार्च तक तीसरा और 9 से 13 मार्च तक चौथा टेस्ट होगा। फिर 17, 19 और 22 मार्च को तीन वनडे भी होंगे।

# सनसनी मूमल मेहर को मिली क्रिकेट किट



### राजस्थान भाजपा अध्यक्ष ने बाड़मेर के आठवीं की छात्रा को भेजी है क्रिकेट किट

### मूमल का वीडियो सोशल मीडिया पर है वायरल

### वीडियो में नंगे पैर क्रिकेट खेलते हुए छक्के-चौके मारती आ रही हैं नजर

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया ने मंगलवार को बाड़मेर जिले में आठवीं कक्षा की छात्रा मूमल मेहर को क्रिकेट किट भेजी है, जिसका वीडियो वायरल हो गया था। वह वीडियो में नंगे पैर क्रिकेट खेलते हुए छक्के-चौके मारती नजर आ रही हैं। पूनिया ने मूमल से फोन पर बात की। उन्हें और क्रिकेट में आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहाः मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि आप हमेशा आगे बढ़ते रहें और किसी दिन भारतीय महिला क्रिकेट टीम में खेलें। मूमल अपने असाधारण क्रिकेट कौशल के कारण सोशल मीडिया पर सनसनी बन गई हैं। रेतीले मैदान पर मूमल के खेलने के वायरल वीडियो ने सोशल मीडिया यूजर्स से काफी प्रशंसा प्राप्त की है। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने भी वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया दी और युवा मूमल की तारीफ की। तेंदुलकर ने ट्वीट कियाः कल ही तो नीलामी हुई और आज मैच भी शुरू हो गया? क्या बात है। वास्तव में आपकी बल्लेबाजी देख कर मजा आया।

### मोहम्मद नबी अफगान टी-20 टीम से बाहर

**काबुल।** यूएई के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए 18 सदस्यीय अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। स्टार लेग स्पिनर राशिद खान टीम का नेतृत्व करेंगे। आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद कप्तानी छोड़ने वाले मो. नबी को बाहर कर दिया गया है। जहीर खान के साथ रहमत शाह को शामिल किया गया है।

### मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा का आरोप

# फिटनेस टेस्ट पास करने के लिए इंजेक्शन लेते हैं भारतीय क्रिकेटर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने एक स्ट्रिंग ऑपरेशन में दावा किया है कि भारतीय क्रिकेट में कई खिलाड़ी फिटनेस टेस्ट पास करने के लिए इंजेक्शन लेते हैं। उन्होंने दावा किया कि खिलाड़ी इंजेक्शन लेते हैं और 80 फीसदी फिट होने पर भी 100 फीसदी फिट हो जाते हैं, डोपिंग से बचने के लिए क्रिकेटर स्मार्ट खेलते हैं। सनसनीखेज स्टिंग ऑपरेशन में 57 वर्षीय चेतन शर्मा को यह कहते हुए सुना गया कि क्रिकेट के बाहर भारतीय खिलाड़ियों के अपने डॉक्टर हैं, जो उनके लिए हमेशा उपलब्ध हैं। अगर वह केवल 85 फीसदी फिट हैं..वह हमें कहते हैं कि खेलने दो लेकिन मेडिकल साइंस उन्हें क्लियर नहीं करता, यह समस्या आ जाती है..खिलाड़ी खेलना चाहता है, खिलाड़ी कभी मना नहीं करता। लेकिन बुमराह की तरह वो झुक भी नहीं पा रहे थे तो क्या करेंगे..एक-दो ऐसी बड़ी चोट लग जाती है। शर्मा ने जी न्यूज से कहा : वरना 80 फीसदी पर भी ये लोग..ऐसे हैं, चुपचाप कोने में जाएंगे और एक इंजेक्शन लेंगे और कहेंगे कि वह फिट हैं। पेन किलर नहीं वह इंजेक्शन लेते हैं और किसी को इसके बारे में पता नहीं चलता है। वह जानते हैं कि कौन सा इंजेक्शन एंटी-डोपिंग में नहीं आएगा। वह बड़े सुपरस्टार हैं। वह एक फोन कॉल करेंगे। हजारों डॉक्टर हैं, वह रात को आएंगे और उन्हें इंजेक्शन लगा देंगे। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने ऐसी चीजों को कैसे होने दिया, शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों पर 24 घंटे नजर रखना असंभव है। शर्मा ने कहा- आप मैच खेलते हैं..आप शाम 6 बजे तक मैदान में रहते हैं..वहां टीम मैनेजमेंट होता है..सब कुछ होता है.उसके बाद आप अपने कमरे में वापस जा सकते हैं। मैं हर समय एक आदमी को पीछे नहीं रख सकता। तुम क्या कर रहे हो कहां जा रहे हो, किससे मिल रहे हो।

### कोहली और गांगुली के बीच अहंकार का था टकराव

**मुख्य** चयनकर्ता ने यह भी खुलासा किया कि पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली के बीच अहंकार का बड़ा टकराव था, जिसके कारण अंततः दाएं हाथ के बल्लेबाज कोहली को कप्तानी छोड़नी पड़ी। उन्होंने (विराट) कहा..सौरव गांगुली ने मुझसे (कप्तानी छोड़ने पर फिर से विचार करने के बारे में) ऐसा कभी नहीं कहा था। इसलिए यह एक बड़ा मुद्दा बन गया। या तो अध्यक्ष ने झूठ बोला, या विराट सच कह रहे हैं। वह (विराट) कहते हैं मैं बड़ा हूं.. वह (गांगुली) कहते हैं कि मैं बड़ा हूं। सौरव गांगुली देश के कप्तान भी रह चुके हैं। बहुत बड़े कप्तान, सबसे भरोसेमंद..और उन्हें आज भी सबसे सफल कप्तान कहा जाता है। विराट को लगता है कि वह सबसे सफल हैं..उन्होंने (विराट) कहा कि वह (गांगुली) झूठ बोल रहे हैं..फिर टकराव हुआ।



# टेनिस सनसनी क्रिकेटरों को करेंगी ट्रेंड

### सानिया मिर्जा को महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का किया गया है मेंटर नियुक्त

**एजेंसी। बेंगलुरू**



भारतीय टेनिस सनसनी सानिया मिर्जा को महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का मेंटर नियुक्त किया गया है। आरसीबी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से बुधवार को इसकी पुष्टि की। टेनिस खिलाड़ी सानिया ने इस पर बताया कि वह खुद इस बात से हैरान थीं कि उन्हें क्रिकेट टीम की मेंटर बनने का ऑफर मिला है, लेकिन बाद में उन्होंने इसे स्वीकार किया। आरसीबी के ट्विटर हैंडल पर लिखा गयाः महिलाओं के लिए भारतीय खेलों में अग्रणी, एक युवा आइकन, जिसने अपने पूरे करियर में निडर होकर खेला और बाधाओं को पार किया है, जो मैदान के अंदर और बाहर एक चैंपियन हैं। आरसीबी महिला क्रिकेट टीम की मेंटर के रूप में सानिया मिर्जा का स्वागत करते हुए हमें गर्व हो रहा है।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम की मेंटर बनने के बाद सानिया ने टीम के लिए बातचीत में कहाः मैं थोड़ा हैरान थी, लेकिन मैं उत्साहित थी। सौभाग्य से या दुर्भाग्य से, मैं 20 वर्षों से एक पेशेवर एथलीट हूं। मेरा अगला काम युवा महिलाओं और युवा लड़कियों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करना है कि खेल उनके लिए करियर के पहले विकल्पों में से एक हो सकता है। यह पूछे जाने पर कि वह रॉयल चैलेंजर्स के लिए क्या लाएंगी, मिर्जा ने कहा कि दबाव से निपटना किसी भी खेल में सबसे अहम पहलू है और वह खिलाड़ियों के साथ उनके मानसिक पहलू पर काम करेंगी। इतनी समानताएं हैं (क्रिकेट और टेनिस के बीच)। हर एथलीट एक जैसा सोचता है, वे एक ही तरह के दबाव से गुजरते हैं। सिर्फ दबाव की स्थितियों को संभालना, उन्हें स्वीकार करना बहुत जरूरी है। दबाव एक खास चीज है, अगर आप इसे स्वीकार नहीं कर सकते, तो आप दबाव में बेहतर नहीं हो सकते। सबसे बड़े चैंपियन वे हैं जो दबाव को झेल सकते हैं।

## 100वां टेस्ट | सीनियर बल्लेबाज पुजारा को उम्र की चिंता नहीं, बोले-

# योगदान देने में सक्षम न हों तो लें संन्यास

### 100 या उससे अधिक टेस्ट खेलनेवाले 13वें भारतीय बन जाएंगे पुजारा

### 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में किया था पदार्पण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शुक्रवार को नई दिल्ली में अपना 100वां टेस्ट खेलने के लिए तैयार भारत के सीनियर बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को अपनी उम्र को लेकर चल रही बातचीत की चिंता नहीं है। पुजारा की उम्र अभी 35 साल है और उनसे बड़े इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन (40 वर्ष) और स्टुअर्ट ब्रॉड (36) अभी भी क्रिकेट खेल रहे हैं और इन दोनों ने साबित कर दिया है कि आधुनिक क्रिकेट में उम्र कोई बाधा नहीं है। पुजारा का दर्शन सरल है- खेल का आनंद लें और जब योगदान करने में सक्षम न हों, तब जाकर संन्यास के बारे में विचार करें।

पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बातचीत में कहा : मैं अपने लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं करना चाहता। मैं वर्तमान में रहना चाहता हूं। मैं यह सोचने के बजाय कि मैं कब तक खेलूंगा, एक बार में एक टेस्ट मैच पर ध्यान केंद्रित करता हूं। उन्होंने कहा : खेल का आनंद लेना महत्वपूर्ण है, अपने खेल के शीर्ष पर होना महत्वपूर्ण है, और जब भी आप योगदान देने में सक्षम नहीं होते हैं या आप अपनी क्षमताओं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो आप अगले कदम पर विचार कर सकते हैं।

पुजारा शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम मैदान पर कदम रखते ही 100 या उससे अधिक टेस्ट खेलनेवाले 13वें भारतीय बन जाएंगे। उन्होंने 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और तब से अब तक कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ अपने पेशेवर करियर में कठिनाइयों को दूर करते हुए सबसे लंबे प्रारूप में खुद को बनाए रखा है। आगामी मील के पत्थर पर, जहां स्टेडियम में उनका परिवार उन्हें चीयर करने के लिए मौजूद होगा, पुजारा ने कहाः हां, यह मेरा 100वां टेस्ट मैच होगा, लेकिन आपको अभी भी टीम के लिए काम करना है और आप उस पर थोड़ा ध्यान देते हैं। हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहम सीरीज खेल रहे हैं। पुजारा ने कहाः दूसरा टेस्ट मेरा 100वां टेस्ट होगा, लेकिन इसके बाद दो और टेस्ट होंगे, जो डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए हमारे लिए जीतना बहुत महत्वपूर्ण होगा।

### टेस्ट क्रिकेट में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अनुशासन महत्वपूर्ण



**पुजारा** ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अनुशासन सबसे बड़े विशेषाधिकारों में से एक है क्योंकि पांच दिवसीय खेल किसी के चरित्र, धैर्य और स्वभाव का परीक्षण करता है। उन्होंने कहाः आपकी परीक्षा आपके चरित्र में, आपके स्वभाव में, आपके धैर्य में, एक व्यक्ति के रूप में होती है। यह इस बारे में भी है कि आप मैदान के बाहर कैसा व्यवहार करते हैं, और इसका भी प्रभाव पड़ता है कि आप मैदान पर क्या करते हैं। टेस्ट क्रिकेट में आपको परिणाम मैदान पर ही देखने को मिलते हैं। इसलिए टेस्ट क्रिकेट खास है। उन्होंने कहाः यदि आप सिर्फ सफेद गेंद का क्रिकेट खेल रहे हैं और यदि आपका लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट खेलना है, तो आपको निश्चित रूप से रणजी ट्रॉफी खेलना चाहिए। अन्यथा आप अंततः रेड-बॉल क्रिकेट में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेनकाब हो जाएंगे। उन्होंने कहाः यदि आप टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करनेवालों का उदाहरण देखें, तो उन्होंने कुछ रेड-बॉल क्रिकेट खेला होगा - चाहे वह रणजी ट्रॉफी हो या दलीप ट्रॉफी। यह गेंदबाजों के लिए थोड़ा अलग है, लेकिन एक बल्लेबाज के लिए लाल गेंद से क्रिकेट खेलना महत्वपूर्ण है।



# जियो मार्ट ने बंद की क्विक डिलीवरी सर्विस


**एजेंसी। नई दिल्ली**
रिलायंस रिटेल के एक फैसले से जियो मार्ट के ग्राहकों को झटका लगा है। जियो मार्ट ने अपनी क्विक डिलीवरी सर्विस 'एक्सप्रेस' को बंद करने का एलान कर दिया है। जिन ग्राहकों को जियो मार्ट के जरिए तुरंत ही सामान की डिलीवरी लेने की आदत हो गई है उनके लिए ये अच्छी खबर नहीं है। रिलायंस रिटेल ने चुपचाप बिना किसी एलान के अपनी क्विक डिलीवरी सर्विस को बंद कर दिया है। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने ये खबर बताई है। जियो मार्ट की ये सर्विस पिछले साल मार्च में लॉन्च हुई थी। जियोमार्ट की सर्विस एक्सप्रेस के जरिए लोगों को केवल 90 मिनट में सामान की डिलीवरी मिल जाती थी। जियो मार्ट के क्विक डिलीवरी सर्विस के ग्राहक अब जियो मार्ट एक्सप्रेस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड नहीं कर पाएंगे और इसकी वेबसाइट भी अब एक्टिव नहीं है।




इसके बजाए ये ग्राहकों को सीधा जियोमार्ट व्हाट्सएप पर ले जा रहा है। जियो मार्ट व्हाट्सअप सर्विस के जरिए ग्राहक कुछ घंटों में सामान की डिलीवरी हासिल कर सकते हैं और कई बार तो ये अगले दिन तक भी होती है। ये जियो मार्ट एक्सप्रेस की सर्विस के मुकाबले बिलकुल अलग है, जियो मार्ट के सर्विस के जरिए केवल 90 मिनट में डिलीवरी सर्विस हासिल की जा सकती थी। इसका ये ही मतलब निकलता है कि क्विक डिलीवरी सर्विस एक्सप्रेस अब जियो मार्ट पर उपलब्ध नहीं है। जियो मार्ट की व्हाट्सएप के जरिए मिलने वाली डिलीवरी सर्विस के पीछे मेटा इंक और रिलायंस जियो प्लेटफॉर्म्स की साझेदारी है। जियो मार्ट एक्सप्रेस को पहले नवी मुंबई और आसपास के इलाकों में लॉन्च किया गया था और कंपनी की योजना इसे बढ़ाकर 200 शहरों तक ले जाने की थी। इकनॉमिक टाइम्स से बात करते हुए सूत्रों ने कहा कि रिलायंस रिटेल इस तरह के बिजनेस में और नहीं रहना चाहता है। पिछले साल दिखे उछाल के बाद कंपनी ने एक्सप्रेस डिलीवरी के बिजनेस को चलाने का प्रयोग किया पर इसे आगे नहीं चलाया जा रहा है।

# श्रीलंका ने भारत से अंडे आयात के लिए हरी झंडी दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
स्थानीय कीमतों में बदलाव और बर्ड फ्लू के मुद्दे पर महीनों तक टालमटोल करने के बाद श्रीलंका कैबिनेट ने भारत से अंडों के आयात की अनुमति दे दी है। सरकार के सूत्रों ने बताया, भारत से अंडे आयात करने के लिए कैबिनेट की मंजूरी इस शर्त पर दी गई थी कि वे बर्ड फ्लू नहीं फैलाएंगे। एक मंत्री ने कहा कि दो महीने की अवधि के लिए अंडे आयात करने की अस्थायी अनुमति दी गई है। हालांकि, आयातित अंडे सीधे उन उद्योगों को



जारी किए जाएंगे जो बड़े पैमाने पर अंडे का उपयोग करते हैं। स्थानीय बाजारों में अंडे जारी नहीं किए जाएंगे। आर्थिक संकट के कारण डॉलर की कमी के चलते पिछले साल से अंडे के उत्पादन में कमी आई और इसकी कीमतें 300 प्रतिशत तक बढ़ गईं।

## वोडाफोन आइडिया की खत्म हो सकती है मुश्किलें

# बिरला ग्रुप धन जुटाने में जुटी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत सरकार द्वारा 16,133 करोड़ रुपये की बकाया राशि को इक्विटी में बदलने के फैसले के बाद, इन फंडों का इस्तेमाल प्रमोटर्स द्वारा वीआई में प्लांड 5,000-करोड़ रुपये के इक्विटी इन्फ्यूजन के लिए किया जाएगा। आदित्य बिरला ग्रुप ने वोडाफोन आइडिया लिमिटेड में इक्विटी डालने के लिए प्रमोटर लेवल पर धन जुटाने की कवायद शुरू की है और शेयरों के प्रिफेंशियल अलॉटमेंट की सदस्यता लेने के लिए टर्म लोन जुटाने के लिए ग्लोबल बैंकों के साथ चर्चा कर रहा है। भारत सरकार द्वारा 16,133 करोड़ रुपये की बकाया राशि को



इक्विटी में बदलने के फैसले के बाद, इन फंडों का इस्तेमाल प्रमोटर्स द्वारा वीआई में प्लांड 5,000-करोड़ रुपये के इक्विटी इन्फ्यूजन के लिए किया जाएगा। इस बात पर अभी क्लैरिटी नहीं है कि वोडाफोन ग्रुप पीएलसी कितना निवेश करेगा। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा कि संभावना है कि वोडाफोन पीएलसी इंडस टॉवर्स में अपनी बची हुई 21.05 फीसदी हिस्सेदारी बेच देगी और इस रकम का इस्तेमाल निवेश के लिए करेगी। साथ ही, तीसरे लॉन्गटर्म इंवेस्टर्स को जोड़ने के प्रयास भी चल रहे हैं। एक सीनियर बैंकर ईटी से बात करते हुए कहा कि इक्विटी डालने का संभावित तरीका प्रिफेंशियल अलॉटमेंट होगा। बैंकर ने कहा कि अतीत में भी, आदित्य बिड़ला ग्रुप की प्रमोटर एंटिटीज ने इसी तरह विदेशी बैंकों से तीन से पांच साल के टेन्योर के लिए कर्ज लिया था, जिसका इस्तेमाल कंपनी में इक्विटी लगाने के लिए किया गया था। आदित्य बिड़ला ग्रुप, वोडाफोन ग्रुप और वोडाफोन आइडिया ने किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया है। इक्विटी कंवर्जन के बाद वोडाफोन आइडिया में सरकार की हिस्सेदारी 33.1 फीसदी है। आदित्य बिड़ला ग्रुप और वोडाफोन अब क्रमशः 32 फीसदी और 18 फीसदी के मालिक हैं। 31 मार्च, 2022 को वीआई की नेटवर्थ नेगेटिव 61,965 करोड़ रुपये थी, जिसका कुल ग्रॉस डेट 2.2 लाख करोड़ रुपये था।

## 6.43 इंच डिस्प्ले वाला नया नोकिया लॉन्च

**नई दिल्ली।** होम ऑफ नोकिया फोन्स एचएमडी ग्लोबल ने बुधवार को देश में नया 'नोकिया एक्स30 5जी' स्मार्टफोन लॉन्च करने की घोषणा की, जिसमें 6। 43-इंच 90 हट्र्ज प्योरडिस्प्ले है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नया स्मार्टफोन क्लाउडी ब्लू या आइस व्हाइट रंगों में प्री-बुकिंग के लिए 8/256 जीबी मेमोरी/स्टोरेज कॉन्फिगरेशन में 48,999 रुपये की सीमित अवधि के लॉन्च मूल्य पर उपलब्ध है। यह 20 फरवरी से एक्सक्लूसिव तौर पर अमेजन और नोकिया। कॉम पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। एचएमडी ग्लोबल के भारत और एमईएनए के उपाध्यक्ष, सनमीत सिंह कोचर ने कहा, ₹हमें एक ऐसा फ्लैगशिप स्मार्टफोन पेश करने की खुशी है जो पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है। इसके अलावा, नोकिया एक्स30 5जी आज की तारीख में हमारा सबसे छोटा ईको-फुटप्रिंट डिवाइस है! हम प्रत्येक डिवाइस के साथ अधिक स्थिरता के लिए प्रयास करना जारी रखते हैं। फोन में 13 एमपी अल्ट्रा-वाइड कैमरा के साथ 50 एमपी प्योरव्यू कैमरा है जो कंटेंट को और भी अधिक विस्तार से कैप्चर करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन (ओआईएस) का उपयोग करता है।

# सेंसेक्स 61,000 के नीचे फिसला, निफ्टी 17,900 से गिरा



**एजेंसी। नई दिल्ली**
शेयर बाजार के लिए बुधवार का दिन गिरावट वाला साबित हो रहा है और सेंसेक्स-निफ्टी में गैपडाउन ओपनिंग हुई है। कल सेंसेक्स 600 अंकों की उछाल के साथ बंद हुआ था लेकिन आज बाजार खुलने के साथ ही करीब 200 अंकों की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 17850 के करीब के स्तर आ रहे हैं। बीएसई का सेंसेक्स 42.21 अंक की गिरावट के बाद 60,990.05 पर खुला था और एनएसई का निफ्टी 33.25 अंक यानी 0.19 फीसदी की कमजोरी के बाद 17,896.60 पर खुला है। शेयर बाजार खुलते ही सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट गहरा गई है और सेंसेक्स 217.11 अंक यानी 0.36 फीसदी की गिरावट के बाद 60,815.15 पर चला गया है। निफ्टी 54.50 अंक यानी 0.3 फीसदी गिरकर 17,875.35 पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स में आज 30 में से केवल 6 शेयरों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है और 24 शेयरों में गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं निफ्टी के 50 में से 14 शेयरों में तेजी देखी जा रही है और 35 शेयरों में कमजोरी दर्ज की जा रही है। एक शेयर बिना किसी बदलाव के साथ कारोबार कर रहा है। आज निफ्टी के सेक्टर्स में से बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, आईटी, फार्मा, पीएसयू बैंक, प्राइवेट बैंक, हेल्थकेयर सेक्टर, कंज्यूमर सेक्टर और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में गिरावट देखी जा रही है।

# अब फोर्ड करेगी 3800 कर्मचारियों की छंटनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
लगातार बड़ी कंपनियों में कर्मचारियों की छंटनी की सिलसिला जारी है। कार बनाने वाली अमेरिका की बड़ी कंपनी फोर्ड ने भी अब कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि बढ़ती लागत को कम करने और स्ट्रक्चर में बदलाव के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। ऐसे में अलगे तीन साल में कंपनी से जुड़े 3,800 लोगों की नौकरी खत्म हो जाएगी। गौरतलब है कि इस छंटनी का असर सबसे ज्यादा यूरोप के कर्मचारियों पर पड़ेगा। ब्रिटेन, जर्मनी जैसे देशों में सबसे ज्यादा लोगों को नौकरी से निकाला जाएगा। ध्यान देने वाली बात ये है कि कंपनी अब अपने इलेक्ट्रिक व्हीकल पर ध्यान देना चाहती है। ऐसे में कंपनी की बाकी लागत को कम करने के लिए इस बड़ी छंटनी का ऐलान किया गया है। कंपनी का कहना है कि इस दौर की छंटना में करीब 2,300, ब्रिटेन में 1,300 और बाकी यूरोप में करीब 200 लोगों की छंटनी की जाएगी। फोर्ड का कहना है कि कंपनी 2025 तक यूरोप में अपने इलेक्ट्रिक व्हीकल का विस्तार करने के लिए काम कर रही है। ऐसे में इस प्लानिंग में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।

# अडाणी मामले की जांच सेबी आरबीआई करे: जयराम रमेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**
कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सेबी चेयरमैन और आरबीआई गवर्नर को पत्र लिखकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) पर अडाणी समूह की वित्तीय अनियमितताओं के प्रभाव की जांच करने का आग्रह किया है। सेबी को लिखे अपने पत्र में, उन्होंने कहा कि कई भारतीय नागरिक इन आरोपों से परेशान हैं कि अडाणी ग्रुप स्टॉक मैनिपुलेशन और अकाउंटिंग फ्रॉड में लिप्त है। कई भारतीय कानूनों के संभावित उल्लंघन के अलावा, यह भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के लिए हर चीज के खिलाफ जाता है। हम आपसे सभी संभावित उल्लंघनों की जांच करने और अडाणी समूह की कंपनियों में निवेश करने वालों के बारे में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं। अडाणी समूह के आकार और राजनीतिक संबंधों को देखते हुए, यह आवश्यक है कि इस तरह



की जांच को निष्पक्ष और पूर्ण रूप से देखा जाए, जिसमें प्रभावशाली व्यावसायिक समूह का कोई पक्ष नहीं है। ऐसा करने में कोई भी विफलता भारतीय कॉर्पोरेट प्रशासन और भारत के वित्तीय नियामकों पर असर डालेगी, और विश्व स्तर पर धन जुटाने की हमारी क्षमता को प्रभावित कर सकती है।उन्होंने कहा, एलआईसी जिस पर 30 करोड़ भारतीय अपने जीवन की बचत के लिए भरोसा करते हैं, को हाल के दिनों में अडाणी समूह के स्टॉक में हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। क्या हमें यह सुनिश्चित नहीं करना चाहिए कि ऐसे सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थान अपने निजी क्षेत्र के समकक्षों की तुलना में अपने निवेश में अधिक रूढ़िवादी हैं और ऊपर से दबाव से मुक्त हैं? आरबीआई को लिखे पत्र में, जयराम ने कहा, आरबीआई को दो पहलुओं पर गौर करना चाहिए: एक, भारतीय बैंकिंग प्रणाली का अडाणी समूह का वास्तविक जोखिम क्या है? दूसरा, अडाणी समूह की स्पष्ट और अंतर्निहित गारंटी क्या है? यह देखते हुए कि अगर विदेशी फंडिंग समाप्त हो जाती है तो क्या भारतीय बैंक इसे उबार लेंगे? क्या आरबीआई यह सुनिश्चित करेगा कि भारतीय बैंकों को विशेष रूप से अडाणी समूह के राजनीतिक संबंधों को देखते हुए विदेशी फाइनेंसिंग में किसी भी कमी को पूरा करने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा।

## सोने और चांदी के दामों में आयी गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की खरीदारी करने के लिए आपको आज ज्यादा खर्च नहीं करना पड़ेगा क्योंकि इनके दाम में गिरावट देखी जा रही है। सोना और चांदी दोनों कीमती मेटल्स ही लाल दायरे में कारोबार कर रही हैं। सोने के ग्लोबल दाम में भी गिरावट आई है और चांदी का ग्लोबल दाम भी नीचे आया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के दाम आज बड़ी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं और सोना 400 रुपये से ज्यादा सस्ता हुआ है। आज के सोने के दाम में कल के मुकाबले 401 रुपये की गिरावट के साथ 56349 पर कारोबार कर रहे हैं। सोना 0.71 फीसदी की गिरावट के साथ 56350 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर कारोबार कर रहा है।एमसीएक्स पर चांदी के भी दाम आज गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। चांदी के ये दाम इसके मार्च वायदा के लिए हैं।

# रेपो रेट बढ़ाने के बाद भी कम नहीं हो रही है महंगाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**
नवंबर और दिसंबर 2022 में खुदरा महंगाई दर आरबीआई के टोलरेंस बैंड 6 फीसदी के नीचे आ गई थी। नवंबर में 5.88 फीसदी और दिसंबर में खुदरा महंगाई दर 5.72 फीसदी रही थी। लेकिन नए साल 2023 के पहले महीने जनवरी में फिर से खुदरा महंगाई दर बेकाबू हो गई और 6.52 फीसदी पर जा पहुंची जो आरबीआई के टोलरेंस बैंड 6 फीसदी से कहीं ज्यादा है। तो बड़ा




सवाल उठता है कि क्या आरबीआई महंगाई पर काबू पाने में विफल हो गया है? आरबीआई ने महंगाई पर लगाम लगाने के लिए बीते 9 महीने में 6 बार पॉलिसी रेट्स में बदलाव करते हुए रेपो रेट में 2.50 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी। इसके बावजूद महंगाई पर काबू पाया नहीं जा सका है। इसके चलते इतना जरुर है कि लोगों की ईएमआई महंगी हो गई है। हालांकि आर्थिक मामलों के जानकार और इंडियन इंस्टीच्युट ऑफ फॉरेन ट्रेड के डायरेक्टर प्रोफेसर मनोज पंत का मानना है कि महंगाई में बढ़ोतरी पर काबू नहीं पाये जाने की जिम्मेदारी आरबीआई पर डालना ठीक नहीं है।

## एसबीआई ने अपने ब्याज दरों में की बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक देश में महंगाई पर लगाम लगाने के लिए लगातार बड़े प्रयास कर रहा है। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल मई से लेकर अब तक अपने रेपो रेट में कुल 2.50 फीसदी का इजाफा किया है। आरबीआई ने 8 फरवरी, 2023 में एक बार फिर अपने रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट्स की बढ़ोतरी की है। इसके बाद कई बैंकों ने अपनी ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। अब इस लिस्ट में देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक यानी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का नाम भी जुड़ गया है।

**पहल**

## रेल मंत्री ने यात्रियों को दी सबसे बड़ी खुशखबरी

# 150 शहरों में शुरू होगा वंदे भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय रेलवे की तरफ से यात्री सुविधाओं पर लगातार काम किया जा रहा है। पिछले दिनों पीएम मोदी ने मुंबई में दो सेमी हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेसको हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। सरकार की तरफ से देश के अलग-अलग कोनों को वंदे भारत ट्रेन से जोड़ा जा रहा है। उम्मीद की जा रही है रेल मंत्रालय अगस्त 2023 तक देश के 150 शहरों को वंदे भारत ट्रेनों से जोड़ने में कामयाब होगा। इसके अलावा रेलवे की साल 2026 तक देश में 400 वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी है। इससे यात्रा करने में सफर कम लगेगा। अब मध्य प्रदेश को भी वंदे भारत ट्रेन का तोहफा मिलने वाला है। एमपी की विश्वि पर्यटन नगरी खजुराहो को रेल परिवहन के



मामले में जल्दी बड़ी सौगात मिलने वाली है। दिल्ली से खजुराहो के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को जल्द शुरू किया जाएगा। इससे जुड़ा आश्वासन केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खजुराहो के सांसद विष्णुदत्त शर्मा को दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो के सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट की। इस दौरान रेलवे मंत्रालय के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव ने बुंदेलखंड क्षेत्र में तेजी से रेल सुविधाओं के विकास का आश्विासन दिया। रेल मंत्री वैष्णव ने सांसद शर्मा को आश?वासन दिया कि ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन का काम तेजी के साथ शुरू होगा। इससे संबंधित भूमि अधिग्रहण के मुद्दे का जल्द ही समाधान निकाला जाएगा। आपको बता दें इससे पहले भी रेल मंत्री खजुराहो के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन करने की बात कह चुके हैं।
रेल मंत्री ने प्रदेशाध्यक्ष को बताया कि दिल्ली से खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस जल्द शुरू होगी। इसके साथ ही खजुराहो रेलवे स्टेशन को क्लास वन बनाने की कार्ययोजना पर काम शुरू हो गया है। इस दौरान खजुराहो सांसद शर्मा ने रेल मंत्री वैष्णव से खजुराहो-बनारस तथा खजुराहो-भोपाल सीधी रेल सेवा शुरू करने का आग्रह किया।

## पेज एक के शेष

### वायब्रेंट विलेज पर...

कहा कि सरकार सहकारी समितियों को मजबूत करेगी, विभिन्न उद्देश्य के लिए अगले पांच साल में दो लाख प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति (पीएसी)/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियां गठित करने का लक्ष्य रखा गया। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में अंतर मंत्रालयीय कमेटी बनाई जाएगी जो तीन स्तरीय योजनाओं को लेकर आगे आएगा। अनुराग ठाकुर ने वायब्रेंट विलेज को लेकर नए फैसले की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वायब्रेंट विलेज प्रोग्राम पर 4800 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और 2500 करोड़ रुपये सड़कों के लिए दिया जाएगा।
**बॉर्डर के गांवों में 24 घंटे बिजली-पानी**
केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बॉर्डर के गांवों को प्राथमिकता सूची में ऊपर बताया और कहा कि यहां पर हर तरीके की सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के बॉर्डर के गांवों में वायब्रेंट विलेज के लिए धन खर्च किया जाएगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इन गांवों में 24 घंटे बिजली-पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### पलामू में पत्थरबाजी...

आधा दर्जन से अधिक दुकानों को नुकसान पंहुचा है, जबकि दो वाहनों को फूंक दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पांकी में महाशिवरात्रि को लेकर तोरण द्वार बनाया जा रहा था। इसी क्रम में एक विशेष समुदाय ने आपत्ति दर्ज कराई। जिसके बाद काम को रोक दिया गया। दोनों पक्षों के बीच मंगलवार से विवाद था। दोनों पक्षों को बुधवार को थाना में बुलाया गया था, लेकिन सुबह आठ बजे के करीब पांकी चौक के पास दोनों पक्ष आपस मे भिड़ गये। जिसके बाद जमकर पत्थरबाजी हुई। इस पत्थरबाजी के दौरान दोनों पक्षों ने काफी तोड़फोड़ की और आगजनी की भी घटना को भी अंजाम दिया। पुलिस ने चार उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ जारी है।
**लेस्लीगंज एसडीपीओ की गाड़ी पर हमला :** घटना में दोनों पक्षों के घायल होने के बाद स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। उपद्रवी पुलिस के साथ भी भिड़ गये। उपद्रवियों ने लेस्लीगंज एसडीपीओ और अन्य पुलिसकर्मियों की गाड़ी के साथ तोड़फोड़ भी की। इस घटना में एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी और अन्य पुलिसकर्मियों को चोटें आयी हैं। हालात को काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि मौके पर पेट्रोल-बम का भी इस्तेमाल किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार पांकी चौक के पास तोरण द्वार बनाने को लेकर यह विवाद मंगलवार को हुआ था। बुधवार को यह विवाद बढ़ गया। जख्मी लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिसकर्मियों का भी इलाज किया जा रहा है, जिस इलाके में यह घटना हुई है, वह इलाका पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदनीनगर से करीब 45 किलोमीटर दूर है। जिला मुख्यालय से भी बड़ी संख्या में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी रवाना हो गए हैं। पूरे इलाके में पुलिस ने गश्त शुरू कर दिया है। इलाका छावनी में तब्दील हो गया है। पांकी, पिपराटांड़, तरहसी, मनातू समेत कई थानों की पुलिस को इलाके में तैनात किया गया है।
**दो दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित :** पलामू जिले में 15 और 16 फरवरी को दूरसंचार इंटरनेट सेवाओं (सभी प्रकार) का अस्थायी निलंबन का आदेश प्रमुख सचिव राजीव अरुण एक्का ने दिया है। जानकारी के अनुसार, प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने एक पत्र जारी करते हुए कहा है कि पलामू जिले में इंटरनेट सेवाओं (सभी प्रकार की) को दो दिनों 15 से 16 फरवरी तक अस्थायी रूप से निलंबित किया जाता है ताकि अराजक तत्वों द्वारा इन सेवाओं का उपयोग अफवाह और झूठी जानकारी फैलाने से रोका जा सके। इससे राज्य में कानून और व्यवस्था की गड़बड़ी हो सकती है। कहा गया है कि यह आदेश सार्वजनिक सुरक्षा को बनाए रखने और सार्वजनिक आपातकाल को टालने के हित में दिया जा रहा है।
**पूरे क्षेत्र में धारा-144 अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू :** जिले के पांकी में दो समूहों के बीच में हुए विवाद से उत्पन्न विधि-व्यवस्था की स्थिति शांतिपूर्ण एवं नियंत्रण में है। जिला प्रशासन स्थिति पर पूरी तरह से निगाह रखे हुए है। प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस के पदाधिकारी दल-बल के साथ स्थल पर कैंप कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में धारा-144 अंतर्गत निषेधाज्ञा लगा दी गयी है।

### कृषि बाजार शुल्क...

साथ ही दुकानें बंद रखी गयी। पलामू, बोकारो, लातेहार, साहेबगंज, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह समेत अन्य जिलों में प्रदर्शन सह धरना दिया गया। उल्लेखनीय है कि खाद्यान्न व्यापार बंद होने के साथ ही आवक भी बंद कर दी गयी है, जिससे खाद्यान्नों की ढुलाई, अनलोडिंग समेत सभी सेवाएं बंद कर दी गयी है। चैंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। चैंबर की ओर से एक महीने पहले ही राज्य सरकार को खाद्यान्न सेवा बंद करने की चेतावनी दी गयी थी। इसके पहले चैंबर की ओर से नेताओं, अधिकारियों, राष्ट्रीय नेताओं समेत अन्य स्तर पर ज्ञापन सौंप विधेयक पर हस्तक्षेप की मांग की गयी लेकिन सरकार की ओर से विधेयक को वापस नहीं लेने पर व्यापारियों ने आंदोलन शुरू किया।

